राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त



दैनिक

हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267

आपकी आवाज को करें बुलन्द...



11 ▶ वर्क फ्रॉम होम या बारिश का जादू? नुसरत...

बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी भारत... ◀ 12

गाजियाबाद, शुक्रवार 10 जुलाई 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्ष: 13 अंक: 123, मूल्य: 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### नैनीताल में बारिश का कहर : 119 मिमी वर्षा से 22 सड़कें बंद, झील का जलस्तर बढ़ा, भूस्खलन से मची दहशत

**नैनीताल (आरएनएस)।** सरोवर नगरी नैनीताल में ऑरेंज अलर्ट के बीच हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। बीती रात शुरू हुई तेज बारिश गुरुवार सुबह तक जारी रही। जिले में 119 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि नैनी झील का जलस्तर बढ़कर 81.3 फीट पहुंच गया है। लगातार हो रही बारिश के कारण एक राज्य मार्ग सहित 22 सड़कें बंद हो गई हैं और कई इलाकों में यातायात पूरी तरह प्रभावित हुआ है।

बारिश के चलते शहर के सात नंबर क्षेत्र और अपर



माल रोड से ऊपर जाने वाले संपर्क मार्ग की सुरक्षा दीवार भूस्खलन की चपेट में आकर ढह गई। सूचना मिलते ही एसडीएम नवाजिश खलीक ने अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और आसपास रहने वाले लोगों से सतर्क रहने तथा अनावश्यक आवाजाही से बचने की अपील की। लगातार बारिश के कारण शहर की सड़कों पर जलभराव हो गया है। नाले उफान पर हैं और लंबे समय से सूखे पड़े प्राकृतिक जलस्त्रोत भी फिर से सक्रिय हो गए हैं। जगह-जगह सड़कों पर पानी बहने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार मानसून पूरी तरह सक्रिय है और अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। बारिश का असर पर्यटन पर भी साफ दिखाई दे रहा है। खराब मौसम के कारण पर्यटकों की संख्या में कमी आई है, जिससे होटल और पर्यटन कारोबार प्रभावित हुआ है। लगातार बारिश से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है।

**कुमाऊं में भी हालात गंभीर**

लगातार बारिश का असर पूरे कुमाऊं मंडल में देखने को मिल रहा है। आयुक्त कार्यालय के अनुसार मंडल की 54 सड़कें बंद हैं, जिनमें बेतालघाट-मुक्तेश्वर, बेतालघाट-खैरना, पिथौरागढ़ का थल-मुनस्यारी मार्ग और खुटानी-धानाचूली राज्य मार्ग प्रमुख हैं। कई क्षेत्रों में बिजली और पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। कमिश्नर दीपक रावत ने सभी जिलाधिकारियों को बंद सड़कों को युद्धस्तर पर खोलने और राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति के एयरफोर्स वन की खिड़कियां बंद, ट्रंप बोले-मैं ईरान का नंबर-1 निशाना

**वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने पर अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष विमान एयरफोर्स वन की खिड़कियों को बंद कर दिया गया है, जो नए संकेत को जन्म देता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को दावा किया कि उनको ईरान से हमेशा खतरा रहता है और वह इस्लामिक देश के दुश्मनों की सूची में नंबर-1 पर बने हुए हैं। ट्रंप ने यह टिप्पणी तब की, जब एयरफोर्स वन में पत्रकारों ने उनसे खिड़कियां बंद करने पर सवाल पूछा था। एयरफोर्स वन में ट्रंप के साथ यात्रा कर रहे पत्रकारों को अपनी सीट के पास लगे पर्दे बंद करने को कहा गया,जिसके बाद पत्रकारों ने ट्रंप से इसका कारण पूछा। ट्रंप ने जवाब दिया, आप शायद



एक खतरनाक उड़ान पर हैं, उन घटिया लोगों की वजह से जिनसे हमें निपटना है। ये (ईरानी) बीमार लोग हैं। ट्रंप ने कहा, मुझे हर समय खतरा रहता है। मैं उनकी सूची में सबसे ऊपर हूं। अगर मैं गया, तो आप (पत्रकार) भी जाएंगे।

तुर्की में नाटो शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद, ट्रंप कतर द्वारा उपहार में दिए गए नए लाल, सफेद और गहरे नीले रंग के जेट विमान के बजाय पुराने हल्के नीले एयर फोर्स वन विमान से अमेरिका लौटे। दरअसल, ट्रंप कतर द्वारा उपहार में दिए गए नए एयर फोर्स वन जेट बोइंग कंपनी के 747-8 विमान से शिखर सम्मेलन में शामिल होने अंकारा गए थे। हालांकि, अंकारा से ब्रिटेन के लिए पुराने एयरफोर्स वन विमान से रवाना हुए।

ट्रंप ने 8 जुलाई को पूर्वी इंग्लैंड के मिल्डेनहॉल में रॉयल एयरफोर्स मिल्डेनहॉल में विमान बदला था और नए एयर फोर्स वन में सवार हुए थे।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद से मिले अखिलेश यादव, गौ संरक्षण और राम मंदिर मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार सुबह लखनऊ में ज्योतिषपीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से शिष्टाचार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दोनों के बीच गौ संरक्षण, सनातन परंपराओं, सामाजिक सरोकारों और समसामयिक राष्ट्रीय विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई।इन दिनों शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद उत्तर प्रदेश में गौ संरक्षण, गौवंश के सम्मान और सनातन मूल्यों के प्रति जनजागरण के उद्देश्य से संचालित अपनी ह्यगविष्ठि (गो-रक्षार्थ धर्मयुद्ध) यात्राह्न के तहत विभिन्न जनपदों का



भ्रमण कर रहे हैं। यात्रा के माध्यम से गौ संरक्षण को जनआंदोलन बनाने, गौवंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने, गौहत्या पर प्रभावी रोक लगाने तथा गौ सेवा एवं सनातन परंपराओं के संरक्षण के लिए समाज को जागरूक किया जा रहा है।भेंट के बाद मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य गौ माता की स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण विषय है, जिस पर गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है।अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसके लिए धर्म नहीं, बल्कि धन और वोट प्राथमिकता हैं।

# गर्ल्स हॉस्टल में जहरीले सांप का कहर, रात में सोते समय 4 छात्राओं को डसा

**लोहरदगा (आरएनएस)।** झारखंड के लोहरदगा जिले से एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां के एक प्राइवेट बोर्डिंग स्कूल के गर्ल्स हॉस्टल में रात के समय

**13 साल की मासूम की मौत, 3 गंभीर**

एक जहरीला करैत सांप घुस आया और गहरी नींद में सो रही 4 मासूम छात्राओं को अपना शिकार बना लिया। इस आसमानी आफत में 13 साल की एक छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य छात्राओं की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। इस हृदयविदारक घटना से स्कूल परिसर और छात्राओं के परिजनों में भारी चीख-पुकार और कोहराम मच गया है।

**रात के अंधेरे में कमरे में घुसा काल, गहरी नींद में सो रही थीं छात्राएं**

अधिकारियों और स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक, यह खौफनाक घटना मंगलवार रात रोचो महुआटोली स्थित सनवसिरा हायर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल में हुई। रोजाना की तरह सभी छात्राएं रात का खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरों में सोने के लिए चली गई थीं। रात करीब




11 बजे, जब सभी बच्चियां गहरी नींद में थीं, तभी एक अत्यधिक जहरीला करैत सांप रात के अंधेरे में चुपके से उनके कमरे में घुस गया और एक के बाद एक चार छात्राओं को डस लिया।

**अस्पताल पहुंचते ही एक को डॉक्टरों ने किया मृत घोषित, रिम्स रेफर**

सांप के काटने से छात्राओं के अचानक चिल्लाने की आवाज सुनकर स्कूल के शिक्षक और हॉस्टल वार्डन तुरंत कमरे की तरफ भागे। घटना का पता चलते ही आनन-फानन में रात को ही चारों घायल छात्राओं को इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचाया गया। हालांकि, अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने 13 वर्षीय मासूम छात्रा वर्षा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल तीन अन्य छात्राओं में से एक फुलमनिया की हालत बेहद नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज रेफर कर दिया गया है। बाकी दो छात्राओं का लोहरदगा सदर अस्पताल में गहन इलाज चल रहा है, जहां डॉक्टरों की एक विशेष टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है।

## देशभर में बारिश का कहर

# महाराष्ट्र-गुजरात में बाढ़ जैसे हालात, एमपी में गिरी 5 मंजिला इमारत, राजस्थान की सड़कें बनीं दरिया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के कई राज्यों में लगातार हो रही भारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में मूसलाधार बारिश के कारण बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। नदियां उफान पर हैं, सड़कें निचले क्षेत्रों में पानी भरने से लोगों का जनजीवन प्रभावित हुआ है और प्रशासन राहत एवं बचाव कार्यों में जुटा हुआ है।

राजस्थान के जोधपुर समेत कई शहरों में भारी बारिश के कारण सड़कें नदी का रूप ले चुकी हैं। जलभराव से यातायात प्रभावित हुआ है



जलमग्न हो गई हैं और कई स्थानों पर यातायात पूरी तरह बाधित है।

महाराष्ट्र के नासिक, मुंबई और पुणे में सबसे ज्यादा असर देखने को मिल रहा है। नासिक में गोदावरी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। त्र्यंबकेश्वर क्षेत्र में दो गांवों को जोड़ने वाला पुल और सड़क तेज बहाव में बह गए हैं।

यह मार्ग प्रसिद्ध त्र्यंबकेश्वर मंदिर की परिक्रमा का हिस्सा भी था। सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने श्रद्धालुओं की एंट्री अगले दो दिनों के लिए रोक दी है।गुजरात के सूरत और नवसारी में लगातार बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। और लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मध्य प्रदेश के जबलपुर में लगातार बारिश के बीच एक पांच मंजिला इमारत ढह गई। राहत और बचाव दल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। फिलहाल किसी बड़े जानमाल के नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

मौसम विभाग ने कई राज्यों में अगले कुछ दिनों तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने, अनावश्यक यात्रा से बचने और स्थानीय प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

# केजरीवाल ने सरकार से की बड़ी मांग, पेट्रोल की कीमत 82 रुपये होनी चाहिए, 102 रुपये नहीं

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी कटौती की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का फायदा ग्राहकों को नहीं मिला है। पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल ने मांग की कि पेट्रोल की कीमत मौजूदा 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह तेल मार्केटिंग कंपनियों को नाजायज मुनाफा कमाने दे रही है। केजरीवाल ने कहा कि पेट्रोल 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर मिलना चाहिए और डीजल की कीमतें भी कम होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि कच्चे तेल की




कम कीमतों का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2014 के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कई बार गिरी हैं, लेकिन इसका असर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर नहीं दिखा।

# कर्नाटक में भीषण सड़क हादसा : लॉरी से टकराई कार, सात लोगों की मौत, दो गंभीर

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गुरुवार तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-52 पर येल्लापुर थाना क्षेत्र के अराबैल घाट स्थित बालागारा क्रॉस के पास रात करीब 1:30 बजे हुआ।

पुलिस के अनुसार, धारवाड़ से धर्मस्थल और चिकमगलूर की यात्रा पर जा रही एक एमयूवी (मल्टी यूटिलिटी व्हीकल) की सामने से आ रही लॉरी से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के समय वाहन में चालक समेत नौ लोग सवार



थे। घायल दोनों लोगों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हुबली के केआईएमएस अस्पताल रेफर कर दिया गया। उनका उपचार जारी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने बताया कि चालक संजीव कथित तौर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी दौरान वाहन सड़क की दाईं ओर चला गया और अंकोला की ओर से आ रही लॉरी से आमने-सामने टकरा गया। पुलिस के अनुसार, चालक एक फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म के साथ पार्ट-टाइम डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के रूप में भी काम करता था। मृतकों की पहचान चालक संजय अंगड़ी (33), बसवराज (48), अभिषेक ईश्वर (28), अक्षय (26), अभिषेक (26), मंजूनाथ चुलाकी (32) तथा एक अन्य व्यक्ति के रूप में हुई है। सभी मृतक धारवाड़ के निवासी थे और धार्मिक यात्रा पर निकले थे। सातवें मृतक की पहचान की प्रक्रिया जारी है। घायल शिवराज की शिकायत के आधार पर येल्लापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 281 (तेज या लापरवाही से वाहन चलाना), 125(2) (दूसरों की जान या सुरक्षा को खतरे में डालकर गंभीर चोट पहुंचाना) और 106(1) (लापरवाही से मौत का कारण बनना) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

## राजनीति

## भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल

# 2027 का चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का चुनाव होगा: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार स्वास्थ्य, कानून व्यवस्था, किसानों, नौजवानों और महिलाओं की सुरक्षा सहित हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव केवल सरकार बदलने का नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को बचाने का चुनाव होगा।

लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी के राज्य मुख्यालय के लोहिया सभागार में नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को समय पर इलाज नहीं मिल रहा, दवाइयों और चिकित्सकों की कमी बनी हुई है तथा आम लोगों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है।कानून व्यवस्था के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और मेरठ में पुलिस की कथित बर्बर कार्रवाई ने सरकार के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार पुलिस का दुरुपयोग कर रही है तथा निर्दोष लोगों पर अत्याचार और विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास लोकतंत्र के लिए चिंताजनक है। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध, दलितों और पिछड़ों पर अत्याचार तथा किसानों और युवाओं की समस्याओं के प्रति



सरकार पूरी तरह असंवेदनशील है।अखिलेश यादव ने दावा किया कि भाजपा सरकार के "अत्याचार और अन्याय" का अंत निकट है और उत्तर प्रदेश से बदलाव की शुरूआत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता वर्ष 2027 में भाजपा सरकार को सत्ता से बाहर करने का निर्णय लेगी।राम मंदिर के चढ़ावे से जुड़े कथित प्रकरण का उल्लेख करते हुए सपा प्रमुख ने भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले ने भाजपा का वास्तविक चरित्र उजागर कर दिया है और भगवान के नाम पर राजनीति करने वालों की सच्चाई जनता के सामने आ चुकी है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि भाजपा को अपना नाम बदलकर "भाचपा (भारतीय चोर पार्टी)" कर लेना चाहिए।महिला आरक्षण के मुद्दे पर अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी शुरू से ही महिला आरक्षण की समर्थक रही है। हालांकि, उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण को जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तों से जोड़कर उसके क्रियान्वयन में देरी करना उचित नहीं है। उनके अनुसार महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार बिना किसी विलंब के मिलना चाहिए।उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने, जनता के बीच जाकर भाजपा सरकार की नीतियों को उजागर करने और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर उत्तर प्रदेश में संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और विकास की नई शुरूआत की जाएगी।

# बारिश ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह पर फेरा पानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष व महासचिव सहित अन्य पदाधिकारी के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व

- जिलाधिकारी कुमार हर्ष व एसएसपी दिनेश कुमार सिंह कार्यक्रम के बीच में ही कुर्सी छोड़ गए
- सांसद, विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं भाजपा जिला अध्यक्ष भी कार्यक्रम में शिरकत करने नहीं पहुंचे

में निर्धारित किए गए कैबिनेट मंत्री जल शक्ति विभाग परन्तु किसी कारणवश उनके स्थान पर बदले गए सुनील कुमार शर्मा इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग मंत्री, जो कार्यक्रम में 02 घंटे की देरी से पहुंचे,जिलाधिकारी कुमार हर्ष एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह भी कार्यक्रम के बीच में ही कुर्सी छोड़ चले गए। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे सांसद भोला सिंह, सदर विधायक प्रदीप चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष अतुल तेवतिया और भाजपा जिला अध्यक्ष विकास चौहान भी नहीं पहुंचे। सभी अधिवक्ताओं को नहीं मिल पाया मिष्ठान। अनेक अधिवक्ताओं द्वारा कार्यक्रम की आलोचना की।



अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, महासचिव धर्मेंद्र सिंह खालोर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय भगवान सिंह , उपाध्यक्ष राजवीर यादव, तमकीन अहमद, सीमा साईं , ईश्वर प्रताप सिंह चौहान,कोषाध्यक्ष कविता रानी गुप्ता, सहसचिव पुलकित गुप्ता, ब्रजमोहन सिंह, सोनाली सिंह, वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य प्रशांत कुमार जोहरी सहित अन्य एवं कनिष्ठ कार्यकारी सदस्य नवीन गिरि व देवकीनंदन को जिला जज सहित अन्य ने शपथ दिलाई। वरिष्ठ अधिवक्ता रामदास शर्मा द्वारा बताया गया कि पदाधिकारी द्वारा न्यायाधीशों पर दबाव डालकर कोई कार्य नहीं कराये बल्कि ईमानदारी से निष्पक्ष कार्य होते रहे। कार्यक्रम में मंत्री सुनील कुमार शर्मा,जनपद न्यायाधीश संजय सिंह, अध्यक्ष बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश किशोर गौड, जिलाधिकारी कुमार हर्ष, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित अन्य न्यायाधीशगण का बुके देकर स्वागत किया गया।

# करंट की चपेट में आने से बिजली विभाग के संविदाकर्मी की दर्दनाक मौत, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के सिद्धेश्वर मंदिर रोड स्थित गांव किला मेवई में सर्विस केबल की मरम्मत के दौरान करंट लगने से बिजली विभाग के एक संविदाकर्मी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।



जानकारी के अनुसार, गांव फतेहपुर बुजुर्ग निवासी 26 वर्षीय सनी पिछले दो वर्षों से बिजली विभाग के 5 नंबर विद्युत उपकेंद्र पर संविदाकर्मी के रूप में कार्यरत था। बताया जा रहा है कि वह गांव किला मेवई में सर्विस केबल की मरम्मत करने पहुंचा था। इसी दौरान विद्युत आपूर्ति चालू होने से वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गौरतलब है कि पिछले एक महीने के भीतर करंट लगने से बिजली विभाग के दूसरे संविदाकर्मी की मौत हुई है। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली और सुरक्षा मानकों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने विभाग से संविदाकर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

# सोशल मीडिया पर आत्महत्या की चेतावनी वाली रील पोस्ट करने वाले युवक को पुलिस ने समय रहते बचाया, काउंसिलिंग से मिली नई उम्मीद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गुलावठी।** सोशल मीडिया पर आत्महत्या की चेतावनी देते हुए रील पोस्ट करने वाले 18 वर्षीय इंटरमीडिएट पास युवक का जीवन पुलिस की तत्परता से बच गया। युवक द्वारा पोस्ट की गई रील पर मेटा से प्राप्त अलर्ट के बाद पुलिस तत्काल सक्रिय हुई और युवक का पता लगाकर उससे संपर्क किया। पुलिस ने युवक एवं उसके परिजनों से बातचीत कर उसकी काउंसिलिंग कराई, जिसके बाद युवक ने सकारात्मक सोच के साथ नया जीवन शुरू करने का भरोसा दिया।

जानकारी के अनुसार, युवक ने मानसिक तनाव के चलते सोशल मीडिया पर आत्महत्या करने की चेतावनी वाली रील साझा की थी। रील पर मेटा से अलर्ट मिलने के बाद गुलावठी पुलिस ने बिना देर किए युवक की तलाश शुरू की और उसे सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया।

इसके बाद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र शर्मा, कस्बा इंचार्ज संजेश कुमार तथा हेड कांस्टेबल प्रवीण तोमर ने युवक और उसके परिवार से मुलाकात की। पुलिस अधिकारियों ने युवक की समस्याओं को गंभीरता से सुना, उसे समझाया और जीवन के महत्व के बारे में प्रेरित किया। काउंसिलिंग के दौरान युवक ने आत्मघाती विचारों को त्यागने और सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया।

युवक के परिजनों ने पुलिस की संवेदनशीलता, तत्परता और मानवीय व्यवहार की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस समय रहते कार्रवाई नहीं करती तो कोई अप्रिय घटना हो सकती थी। गुलावठी पुलिस ने लोगों से भी अपील की है कि यदि कोई व्यक्ति मानसिक तनाव से गुजर रहा हो तो वह अपने परिवार, मित्रों या संबंधित विशेषज्ञों से खुलकर बात करे। किसी भी कठिन परिस्थिति में आत्महत्या जैसा कदम समाधान नहीं है और समय पर सहायता लेने से हर समस्या का रास्ता निकाला जा सकता है।

# अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा नाला एवं नाली सफाई कार्यो का किया गया स्थलीय निरीक्षण

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिकारपुर ।** नगर में लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद शिकारपुर द्वारा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में वीरवार को अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित नाला एवं नाली सफाई कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने सफाई प्रभारी जामिन अली व संबंधित कार्यवाहक सफाई नायक एवं सफाई कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर के सभी प्रमुख नालों एवं नालियों की नियमित एवं प्रभावी सफाई सुनिश्चित की जाए, जिससे वर्षा के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो तथा वर्षाजल का निर्बाध निकास बना रहे।उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि नगर के किसी भी क्षेत्र से जलभराव अथवा जल निकासी संबंधी शिकायत प्राप्त होती है, तो संबंधित टीम तत्काल मौके पर पहुँचकर प्राथमिकता के आधार पर उसका त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करे। साथ ही जलभराव संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखते हुए आवश्यक संसाधनों एवं कर्मचारियों की उपलब्धता बनाए रखने के भी निर्देश दिए।

अधिशासी अधिकारी ने नगरवासियों से भी अपील की कि वे नालों एवं नालियों में कूड़ा-कचरा, प्लास्टिक, पॉलीथिन अथवा अन्य अपशिष्ट सामग्री न डालें। ऐसा करने से जल निकासी बाधित होती है, जिसके परिणामस्वरूप वर्षा के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त नगर के निर्माण में नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। अतः सभी नागरिक नगर को स्वच्छ बनाए रखने तथा नालों-नालियों को अवरुद्ध होने से बचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। नगर पालिका परिषद शिकारपुर नागरिकों को बेहतर एवं सुचारु जनसेवाएँ उपलब्ध कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। वषार्काल के दौरान जलभराव की समस्या से नगरवासियों को राहत प्रदान करने हेतु पालिका की टीमें निरंतर सक्रिय रहकर कार्य कर रही हैं तथा प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# सड़क हादसे में बाइक सवार पुलिस कर्मी की दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** सड़क हादसे में बाइक और पिक अप की आमने सामने की हुई जोरदार भिड़ंत

- पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भेजा
- ड्यूटी से घर लौट रहा था मृतक पी ए सी जवान

में बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतक पी ए सी में तैनात जवान अपनी ड्यूटी करके बाइक पर सवार होकर घर लौट रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भिजवाया। पिक अप चालक मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा। गुरुवार की सुबह औरंगाबाद जहांगीराबाद रोड पर रतनपुर भट्टे के सामने तीव्र गति से आ रही एक पिक अप ने एक बाइक को टक्कर मार दी।



पिक अप की टक्कर लगते ही बाइक सवार युवक उछल कर दूर सड़क पर जा गिरा। बाइक से टकराकर पिक अप भी पलट गई। पिक अप में ट्रांस्फार्मर लदे हुए थे। बाइक सवार की पहचान जेब में मिले कागजों से प्रशांत जाटव निवासी ग्राम जवासा थाना खानपुर के रूप में हुई। प्रशांत 41 बटालियन पी ए सी गाजियाबाद में तैनात थे और अपनी ड्यूटी करके बाइक से गांव वापस लौट रहे थे।

घटना की सूचना पाते ही औरंगाबाद थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने मोर्चरी भिजवाया। सड़क पर पलटी ट्रांस्फार्मर लदी पिक अप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया जबकि चालक मौके से भाग निकलने में कामयाब रहा।मृतक के परिजनों और बटालियन को घटना की सूचना दे दी गई है। गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मौके पर पहुंचे परिजनों के करुण क्रंदन को सुनकर हर आंख नम हो गई।पुलिस सरगर्मी से सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर चालक की तलाश में जुटी हुई है।

# अधिशासी अधिकारी की तत्परता से मेन बाजार में जल भराव से व्यापारियों को मिली निजात

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद ।** मैन बाजार में जल भराव की समस्या अधिशासी अधिकारी की तत्परता से फिलहाल काबू में है। चौराहे पर नाले के उपर लगे जाल को हटवा कर नगर

**ईओ रोहित कुमार ने सुबह से बाजार का किया मौका मुआयना**

पंचायत ने मेन बाजार में जलभराव की समस्या का अस्थाई रूप से हल निकाला।

बुधवार को मानसूनी बारिश शुरू होने पर कस्बे के मेन बाजार में व्यापारियों को जल भराव की आशंका सताने लगी। देर शाम पानी निकलने का रास्ता अवरूद्ध हो जाने के चलते मेन बाजार में पानी का जलभराव शुरू हो गया। अनेक व्यापारियों ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार को स्थिति से अवगत कराया। ई ओ ने अधिनस्थों को मौके पर भेजा और समस्या समाधान के निर्देश दिए। कर्मचारियों ने चौराहे के निकट नाले पर लगे जाल में पिन्नी कूड़ा करकट इकठ्ठा हो जाने के चलते नाला चोक हो जाने के चलते जाल को हटवा कर साफ सफाई कराई जिसके बाद जल भराव खत्म हो गया।



गुरुवार सुबह अधिशासी अधिकारी ने मेन बाजार पहुंच कर मौका मुआयना किया। घूम-फिर कर स्थिति का जायजा लिया। फिलहाल कस्बे के व्यापारियों ने जलभराव समस्या का अस्थाई रूप से निदान हो जाने के चलते राहत की सांस ली है। व्यापारियों का कहना है कि जब तक चौराहे स्थित नाले की चौड़ाई नहीं बढाई जायेगी जल भराव समस्या का स्थाई समाधान असंभव है। अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार ने बताया कि मेन बाजार में जल भराव समस्या का स्थाई समाधान अवश्य कराया जायेगा। शकील अहमद विजय सिंह, सहित अनेक कर्मचारी सफाई कर्मचारी आदि उनके साथ रहे।

# क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा कांवड़ मार्गों का निरीक्षण किया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा-2026 के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी यातायात भरत कुमार सोनकर द्वारा जनपद के प्रमुख कांवड़ मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, बैरिकेडिंग, डायवर्जन प्वाइंट, पार्किंग स्थलों, संवेदनशील स्थानों तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात द्वारा संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा के दौरान यातायात संचालन को सुचारू बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। साथ ही दुर्घटना संभावित स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने तथा यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन



कराने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक यातायात राजपाल तोमर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद पुलिस कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

# महावीर रौसा बने राष्ट्रीय मानव पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**औरंगाबाद/बुलंदशहर ।** तेज तर्रार गूर्जर नेता महावीर रौसा को राष्ट्रीय मानव पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश शेट्टी

- राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश शेट्टी ने सौंपी प्रदेश चुनाव की कमान
- सभी चार सौ तीन सीटों पर जोर शोर से लड़ेगी पार्टी विधानसभा चुनाव

ने आगामी विधानसभा चुनावों में प्रदेश की कमान महावीर रौसा को सौंपी। राष्ट्रीय मानव पार्टी के कनाट पैलेस नई दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश शेट्टी ने तेज तर्रार गूर्जर नेता महावीर रौसा को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने की घोषणा करते हुए आगामी 2027 विधानसभा चुनावों की कमान सौंपी। तथा उन्हें विधानसभा चुनावों की तैयारी में युद्व स्तर पर जुट जाने के निर्देश दिए।




नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष महावीर रौसा ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेश का पालन करते हुए कहा कि हमारी पार्टी पूरे प्रदेश की सभी 403 सीटों पर विधानसभा चुनाव पूरी ताकत लगाकर जोर-शोर से लड़ेगी। प्रदेश की जनता वर्तमान सरकार की गलत नीतियों,पूरे प्रदेश में व्याप्त भृष्टाचार, बेरोजगारी और दिनों दिन बढ़ती मंहगाई से तंग आकर सत्ता परिवर्तन का मन बना चुकी है। महावीर रौसा ने बताया कि वे रविवार को लखनऊ पहुंच रहे हैं।

# बुलंदशहर में भारी बारिश, आकाशीय बिजली और तेज हवा का अलर्ट, प्रशासन ने जारी की एडवाइजरी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) की चेतावनी के अनुसार जनपद बुलंदशहर में अगले 24 घंटे के दौरान मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं तथा मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। इसे देखते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों से सतर्कता बरतने और अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलने की अपील की है।

प्राधिकरण ने लोगों से मौसम विभाग की चेतावनियों पर लगातार नजर रखने, सुरक्षित भवन में रहने तथा जलभराव वाले क्षेत्रों से बचने की सलाह दी है। आकाशीय बिजली चमकने की स्थिति में तुरंत खुले स्थान, पेड़ों और बिजली के खंभों से दूर जाने को कहा गया है।

साथ ही लोगों को पेड़ों के नीचे, खेतों या खुले मैदान में न रुकने, नदियों, नालों और जलभराव वाले रास्तों को पार करने का प्रयास न करने तथा बिजली कड़कने के दौरान मोबाइल चार्जिंग या अन्य विद्युत उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचने की हिदायत दी गई है। प्रशासन ने अफवाहों से दूर रहने और केवल प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करने की अपील की है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने नागरिकों से सावधानी बरतते हुए सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने का अनुरोध किया है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

**गिरफ्तार** | **मोबाइल व 27 दस्तावेज बरामद**

# 1.83 करोड़ रुपए के साइबर फ्रॉड का आरोपी खाता धारक गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** साइबर क्राइम थाना पुलिस ने लगभग 1 करोड़ 83 लाख रुपये के साइबर फ्रॉड से जुड़े मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन तथा फर्जी फर्म और बैंक खाते से संबंधित 27 महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, साइबर ठगी में इस्तेमाल किए जा रहे एक म्यूल बैंक खाते के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों–उड़ीसा, चंडीगढ़, दिल्ली, कर्नाटक, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश–में कुल 9 शिकायतें दर्ज थीं। जांच के दौरान मेरठ निवासी सतीश भारद्वाज और स्याना निवासी कृष्ण





विरक्त के नाम सामने आए। गुरुवार को साइबर क्राइम पुलिस ने सतीश भारद्वाज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अपने साथी कृष्ण विरक्त के साथ मिलकर एक फर्म बनाकर उसके नाम पर करंट अकाउंट खुलवाया था, जिसमें साइबर ठगी की रकम जमा कराई जाती थी। पुलिस के मुताबिक, इस खाते में अब तक करीब 1.83 करोड़ रुपये का लेन-देन हो चुका है। पुलिस ने बताया कि सह-आरोपी कृष्ण विरक्त पहले से ही दिल्ली पुलिस द्वारा एक साइबर फ्रॉड मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है और वर्तमान में तिहाड़ जेल में बंद है। उसे इस मामले में भी तलब करने की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ दिल्ली, गाजियाबाद, बेंगलुरु, मुंबई और बुलंदशहर सहित विभिन्न राज्यों में साइबर धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# लगातार बारिश से मस्जिद की दीवार गिरी दो लोगों की दर्दनाक मौत

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बुलंदशहर।** जनपद में लगातार हो रही बारिश लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। शुक्रवार को खुर्जा क्षेत्र के गांव मुंडाखेड़ा में एक दर्दनाक हादसा हो गया, जहां बारिश के बीच मस्जिद की दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार की चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।





बताया जा रहा है कि हादसे का शिकार हुआ परिवार मस्जिद की दीवार के सहारे टैंट लगाकर रह रहा था। अचानक दीवार गिरने से टैंट मलबे में दब गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर मलबे में दबे सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। घायलों में से दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही सीओ, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है, जबकि लगातार हो रही बारिश के बीच क्षेत्र में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

# बारिश में नाला हुआ ओवरफ्लो, सडक पर भरा पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** पिछले एक वर्ष से लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद नाले की सफाई नहीं कराई गई।स्थिति यह है कि तीन वर्ष पहले बने इस नाले की आज तक एक बार भी सिल्ट (गाद) की सफाई नहीं हुई, जिसके कारण अब बारिश में नाला ओवरफ्लो हो रहा है और क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।




यदि समय रहते नालों की नियमित सफाई और सिल्ट हटाने का कार्य किया जाता, तो आज यह स्थिति पैदा नहीं होती। नगर निगम से अनुरोध है कि नाले की तत्काल सिल्ट सफाई कराई जाए।जलभराव वाले क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए।भविष्य में वर्षा ऋतु से पहले सभी नालों की नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए।नियमित रखरखाव की अनदेखी का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। अब समय आ गया है कि इस समस्या का स्थायी समाधान किया जाए।

# निटरा टेक्निकल कैंपस के छात्र सत्यम को राज्यपाल ने प्रदान किया स्वर्ण पदक

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** निटरा टेक्निकल कैंपस (एनटीसी), गाजियाबाद के लिए गर्व का क्षण रहा, जब बी.टेक. (टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी) के छात्र सत्यम को शैक्षणिक सत्र 2022-26 में कार्पेट एवं टेक्सटाइल ग्रुप में उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU), लखनऊ के दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति ने सत्यम को स्वर्ण पदक प्रदान किया। समारोह में प्राविधिक शिक्षा मंत्री , विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. जय प्रकाश पांडे तथा निटरा टेक्निकल कैंपस के निदेशक डॉ. बी. के. शर्मा भी उपस्थित रहे। सत्यम ने बी.टेक. कार्यक्रम में 8.59 सीजीपीए प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च स्थान हासिल किया।





उनकी इस उपलब्धि को उनकी मेहनत, लगन और उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का परिणाम बताया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. बी. के. शर्मा ने सत्यम को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे निटरा टेक्निकल कैंपस परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता संस्थान में उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुभवी संकाय और अनुशासित शैक्षणिक वातावरण का प्रमाण है। संस्थान के महानिदेशक डॉ. एम. एस. परमार ने भी सत्यम को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के सभी प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनकी सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वर्ण पदक प्राप्त करने के बाद सत्यम ने कहा कि यह सम्मान उनके लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों तथा निटरा टेक्निकल कैंपस के सहयोगपूर्ण एवं उत्कृष्ट शैक्षणिक वातावरण को दिया। उन्होंने भविष्य में टेक्सटाइल उद्योग में एक सफल वस्त्र अभियंता बनकर देश और समाज की सेवा करने तथा संस्थान का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने का संकल्प व्यक्त किया।

# वार्ड-50 के नूर नगर में चोक सीवर से सड़कों पर गंदा पानी, उखड़ते मैनहोल के ढक्कनों से हादसे का खतरा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** नगर निगम के वार्ड संख्या-50 स्थित नूर नगर में पीएनबी बैंक के सामने प्राचीन शिव मंदिर वाली गली सहित आसपास के क्षेत्र में सीवर लाइन लंबे समय से चोक होने के कारण स्थानीय नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश होते ही सीवर का गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है और पानी के तेज दबाव से कई स्थानों पर मैनहोल के ढक्कन अपने स्थान से ऊपर उठ जाते हैं। इससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। सड़क पर फैली गंदगी, दुर्गंध और जलभराव के कारण आमजन का आवागमन बाधित हो रहा है तथा संक्रामक बीमारियों का खतरा भी लगातार बढ़ रहा है।इस गंभीर समस्या की शिकायत जलकल विभाग को जनसुनवाई पोर्टल एवं व्हाट्सएप के माध्यम से कई बार की जा चुकी है। संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्थिति से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। लगातार शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न होने से क्षेत्रवासियों में भारी रोष व्याप्त है।भाजपा किसान मोर्चा, महानगर गाजियाबाद के सोशल मीडिया प्रभारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर प्रवीण त्यागी ने नगर निगम एवं जलकल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र की सीवर लाइन की तत्काल मशीनों से सफाई कराई जाए, क्षतिग्रस्त एवं उखड़ते मैनहोलों की मरम्मत कराई जाए तथा समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो बरसात के दौरान किसी भी समय बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग की होगी।




# तीन इंजन की सरकार में पहली बरसात ने नगर निगम के विकास के दावों की पोल खोल दी : सलीम सैफी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष सलीम अहमद (सैफी) ने कहा कि एक माह से जारी उमस भरी गर्मी के बाद हुई पहली बरसात ने जहां शहरवासियों को राहत दी, वहीं भारतीय जनता पार्टी की तथाकथित "तीन इंजन की सरकार" के विकास संबंधी दावों की वास्तविकता भी सामने ला दी।

उन्होंने कहा कि 8 जुलाई, बुधवार को हुई बारिश के बाद गाजियाबाद की अनेक कॉलोनियां जलमग्न हो गईं। सड़कों पर पानी भर गया और कई स्थानों पर बारिश का पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया। नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन पहली ही बरसात में शहर की बदहाल व्यवस्थाएं उजागर हो गई हैं।

सलीम सैफी ने विशेष रूप से इन्दिरापुरम के ज्ञान खण्ड-3 का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की अंदरूनी सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया है। ग्राउंड फ्लोर पर रहने वाले अनेक परिवारों के घरों में बारिश का पानी घुस गया, जिससे सैकड़ों परिवारों का जनजीवन प्रभावित हुआ है और उन्हें भारी आर्थिक एवं मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।




उन्होंने कहा कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा इन्दिरापुरम कॉलोनी नगर निगम को हस्तांतरित किए जाने के साथ-साथ उसके विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये भी उपलब्ध कराए गए थे। इसके बावजूद नगर निगम द्वारा कराए जा रहे नालों एवं सीवर लाइन के निर्माण कार्यों में गंभीर तकनीकी खामियां हैं। स्थानीय नागरिकों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद नगर निगम के अभियंता आवश्यक सुधार नहीं कर रहे हैं, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

सलीम सैफी ने नगर निगम से मांग की कि इन्दिरापुरम सहित जलभराव से प्रभावित सभी क्षेत्रों में तत्काल जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था की जाए, निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए तथा दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में नागरिकों को ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।

# सृजनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल, एस.एस.बी. शाखा के विद्यार्थियों ने "वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 एक पेड़ माँ के नाम" के अंतर्गत आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता, जिसका आयोजन गाजियाबाद रेंज, सामाजिक वानिकी प्रभाग, गाजियाबाद द्वारा किया गया था, में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। पुरस्कार प्राप्त विद्यार्थीः कुशाग्र चौधरी (कक्षा 10 'स') – प्रथम पुरस्कार वंशिका पनाचे (कक्षा 11 'अ') – द्वितीय पुरस्कार ऋत्विक पायसी (कक्षा 10 'स') – तृतीय पुरस्कार अतिशा दूबे (कक्षा 10 'ब') – सांत्वना पुरस्कार पूर्वा कौशिक (कक्षा 11 'ब') – सांत्वना पुरस्कार विजेता विद्यार्थियों को जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इस गौरवपूर्ण अवसर पर विद्यालय के माननीय चेयरमैन सर डॉ० सुभाष जैन भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाने हेतु उपस्थित रहे। उनके स्नेहिल आशीर्वाद, प्रेरणादायी शब्दों एवं निरंतर प्रोत्साहन ने विद्यार्थियों का उत्साह कई गुना बढ़ा दिया।



यह उपलब्धि विद्यार्थियों की प्रतिभा, सृजनात्मक सोच, परिश्रम एवं समर्पण का प्रतीक है। विद्यालय परिवार सभी विजेता विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा मार्गदर्शक शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करता है। सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, रचनात्मक अभिव्यक्ति एवं उत्कृष्टता को निरंतर प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 एक पेड़ माँ के नाम चित्रकला प्रतियोगिता विद्यार्थी उपलब्धि रचनात्मकता सम्मान उत्कृष्टता सर्वांगीण विकास।

# सुल्तानपुर गांव को कभी भी हिंदू मुस्लिम अखाड़ा नहीं बनने दूंगा: मनोज चौधरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** थाना मुरादनगर में एक बच्ची के मामले को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा लगाए आरोप और हंगामा के बाद लगातार हो रहे वीडियो वायरल को लेकर अब मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गांव सुल्तानपुर के पूर्व प्रधान मनोज चौधरी ने कहा कि यह मेरे खिलाफ एक राजनीतिक साजिश है। हिंदू संगठन से जुड़े लोग वायरल वीडियो में दिए बयान पर माफी मांगे अन्यथा उनके खिलाफ वह मानहानि का मुकदमा व अन्य कानूनी कार्यवाही करेंगे। सुल्तानपुर के पूर्व ग्राम प्रधान मनोज चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि वह सुल्तानपुर गांव को हिन्दू मुस्लिम राजनीतिक अखाडा नहीं बनने देंगे उसके लिए चाहे जो भी बलिदान करना पड़े वह बलिदान देने के लिए तैयार हैं। पूर्व प्रधान मनोज चौधरी ने कहा कि अपराधी की कोई जाती और कोई धर्म नहीं होता, वह केवल अपराधी होता है। मनोज चौधरी ने भाजपा के पदाधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह गांव में हिन्दू मुस्लिम के नाम पर केवल राजनीति करना चाहते है। पूर्व ग्राम प्रधान का आरोप है कि भाजपा का एक स्थानीय पदाधिकारी गांव में हिन्दू मुस्लिम के नाम पर सांप्रदायिक तनाव पैदा करना चाहता है।

**मुरादनगर थाने में हंगामा के मामले ने पकड़ा तूल, पूर्व प्रधान ने हिंदू संगठनों द्वारा लगाए गए आरोपों का किया खंडन**




उन्होंने आरोप लगाया हिन्दू संगठन से जुड़े कुछ लोगो व महिलाओं ने उनके परिवार की महिलाओं के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करी जिससे वह काफी आहत हैं। पूर्व ग्राम प्रधान मनोज चौधरी ने चेतावनी दी है कि हिन्दू संगठन से जुड़े लोग या तो सार्वजनिक रूप से माफी मांगे अन्यथा वह उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा व अन्य कानूनी कार्यवाही करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग मेरी इमेज खराब करने की हर मुमकिन कोशिश करने में लगे हैं, लेकिन वो भूल गए कि जिसका साथ ऊपरवाला दे, उसका कोई क्या बिगाड़ेगा। मैं ना गलत करता हूं और ना कभी गलत का साथ देता हूं। और ना ही सुल्तानपुर गांव को कभी भी हिंदू मुस्लिम अखाड़ा बनने दूंगा। इस अवसर पर नवीन चौधरी, अनुज चौधरी, मुन्नी त्यागी, बबलू कसाना, सुरेंद्र यादव, अजय त्यागी, टेंमपाल चौधरी, नवनीत, अरुण, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

# गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में लगातार बारिश के बीच पेड़ गिरा, बड़ा हादसा टला

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसायटी में गुरुवार को सेंट्रल पार्क के अंदर से बाहर की ओर एक बड़ा पेड़ अचानक गिर गया। मंगलवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण पेड़ की जड़ें कमजोर हो गई थीं, जिसके चलते यह घटना हुई।




गनीमत रही कि जिस समय पेड़ गिरा, उस समय उसके नीचे कोई वाहन खड़ा नहीं था और न ही वहां से कोई व्यक्ति गुजर रहा था। यदि उस समय वहां कोई वाहन या राहगीर होता, तो बड़ा हादसा हो सकता था। पेड़ गिरने से कुछ समय के लिए सोसायटी के अंदर आवागमन प्रभावित रहा।

घटना के बाद स्थानीय निवासियों ने सोसायटी प्रबंधन से परिसर में मौजूद पुराने और जर्जर पेड़ों का सर्वे कराने तथा उनकी समय-समय पर छंटाई एवं रखरखाव सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# शास्त्री नगर में जलभराव ने खोली व्यवस्थाओं की पोल, कुछ घंटों की बारिश ने ही सड़क को तालाब में बदल दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आवागमन प्रभावित हो रहा है, वाहन पानी में फंस रहे हैं और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।यदि समय रहते नालों की सफाई,जल निकासी व्यवस्था का सुधार और स्थायी समाधान नहीं किया गया,तो हर बारिश में यही स्थिति बनी रहेगी। नगर निगम से अनुरोध है कि जलभराव वाले स्थान का तत्काल निरीक्षण कराया जाए। नालों और सीवर लाइन की सफाई सुनिश्चित की जाए। जल निकासी की स्थायी योजना बनाकर इस समस्या का समाधान किया जाए।यह केवल असुविधा का नहीं, बल्कि जन सुरक्षा और प्रशासनिक जवाबदेही का भी विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश से थाना परिसर में भरा पानी, नगर पालिका ने पंप लगाकर कराई जल निकासी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर (नासिर मंसूरी)।** लगातार हुई बारिश के बाद मुरादनगर थाना परिसर में जलभराव की स्थिति बन गई। भारी बारिश के कारण थाना परिसर में कई स्थानों पर पानी भर गया, जिससे पुलिसकर्मियों, फरियादियों और अन्य लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। परिसर में जलभराव होने से दैनिक कार्य भी कुछ समय के लिए प्रभावित रहे और लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ा। स्थिति की जानकारी मिलते ही नगर पालिका परिषद मुरादनगर की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पालिका कर्मचारियों ने पंप मशीन लगाकर थाना परिसर में भरे बारिश के पानी की निकासी का कार्य शुरू किया। कई घंटों तक लगातार पंप चलाकर पानी बाहर निकाला गया, जिसके बाद धीरे-धीरे जलभराव की स्थिति सामान्य होने लगी। नगर पालिका की टीम ने आसपास के नालों की भी सफाई कराई, ताकि दोबारा पानी जमा न हो। लगातार हो रही बारिश के कारण मुरादनगर नगर क्षेत्र के कई अन्य इलाकों में भी जलभराव की समस्या देखने को मिली। सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नगर पालिका की टीमें विभिन्न स्थानों पर जल निकासी और सफाई अभियान में जुटी रहीं। अधिकारियों का कहना है कि बारिश के दौरान संवेदनशील स्थानों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और जहां भी जलभराव की सूचना मिल रही है, वहां तुरंत टीम भेजकर पानी निकाला जा रहा है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।



### अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार व्यक्ति को कुचला, मौके पर मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** दिल्ली मेरठ रोड पर गांव दुहाई के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार एक व्यक्ति को कुचल दिया। जिस कारण एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिहार के जिला सिवान थारा दरौंदा के गांव सतजोड़ा निवासी अजय महतो परिवार सहित गांव मोरटा में किराए के मकान में रहते थे। वह मजदूरी करने के लिए साइकिल से जा रहे थे। जब वह दुहाई अंडरपास के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी साइकिल में टक्कर मार दी। जिस कारण उनकी मौत हो गई।

**समर कैंप** — संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं

# आर.के.जी.आई.टी. में 21 दिवसीय समर कैंप का समापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** आर.के.जी.आई.टी. के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा आयोजित तीन सप्ताह चले समर कैंप का समापन बुधवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कैंप में उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली-एनसीआर के कुल 42 इंजीनियरिंग कॉलेजों से लगभग 200 छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।






इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेट कैंप सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक श्री शांतु पुरकैत द्वारा छात्रों को नेटवर्किंग, वेब डेवलपमेंट, एथिकल हैकिंग तथा एंड्रॉयड के साथ कोर जावा पर व्यापक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष डॉ. अमित सिंघल ने समर कैंप के सफल आयोजन हेतु सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों एवं आयोजन टीम का आभार व्यक्त किया। संस्थान के निदेशक डॉ. बी.सी. शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समर कैंप में भाग लेने वाले छात्रों ने प्रशिक्षण सत्रों की सराहना करते हुए आर.के.जी.आई.टी. प्रबंधन के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस कैंप से उन्हें न केवल तकनीकी ज्ञान मिला है, बल्कि इससे उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले प्लेसमेंट प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। छात्रों ने यह भी कहा कि भविष्य में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों के लिए आर.के.जी.आई.टी. गाज़ियाबाद एक बेहतरीन विकल्प है।इस अवसर पर डीन छात्र कल्याण श्री एच. जी. गर्ग, डीन एकेडमिक्स डॉ. आर. के. यादव एवं डीन एक्रेडिटेशन डॉ. रामेन्द्र सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस कैंप का आयोजन डॉ. अमित सिंघल एवं डॉ. प्रमोद कुमार सागर के निर्देशन में संपन्न हुआ। समापन समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

कॉलेज के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, ग्रुप एडवाइजर डॉ. लक्ष्मण प्रसाद एवं एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी.के. चौहान ने समर कैंप के आयोजन के लिए सभी आयोजकों और प्रतिभागियों को बधाई व धन्यवाद दिया।

# दो बाल अपचारियों सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** थाना अतरौली क्षेत्रान्तर्गत गोवली में अज्ञात चोरों द्वारा चार दिन पूर्व एक मकान को निशाना बनाते हुए आभूषण और नकदी चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो अभियुक्तो समेत दो बालकाओं को नकदी व चांदी की पाजेब समेत गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम गोवली निवासी नवेन्द्र कुमार चौहान का बेटा सौरभ कुमार चौहान ज्ञात चोरों ने उस समय रहता है, जो 5 जुलाई की अपनी ससुराल पत्नी को लेने गया था। तभी अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाया और अलमारी में आभूषण और 57 हजार 500 रुपए चोरी कर लिए और फरार हो गये थे। पुलिस ने इस चोरी की घटना का खुलासा करते हुए उक्त ग्राम निवासी शम्भु कुमार पुत्र योगेश कुमार और गोविन्द पुत्र भरत चौधरी निवासी ग्राम कलाई थाना हरदुआगंज अतरौली थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया व दो बाल अपचारियों को जेल भेजा है।

# मंगलायतन विश्वविद्यालय के प्रो. देवाशीष चक्रवर्ती को मिला नवरत्न सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के प्रोफेसर एवं प्रख्यात इंडियन स्लाइड गिटार वादक प्रो. देवाशीष चक्रवर्ती को भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए आगरा की ताल सरगम अकादमी द्वारा नवर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत के संरक्षण एवं संवर्धन, इंडियन स्लाइड गिटार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाने तथा संगीत शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया।

प्रो. चक्रवर्ती ने सम्मान को अपने गुरुओं, विद्यार्थियों और संगीत प्रेमियों को समर्पित करते हुए ताल सरगम अकादमी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सम्मान कलाकारों को और अधिक समर्पण के साथ कार्य



करने की प्रेरणा देते हैं। आगरा में आयोजित सम्मान समारोह में देशभर से आए प्रतिष्ठित कलाकारों, संगीतज्ञों और सांस्कृतिक जगत की अनेक विशिष्ट हस्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और उसके संरक्षण पर भी विशेष चर्चा की गई।

मंगलायतन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पीके दशोरा, कुलसचिव कमांडर मनोज के. (सेवानिवृत्त), परीक्षा नियंत्रक प्रो. दिनेश शर्मा तथा विभागाध्यक्ष डा. पूनम रानी आदि ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान न केवल प्रो. चक्रवर्ती की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि विश्वविद्यालय के लिए भी गौरव का विषय है।

# समाजवादी पार्टी अलीगढ़ की जिला कमेटी द्वारा जिला ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** समाजवादी पार्टी अलीगढ़ की जिला कमेटी द्वारा जिला कार्यालय क्वार्सी अलीगढ़ पर जिला अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी धनगर की अध्यक्षता में ब्राह्मण सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बलिया के माननीय श्री सांसद सनातन पांडे जी रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन जिला उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉक्टर बादशाह खान ने किया!

सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद सनातन पांडे ने सीधे तौर पर सत्तारूढ़ भाजपा को ललकारते हुए कहा कि भाजपा सरकार कान खोलकर सुन ले,यदि किसी भी ब्राह्मण या हमारे किसी भी समाजवादी कार्यकर्ता के साथ




इस सरकार ने कोई भी अनहोनी या उत्पीड़न करने का दुस्साहस किया, तो मैं उस हर एक व्यक्ति के अधिकार के लिए ढाल बनकर खड़ा रहूंगा।

उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा हमारे ब्राह्मण समाज के पूर्वजों को सर्वोच्च सम्मान देने का ऐतिहासिक काम किया है और आज भी समाजवादी पार्टी हमारे समाज के ब्राह्मण नेता और ह्यछोटे लोहियाह्य जनेश्वर मिश्र के दिखाए गए आदर्शों और सिद्धांतों पर पूरी निष्ठा से चल रही है।

वर्तमान सरकार पर चौतरफा हमला बोलते हुए सांसद सनातन पांडे जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में अगर आज सबसे ज्यादा हत्याएं और अपराध हुए हैं, तो वो इसी तथाकथित सुशासन वाली भाजपा सरकार के राज में हुए हैं। उन्होंने भाजपा के पुराने चुनावी वादों की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि इन्होंने देश और प्रदेश की भोली-भाली जनता को सिर्फ ठगने का काम किया है।

# नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ महोदय के निर्देशन में जनपद में गठित एण्टी रोमियो टीमों/मिशन शक्ति टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ चलाए जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-5" के द्वितीय चरण के तहत सशक्तीकरण/ विश्वास का वातावरण बनाने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन हेतु जनपद में महिला सुरक्षा एवं मनचलों, शोहदों द्वारा छेडछाड़ व महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के दृष्टिगत बाजारों, कोचिंग सेन्टर, पार्क, बस स्टैण्ड,रेलवे स्टेशन आदि भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थानों के आसपास भ्रमणशील रहकर



सतत निगरानी रखी जा रही है ।

महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन की दिशा में चलाई जा रही महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न वूमेन पावर हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, महिला हेल्पलाइन 181 व सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (व्हाट्सएप, ट्विटर ,फेसबुक इंस्टाग्राम) आदि का सतर्कतापूर्ण उपयोग करने संबंधी जानकारियां देते हुए जागरूक किया जा रहा है तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करने हेतु बताया जा रहा है ।

मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण के तहत थानों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों, समस्त थानों पर गठित महिला सु?क्षा विशेष दल द्वारा गाँवों में जन चौपाल लगाकर तथा बस स्टैंड/बाजार/गांव/कस्बा/स्कूल/कालेज /सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक करते हुए महिलाओं/ बालिकाओं से जुड़ कर उन्हे सक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है ।

# बेकाबू कंटेनर दुकानों में घुसा कारों को मारी टक्कर, चालक फरार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इगलास कस्बे में एक तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले सड़क किनारे खड़ी दो कारों को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक कंटेनर लेकर भागने लगा और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बनी दो दुकानों में जा घुसा। बुधवार देर रात करीब 12 बजे सासनी रोड पर हुआ। लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई।

कार मालिकों ने कंटेनर का पीछा किया। इसी दौरान कंटेनर का नियंत्रण बिगड़ गया और वह दुकानों को तोड़ते हुए अंदर घुस गया। सूचना पर इगलास पुलिस मौके पर पहुंची और चालक की तलाश शुरू कर दी। पुलिस के मुताबिक, कंटेनर सासनी की ओर से इगलास आ रहा था। जब वह डबल नहर के पास मां अंबे रिसॉर्ट के सामने पहुंचा, तो सड़क किनारे खड़ी दो कारों में टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके बाद कार



मालिक कंटेनर का पीछा करने लगे। पीछा होता देख कंटेनर चालक ने वाहन की रफ्तार और तेज कर दी। कुछ दूर जाकर कंटेनर अनियंत्रित हो गया। बेकाबू कंटेनर सीधे सासनी रोड किनारे बनी दो दुकानों में घुस गया और उन्हें क्षतिग्रस्त करते हुए जाकर रुका। मौके से फरार हो चुका था। घटना की सूचना मिलते ही इगलास पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कारों और दुकानों का निरीक्षण किया। पुलिस का कहना है कि कंटेनर को क्रेन की मदद से हटाया जाएगा। फरार चालक की तलाश की जा रही है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना रात करीब 12 बजे तेज धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग बाहर निक आये।

# राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा ने कांग्रेस नेता आलोक गौड हमलावरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** गुरूवार को राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा द्वारा 28 जून को



कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस सेवादल के पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक गौड के साथ शाहिद गुड्डू द्वारा मारपीट को लेकर सुरक्षा की मांग की है।

मैरिस रोड़ स्थित आयोजित एक पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की है। पत्रकार वार्ता में राष्ट्रीय ब्राहमण महासभा के प्रान्तीय अध्यक्ष पं0 भूदेव मिश्र एड़, जिलाध्यक्ष पं0 जे.सी. शर्मा, राधा रानी, हर्ष, मोहित, सुभाष शर्मा, मनोज शैली, एड., अमित शर्मा, संदीप भारद्वाज, संजय गौउ मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या में कमी लाये जाने के लिए जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता में 10 जुलाई को सांय 04 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की है। सचिव जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित अधिकारियों से अनुरोध किया है कि गत बैठक में अपने विभाग से सम्बन्धित दिये गये निर्देशों की अनुपालन आख्या एवं अद्यतन सूचना के साथ नियत समय पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

### मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के लिए 24 जुलाई तक करें ऑन लाइन आवेदन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** वित्तीय वर्ष 2026-27 में मत्स्य विभाग द्वारा संचालित राज्य सेक्टर की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत जनसामान्य को ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल ीजजचरू/पीमतपमे.नच.हवअ.पद 24 जुलाई तक पुनः खोला जा रहा है। सहायक निदेशक मत्स्य प्रियंका आर्या ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, निषादराज बोट सब्सिडी योजना एवं सघन मत्स्य पालन के लिए एरेशन सिस्टम की स्थापना के तहत इच्छुक पात्र व्यक्ति 24 जुलाई तक विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदकों को योजनावार पृथक-पृथक आवेदन करने होंगे। उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण को विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। योजनाओं में यदि भविष्य में कोई संशोधन होता है तो संशोधित प्रविधान लागू होंगे। योजना में पूर्व के वर्षों में निरस्त या प्रतीक्षारत आवेदन वाले आवेदक पुनः आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय 4/9 जॉनसन कम्पाउंड जेल रोड से किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### असलाह से एक्सीडेंटल फायर हो गया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गभाना।** थाना गभाना क्षेत्र में एक यूपी रोडवेज बस जो मैनपुरी से दिल्ली जा रही थी उसके ड्राईवर द्वारा सूचना दी गई कि बस में एक यात्री जो कासगंज के निवासी हैं वे अपने साथ बस में असलाह लेकर जा रहे थे उस असलाह से एक्सीडेंटल फायर हो गया है और उनके कंधे में चोट आ गई है । इस सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर असलाह को अलग करते हुए उन्हें अस्पताल ले जाने का प्रयास किया गया तो इसी बीच उस असलाह से एक और एक्सीडेंटल फायर हो गया जिसमें थाना गभाना पर तैनात मुख्य आरक्षी रविन्द्र व एक अन्य सवारी राजन के पैर में सामान्य चोट लगी है ।मौके पर आर्म मोहर्रिर को बुलाकर



असलाह-कारतूस को अलग किया गया तथा तीनों घायलों को उपचार हेतु अस्पलाल भिजवाया गया । जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि विनोद जिनके असलाह से एक्सीडेंटल फायर हुआ है, वे जनपद गाजियाबाद में एक प्राईवेट सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते है । इसी बीच अस्पताल से डाक्टर द्वारा बताया गया कि विनोद की मृत्यु हो गई है । मृतक विनोद के परिजनों को सूचित किया जा रहा है, पचायतनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्यवाही करायी जायेगी । प्रथम दृष्टया असलाह लाइसेंसी प्रतीत हो रहा है, अन्य सभी तथ्यों की गहनता से जाँच की जायेगी । शेष दोनों घायलों को मेडिकल उपचार चल रहा है, उनकी स्थिति खतरे से बाहर हैं ।

**इस संबंध में पुलिस अधीक्षक नगर आदित्य बंसल के वर्जन**

# बारिश से जलभराव, शहर हुआ जलमग्न, दलदल में फंस गई महापौर की गाड़ी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर निगम द्वारा मानसून की तैयारियों के दावे किए गये थे, लेकिन पहली ही तेज बारिश में इन दावों की हकीकत सामने आ गई। रघुवीरपुरी इलाके में कीचड़ व दलदल के चलते महापौर प्रशांत सिंघल की गाड़ी फंस गई। पहली तेज बारिश ने शहर में करोड़ों रुपये से हुए विकास कार्यों और जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। कुछ ही घंटों की बारिश में प्रमुख चौराहों, बाजारों और कई आवासीय कॉलोनियों में पानी भर गया।



इसके अलावा तुर्कमान गेट, देहलीगेट, खैर बाईपास रोड, मैलरोज बाईपास, मैरिस रोड, रामघाट रोड चंदनियां मरघट, सुदामापुरी, विष्णपुरी, श्याम नगर सेन्टर प्वाइंट, गांधी नेत्र चिकित्सालय, गुरुद्वारा रोड, छर्रा अड्डा, गोविंद नगर, आगरा रोड, सासनीगेट, एटा चुंगी, नौरंगाबाद, नगला मान सिंह, नगला पटवारी, डालचंद नगला, धनीपुर, रावण टीला, नगला पटवारी, जीवनगढ़ में जलभराव की स्थिति देखने को मिली। नालों की समय पर सफाई न होने और जल निकासी की पर्याप्त व्यवस्था न होने से बारिश का पानी घंटों तक सड़कों पर जाम रहा।

# नहर में गिरी कार, चालक बाल-बाल बचा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** शादी समारोह से लौट रहे एक युवक की कार नहर में गिर गई। हादसा सामने से आ रहे ट्रक की तेज हेडलाइट की चकाचौंध के कारण हुआ। इससे कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना गोंडा थाना क्षेत्र में बुधवार रात करीब 1:20 बजे हुआ। कार चालक की पहचान खैर कोतवाली क्षेत्र के अरनिया गढ़ी निवासी शैलेंद्र सिंह के रूप में हुई है। पुलिस की तत्परता से उनकी जान बच गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुल की जर्जर हालत पर चिंता जताते हुए इसकी जल्द मरम्मत कराने की मांग की है। पुलिस के मुताबिक, शैलेंद्र सिंह एक शादी समारोह से मथुरा लौट रहे थे। जब उनकी कार किनमासा नहर के पास पहुंची, तभी सामने से आ रहे ट्रक की तेज हेडलाइट उनकी आंखों पर पड़ी। तेज रोशनी के कारण कार का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे नहर में जा गिरी। प्रत्यक्ष जानकारी के अनुसार, कार नहर में गिरने के बाद करीब



एक किलोमीटर तक पानी में बहती रही। चालक शैलेंद्र कार के अंदर फंस गए। उन्होंने किसी तरह कार का शीशा तोड़ा और डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर गोंडा थाने के उपनिरीक्षक शांति शरण यादव, उपनिरीक्षक बलराम सिंह और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद चालक को कार से सुरक्षित बाहर निकाल लिया। समय रहते रेस्क्यू होने से एक बड़ा हादसा टल गया। उपनिरीक्षक शांति शरण यादव ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची थी। चालक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है और उसकी हालत सामान्य है।

**समीक्षा** सीडीओ योगेंद्र कुमार ने कर करेत्तर, राजस्व वसूली, एवं कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की प्रगति की समीक्षा की

# पुराने राजस्व वादों के शीघ्र निस्तारण और किसानों को समयबद्ध राहत पर जोर

**बुलन्द सदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़ ।** मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व वसूली, चकबंदी कार्यों और मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व वादों के त्वरित निस्तारण, किसानों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने और जनहित से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान वाणिज्य कर, आबकारी, स्टांप, परिवहन, मुख्य देय एवं विविध देयों की वसूली की प्रगति संतोषजनक पाई गई। सभी संबंधित विभागों ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक राजस्व वसूली की। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों की सराहना करते हुए निर्देश दिए कि इसी गति और प्रतिबद्धता के साथ विभागीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए राजस्व संग्रह को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

राजस्व न्यायालयों की समीक्षा करते हुए सीडीओ ने सभी मजिस्ट्रेटों को नियमित रूप से वादों की सुनवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न न्यायालयों एवं स्वयं के न्यायालयों द्वारा पारित आदेशों का धरातल पर प्रभावी अनुपालन कराया जाए। विशेष रूप से तीन से पांच वर्ष पुराने लंबित प्रकरणों के निस्तारण के लिए कार्ययोजना बनाकर प्राथमिकता के आधार पर सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मजिस्ट्रेट अपने विधिक अधिकारों का प्रभावी उपयोग करते हुए पीड़ितों को समयबद्ध न्याय दिलाना सुनिश्चित करें।

बैठक में अंश निर्धारण एवं त्रुटि संशोधन कार्य की समीक्षा करते हुए इन मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। बताया गया कि अब तक 15,727 प्रकरण संज्ञान में आए हैं, जिनमें से 13,264 मामलों का खतौनी में अंकन किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना की समीक्षा के दौरान तहसीलवार दावों की विस्तार से समीक्षा की गई। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक




प्रकरण का मानवीय एवं संवेदनशील दृष्टिकोण से परीक्षण करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए, ताकि पात्र पीड़ित परिवारों को शीघ्र योजना का लाभ मिल सके। समीक्षा में बताया गया कि जिले में प्राप्त 658 आवेदनों में से 380 स्वीकृत, 249 विभिन्न कारणों से निरस्त तथा 29 आवेदन लंबित हैं।

बैठक में ग्राम समाज की भूमि से संबंधित लंबित मुकदमों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने, तहसीलों में फर्नीचर एवं आवश्यक उपकरणों की जरूरत का आकलन कर शीघ्र प्रस्ताव भेजने तथा भूमि विवादों के निस्तारण के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को अवगत कराया गया कि भूमि विवाद निस्तारण अभियान की अवधि 31 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। बैठक में 10 बड़े बकायेदारों की भी वसूली की समीक्षा की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि जनसमस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण कर प्रभावी आख्या प्रेषित करें। उन्होंने आईजीआरएस प्रकरणों में संतोषजनक फीडबैक की संख्या बढ़ाने और फोटोयुक्त आख्या भेजने पर भी विशेष बल दिया।

बैठक में एडीएम वित्त प्रमोद कुमार, एडीएम सिटी किंशुक श्रीवास्तव, एडीएम न्यायिक अनिल कुमार, सभी उप जिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बरसात से मकान की छत गिरने से मजदूर की मौत, बेटा घायल,परिवार में मचा कोहराम

## पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़, पिलखुवा।** जनपद में लगातार हो रही वर्षा में जनपद की पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सद्दीकपुरा में गुरुवार तडके एक कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। इस हादसे में मकान में सो रहे 52 वर्षीय अशफाक की मौत हो गई। जबकि मृतक 17 वर्षीय बेटा कासिम घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए



अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ना सद्दीकपुरा में अशफाक अपने बेटे कासिम के साथ बुधवार की रात्रि घर में सो रहा था। अचानक मकान छत भर भराकर गिरने से चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग दौडकर मौके पर पहुंचे,लोगों ने मलबा हटाकर दोनों को बाहर निकाला। दोनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने अशफाक को मृत घोषित कर दिया। कासिम का अस्पताल में इलाज चल रहा है। थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल चौहान ने बताया कि मृतक अशफाक मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसके दो बेटे कासिम 17 वर्ष और नाजिम 18 वर्ष भी मजदूरी करते हैं। घर के इकलौते कमाने वाले की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मोहल्ले के लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार की मदद की मांग की है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आरोपी शिक्षक को प्रबंध समिति ने किया संस्पेड, कमेटी से भी किया बाहर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**शिक्षक पर छात्रा से छेड़छाड़ करने का आरोप**

**हापुड़।** दिल्ली रोड स्थित इंटर कालेज में तैनात एक शिक्षक पर इंटरमीडिएट की छात्रा ने छेड़छाड़,अभद्र टिप्पणी और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया गया था गुरुवार को इस संबंध में प्रबंध समिति ने आरोपी शिक्षक को संस्पेड कर दिया और प्रबंध समिति में शिक्षक प्रतिनिधि से भी हटा दिया है। साथ ही तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित कर एक सप्ताह में रिपोर्ट मांगी है।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के दिल्ली रोड़ स्थित एक इंटर कॉलेज में कार्यरत अर्थशास्त्र के शिक्षक डॉ. विजय कुमार मित्तल पर इंटरमीडिएट की पीड़ित छात्रा ने पिछले दो साल से कक्षा में अश्लील कमेंट व इंस्टाग्राम पर अश्लील संदेश भेजने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया था

उक्त प्रकरण में गुरुवार को कालेज प्रबंध समिति की एक आपत बैठक कालेज में बुलाई गई। जिसमें समिति प्रधान प्रदीप गुप्ता भट्टे वालें,प्रबंधक सुधीर चोटी, प्रधानाचार्य विजय गर्ग ने समिति के सामने पूरा प्रकरण रखा और विचार विमर्श किया। समिति ने आरोपी शिक्षक डॉ विजय मित्तल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया और प्रबंध समिति में शिक्षक प्रतिनिधि के पद से भी हटा दिया तथा मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की गयी है। जो वरिष्ठ सदस्य अमित अग्रवाल मुन्ना के संयोजन में धर्मेंद्र शर्मा व विजय गुप्ता को लेकर बनाई है,कमेटी एक सप्ताह में प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रबंध कमेटी को सौंपेगी।

इस सम्बंध में प्रबंधक सुधीर चोटी,प्रधानाचार्य विजय गर्ग ने संयुक्त रूप से बताया कि कालेज में छात्राएं पूरी तरह सुरक्षित है,और रिपोर्ट आने पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# वृक्षारोपण अभियान 2026-27 : हापुड़ को हरा भरा बनाये,एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाये

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने व पर्यावरण संरक्षण के लिए गत माह में जनपद में 12 जुलाई को वन विभाग,कृषि विभाग,उद्यान विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 1264700 पौधों का रोपण किया जायेगा।

- **जनपद में 12 जुलाई को 1264700 पौधे रोपित किये जायेंगे:कविता मीना**
- **जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम कुराना टोल के निकट होगा आयोजित:डीएफओ**
- **वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर**
- **डीएम ने सभी विभागों को पौधारोपण करने का लक्ष्य आवंटन किया**
- **पौधारोपण करने से होगा पृथ्वी का श्रृंगार:उपकार**
- **पौधारोपण करने के बाद उसकी देखभाल अपने बच्चों की भांति करनी चाहिए:प्रमोद**
- **जिला पंचायत 10 व एचपीडीए 20 हजार पौधे रोपित करेगा**

जिलाधिकारी ने विभागों को पौधारोपण करने का लक्ष्य आवंटन कर दिया गया है। वन विभाग द्वारा जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम बुलन्दशहर रोड स्थित कुराना टोल के निकट आयोजित किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जनमानस से हापुड़ को हरा भरा बनाने के लिए एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील की है।

जिलाधिकारी कविता मीना ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश स्तर पर वर्ष 2026-27 में भी पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है। जिसमें जनपद को 12 लाख 64 हजार 700 पौधे रोपित












डीएम कविता मीना अधिकारियों को पौधारोपण से सम्बंधित निर्देश देते हुए व हाफिजपुर पौधशाला में रोपित करने के लिए तैयार पौध व डीएफओ गौतम सिंह व विज्ञान संचारक उपकार दत्त शर्मा







चेयरमैन रेखा नागर प्रमोद जिन्दल प्रभारी सचिव अमित कादियान

करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। पौधारोपण करने के लिए जिले में सभी विभागों को लक्ष्य का आवंटन कर दिया गया है। सभी विभागों द्वारा पौधारोपण करने के लिए भूमि चिन्हित पर गड्ढ़ा खुदान कार्य भी पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि वन विभाग 2 लाख,विकास खंड हापुड़, धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली 459517,एसडीएम हापुड़, धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर 44000,पंचायती राज विभाग 53000,नगर पालिका हापुड़, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर,नगर पंचायत बाबूगढ़ व हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण 37000, लोक निर्माण विभाग 15000,जल शक्ति विभाग,नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति 15000,रेशम विभाग 23000,कृषि विभाग 104000,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,संयुक्त निदेशक डीएफएस बाबूगढ़,प्रबन्धक राजकीय पशुपालन एवं कृषि परिक्षेत्र 8000,माध्यमिक शिक्षा विभाग 3000,बेसिक शिक्षा विभाग 5000,उद्यान विभाग 64000,पुलिस विभाग 8400 सहित अन्य विभागों को पौधारोपण करने का लक्ष्य आवंटित किया है।

**धरती खुशहाल होने पर बदरा झूमकर बरसेंगे**

विज्ञान संचारक उपकार दत्त शर्मा ने कहा कि मानव के जीवन में वृक्षों का सबसे अहम स्थान है। वृक्षारोपण कर पृथ्वी का श्रृंगार करें। धरती खुशहाल होने पर बदरा झूमकर बरसेंगे। पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए सभी को वृक्षारोपण जरूर करना चाहिए।

**पेड़ पौधे धरा का गहना है:गौतम**

डीएफओ गौतम सिंह ने बताया कि वृक्षों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। वृक्षों की अंधाधुंध कटान के द्वारा बाढ़,सूखा अपरदन जैसी समस्याएं उत्पन्न हो रही है। इन समस्याओं से बचाव के लिए वृक्षों का बचाव व पौधारोपण बहुत जरूरी है। वर्ष 2026-27 में जनपद में आगामी 12 जुलाई को विभिन्न प्रजातियों के 1264700 पौधों का रोपण किया जायेगा।

**प्रदेश सरकार पौधारोपण के प्रति गंभीर**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पौधारोपण के प्रति गंभीर है। सरकार ने वर्ष 2019-20 में प्रदेश सरकार 22 करोड़,वर्ष 2020-21 में 25 करोड़ व वर्ष 2021-22 में 30 करोड़,2022-23 में 35 करोड़ अब वर्ष 2023-24 में भी 35 करोड़ अब वर्ष 2024-25 में 35 वर्ष 2025-26 में 37 करोड़ पौधारोपण कराया था। सरकार वर्ष 2026-27 में पौधारोपण का लक्ष्य बढ़ाने पर विचार कर रही है।

**इन प्रजातियों के पौधे रोपित किये जायेंगे**

बताया गया कि अमरुद्ध, अर्जुन, आम, इमली, आंवला, कचनार, कटहल, गोल्ड, मोहर, जामुन, नींबू, पिलखन, पीपल, बबूल, बरगद, बेल, बांस, बेर, शीशम, सागौन,कनरे आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण होगा।

**वन विभाग द्वारा पौध तैयार**

डीएफओ ने बताया कि जनपद में बुलन्दशहर रोड पर हाफिजपुर व गढ़ क्षेत्र में आमगीरपुर में वन विभाग की पौधशाला में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपण करने के लिए तैयार है।

**पौधारोपण से पृथ्वी का श्रृंगार होता है**

भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री,समाजसेवी प्रमोद जिन्दल ने बताया कि पौधारोपण करने से पृथ्वी का श्रृंगार होता है। सरकार के साथ आम नागरिक को भी पौधारोपण करना चाहिए। जिससे प्रदूषण नियंत्रण व पर्यावरण संतुलन बना रहे। पौधारोपण करने के बाद पौधे के बड़े होने तक उनकी देखभाल अपने बच्चों भांति करनी चाहिए।

---------------

वृक्षारोपण कार्यक्रम में राज्यमंत्री होंगे मुख्य अतिथि

डीएफओ गौतम सिंह ने बताया कि आगामी 12 जुलाई रविवार को जिला स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम बुलन्दशहर रोड स्थित कुराना टोल के निकट आयोजित किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री सोमेन्द्र तोमर स्वतंत्र प्रभार शामिल होंगे। कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है।

**10 हजार पौधे रोपित किये जायेंगे**

जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर व अपर मुख्य अधिकारी एसपी सिंह ने बताया कि आगामी 12 जुलाई को जिला पंचायत द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन असौड़ा क्षेत्र में स्थित खेल स्टेडियम में किया जायेगा। जिला पंचायत द्वारा विभिन्न प्रजातियों के 10 हजार पौधे रोपित किये जायेंगे।

**आनंद बिहार आवासीय योजना में होगा वृक्षारोपण**

हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि आगामी 12 रविवार को प्राधिकरण द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आनंद बिहार आवासीय योजना के बी ब्लाक में किया जायेगा। प्राधिकरण द्वारा विभिन्न प्रजातियों के करीब 20 हजार पौधे रोपित किये जायेंगे।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 15 किग्रा.लाल मिर्च कुटी सील की:चन्द्रशेखर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के आदेश एव जिलाधिकारी कविता मीना के निदेर्शों

- **धनिया पाउडर,लाल मिर्च पाउडर व लाल मिर्च कुटी का नमूना भरकर जांच को भेजे गये**
- **मिलावटी खोरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा**

के अनुपालन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने 15 किग्रा.लाल मिर्च कुटी सील की। साथ ही धनिया पाउडर,लाल मिर्च पाउडर व लाल मिर्च कुटी का नमूना भरकर प्रयोगशाला जांच को भेजे गये। जांच रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय



चन्द्रशेखर मिश्र ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की संयुक्त टीम ने चौकरायत एग्रो इंडस्ट्रीज ग्राम गोयना हापुड़ में प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए धनिया पाउडर,लाल मिर्च पाउडर का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। नवीन ट्रेडर्स फ्रीगंज रोड हापुड निर्माण इकाई पर प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए लाल मिर्च कुटी (खुली) का एक नमूना संग्रहित किया गया एव 15 किग्रा लाल मिर्च कुटी (खुली) सीज की गयी। उन्होंने बताया कि भरे गये नमूनो को जाँच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला प्रेषित किये जा रहे है। जाँच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात अग्रिम विधिक कार्यवाही की जायेगी साथ ही उक्त अभियान निरन्तर चलता रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम में पंकज कुमार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी,रामेश्वर प्रसाद गुप्ता, श्री विपिन कुमार सिंह,राम प्रकाश गंगवार,सोवेन्द्र सिंह पंघाल खाद्य सुरक्षा अधिकारी शामिल रहे।

# वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व बार सचिव गाजियाबाद हरिओम शर्मा को किया गया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** गाजियाबाद जिला न्यायालय में बुधवार को पुराने ख्याति प्राप्त और बार सचिव रहे वरिष्ठ अधिवक्ता पंडित हरिओम

**हरिओम शर्मा की चार दशक की प्रैक्टिस पूरी, गाजियाबाद कचहरी के गौरव : प्रियदीप शर्मा**

शर्मा शकूरपुर मोदीनगर वालो के कचहरी में चार दशक पूरे होने पर अधिवक्तगणों ने वरिष्ठ अधिवक्ता प्रियदीप शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, विकास शर्मा और राहुल शर्मा के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत कर बधाई दी । वही प्रियदीप शर्मा ने हरिओम शर्मा को पटका और भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया । इस मौके पर बोलते हुए अधिवक्ता सुशील शर्मा ने कहा कि हरिओम शर्मा अधिवक्ता



समाज के लिये एक मार्गदर्शक है । जिन्हें वकालत करते हुए चार दशक का लंबा समय व्यतीत हो चुका है । उनके विचार हमारे लिए अनुसरणीय है । बुधवार को एकत्र अधिवक्ताओं ने उन्हें सम्मानित कर उनके जीवन संघर्ष पर विचार व्यक्त किए । विकास शर्मा ने बताया की हरिओम शर्मा ने अपने जीवन काल में ना जाने कितने मजलूमों और गरीब तबके के लोगों को निःशुल्क न्याय दिलाने में अपनी सहभागिता प्रदान की ।

हरिओम शर्मा हमारी गजियाबाद कचहरी के गौरव है ।

इस मौके पर विकास शर्मा, राहुल कुमार शर्मा, प्रवीण शर्मा, वरिष्ठ महिला अधिवक्ता रजनी सिंह, सोनिका सिंह, गार्गी शर्मा, सिम्मी सिंह, संजय गांधी आदि मौजूद रहे ।

**लगी आग**

## मजदूरों को फैक्ट्री में बंद कर जानवरों की तरह कराया जाता है काम, अनजान प्रशासन

# धौलाना के औद्योगिक क्षेत्र यूपीएसआईडीसी की फैक्ट्री में फिर लगी आग, एक मजदूर की जलकर दर्दनाक मौत, दूसरा झुलसा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** धौलाना थाना क्षेत्र की औद्योगिक चौकी यूपीएसआईडीसी के फेज तीन में स्थित एक गद्दा फैक्ट्री में संचालकों की घोर लापरवाही के चलते कम्पनी में अज्ञात कारणों के चलते भयंकर आग लग गई । गद्दा होने के कारण कुछ ही देर में आग विकराल हो गई । जिसमें एक मजदूर की मौत हुई तो एक झुलस गया ।

**आग की लपटों की चपेट में आकर मजदूर की मौत**

आग की भयावहता के बीच फसकर गुलफाम 50 वर्ष पुत्र मुनफैद अली निवासी ग्राम मांगरोली थाना दोघट जनपद बागपत की दर्दनाक मौत हो गई । और दूसरा मजदूर सावेज पुत्र हामिद अली निवासी ग्राम देहरा थाना धौलाना जनपद हापुड़ बुरी तरह से आग में झुलस गया । जिसका मेरठ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है । वहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है ।

आग की सूचना पर सीओ, सीएफओ और धौलाना थानेदार मौके पर पहुंचे । शुरू कराया







राहत कार्य ।

फैक्ट्री में आग की सूचना मिलते ही धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे । और आग से घिरे मजदूरों को किसी तरह बाहर निकाला । दमकल की कई गाड़ियों ने घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया । धौलाना थानेदार अवनीश शर्मा ने बताया कि स्थिति को संभाल लिया गया है मृतक के शव को पीएम के लिये भेजा गया ।

**मजदूरों का आरोप फैक्ट्री संचालक जानवरों की तरह कराता था काम**

बताया गया की इस फैक्ट्री में गद्दे आदि बनाने का कार्य किया जाता है । मजदूरों का आरोप है कि फैक्ट्री में कोई सुरक्षा कवच या अन्य कोई सुविधा नहीं दी जाती है । जिस कारण यह बड़ी घटना घट गई । अब से पूर्व भी इसी कम्पनी में एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो चुकी है । तथा आए दिन मजूरों के हाथ पांव आदि कटते रहते हैं । फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूरों ने नाम ना छापने की शर्त बताया कि फैक्ट्री संचालक मजदूरों से गाली गलौच मारपीट कर जबरनं 12 घंटे काम कराते हैं । और फैक्ट्री में 500 मजदूर दिन और रात दो शिफ्टों में जानवरों की तरह कार्य करने को मजबूर हैं । लेकिन उनके बचाव के लिए कोई साधन भी फैक्ट्री में नहीं हैं । सीधे तरीके से कहा जाए तो मजदूरों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है । अब से पूर्व सम्बन्धित अधिकारियों ने इसी फैक्ट्री की जांच भी की थी । परन्तु जांच के नाम पर ढाक तीन पात वाली रिपोर्ट लगाकर इति श्री कर दी गई थी । और इतनी बड़ी घटना हो गई ।अगर तब सही और ईमानदारी से जांच होती तो इस घटना को टाला जा सकता था । पीड़ित मजदूरों ने फैक्ट्री संचालकों पर एफआरआई की मांग की है । जिससे मजदूरों को की रोज होने वाली मौतों को रोका जा सके । धौलाना थानेदार के मुताबिक सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है । जांच उपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी ।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# विदेशी कंपनियों का पूरा नियंत्रण




अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

फिनटेक से संबंधित भारत के महत्त्वपूर्ण डेटा तक अमेरिकी कंपनियों की पैठ गहराती जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र पर वॉलमार्ट, गूगल, मेटा आदि जैसी विदेशी कंपनियों का लगभग पूरा नियंत्रण है। फिनटेक ऐप क्रेड में 90 करोड़ डॉलर के निवेश और क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह को ह्वाट्सऐप का वैश्विक प्रमुख बनाने के मेटा के फैसले से उचित ही भारतवासियों में उपलब्धि बोध भरा है। शाह अब अनेक बड़े नामों में शामिल हो गए हैं, जो भारत से शुरूआत करते हुए सबसे बड़ी अमेरिकी कंपनियों में सर्वोच्च पद पर पहुंच गए। यह भारत की तकनीकी एवं प्रबंधकीय शिक्षा व्यवस्था की प्रतिभा तराशने की उच्च क्षमता की एक मिसाल है। मगर इस चकमते सिक्के का एक दूसरा पहलू भी है। ऐसी हर उपलब्धि इस हकीकत को बेनकाब करती है कि भारत प्रतिभाओं का लॉन्च पैड बनने से आगे नहीं बढ़ पाया है। स्वदेशी प्रतिभाएं भारत में स्टार्ट-अप्स के जरिए अपनी पहचान बनाती हैं, जिन्हें जल्द ही खासकर अमेरिकी कंपनियां खींच ले जाती हैं। नतीजतन, आज तक एक भी भारतीय ब्रांड अपनी अद्वितीय वैश्विक पहचान नहीं बना पाया है। क्रेड के सिलसिले में यह चिंताजनक पहलू भी उभरा है कि भारतीय फिनटेक में रणनीतिक निवेश के जरिए देश के महत्त्वपूर्ण डेटा तक अमेरिकी कंपनियों की पैठ गहराती जा रही है। भारत के डिजिटल पेमेंट क्षेत्र पर वॉलमार्ट, गूगल, मेटा आदि जैसी विदेशी कंपनियों का लगभग पूरा नियंत्रण है। 2018 में लॉन्च हुए क्रेड के आज लगभग एक करोड़ 70 लाख यूजर हैं, जो अपने क्रेडिट कार्ड, बीमा खरीदारी, यूपीआई पेमेंट, ऋण, निवेश आदि से जुड़े कार्य इस कार्ड से करते हैं।

ये भारत के सबसे समृद्ध उपभोक्ता हैं, जिनका बेहद अहम डेटा क्रेड के पास है। आशंका पैदा हुई है कि भविष्य में इस कंपनी अपना निवेश बढ़ाकर मेटा इन सारे आंकड़ों की मालिक बन सकती है। गौरतलब है कि ह्वाट्सऐप का इस्तेमाल भी पेमेंट ऐप के रूप में होता है। यह डेटा मेटा के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एजेंट के लिए भी बड़े काम का साबित हो सकता है। भारत में चीन की तरह डेटा ट्रांसफर पर रोक की कारगर कानूनी व्यवस्था नहीं है। ऐसे में संप्रभु एआई या संप्रभु हाई टेक का विकास की बातें खोखली नजर आने लगती हैं। इसीलिए क्रेड और मेटा में बना संबंध चिंता के पहलुओं को भी उजागर कर गया है।

## आज का विचार




# आखिर इस राजनीति के लाभार्थी कौन हैं?



जुनैद मलिक अत्तारी

भारत को विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश कहा जाता रहा है, हमारे देश की पहचान विविधता, बहुलता और सहिष्णुता से रही है।हमारे देश में अनेक धर्म, जातियां, भाषाएं और संस्कृतियां एक साथ मिलकर देश को मजबूत बनाती रही हैं।लेकिन हाल के वर्षों में भारतीय राजनीति का स्वर तेजी से बदला है। विकास, शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों की जगह नफरत, डर और विभाजन ने राजनीतिक विमर्श में प्रमुख स्थान ले लिया है, चुनावी भाषणों से लेकर सोशल मीडिया तक, हम बनाम वे ,की भाषा सामान्य होती जा रही है। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि नफरत की राजनीति आखिर है क्या, इससे किसे फायदा हो रहा है और इसका असर भारत के भविष्य पर कितना गंभीर है। कई विद्वानों के मुताबिक नफरत की राजनीति या हेट पॉलिटिक्स वह रणनीति है जिसमें राजनीतिक लाभ के लिए समाज के किसी एक वर्ग को दूसरे वर्ग के खिलाफ खड़ा किया जाता है। इसमें धर्म, जाति, समुदाय, भाषा या क्षेत्र के आधार पर लोगों को बांटा जाता है। अल्पसंख्यक समुदायों को अक्सर,खतरा, घुसपैठिया या राष्ट्र विरोधी बताकर बहुसंख्यक समाज को डर और असुरक्षा की भावना से जोड़ा जाता है। यह राजनीति तर्क और नीति के बजाय भावनाओं को भड़काने पर आधारित होती है, ताकि वोट बैंक मजबूत किया जा सके। भारत में विभाजन की राजनीति कोई नई बात नहीं है। औपनिवेशिक काल में ब्रिटिश शासन ने, फूट डालो और राज करो, की नीति अपनाई, जिससे समाज में धार्मिक और सामाजिक दरारें गहरी हुईं। आजादी के बाद भी समय-समय पर कुछ राजनीतिक ताकतों ने इन दरारों का इस्तेमाल सत्ता हासिल करने के लिये किया। 1980 और 1990 के दशक में सांप्रदायिक राजनीति ने धीरे-धीरे अपनी जड़ें जमाईं, लेकिन पिछले एक दशक में यह राजनीति हाशिये से निकलकर मुख्यधारा में आ गई है।अब यह केवल चुनावी समय तक सीमित नहीं, बल्कि रोजमर्रा के सामाजिक जीवन का हिस्सा बनती जा रही है।हम और आपके मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस राजनीति के लाभार्थी कौन हैं।सबसे पहले राजनीतिक दल, जो धार्मिक या जातीय ध्रुवीकरण के जरिए स्थायी वोट बैंक तैयार करते हैं। और कुछ ही समय में हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति इकट्ठा कर लेते हैं। देश की जनता को क्या मिलता है। सिर्फ झूठे वादे। गौरतलब है कि जब जनता भावनात्मक मुद्दों में उलझी रहती है, तब बेरोजगारी, शिक्षा, महंगाई और भ्रष्टाचार जैसे असली सवाल पीछे छूट जाते हैं।दूसरा बड़ा लाभार्थी मीडिया का एक हिस्सा है, जिसे सनसनीखेज बहसों और विवादों से टीआरपी और क्लिक मिलता हैं।यू-ट्यूब और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के एल्गोरिदम के मुताबिक नफरत भरा कंटेंट जल्दी वायरल होता है, जिससे विज्ञापन का खेल चलता रहता है।फ्रिंज एलिमेंट डालरों में कमाई करते है। इसके अलावा संगठित ट्रोल समूह और आईटी सेल भी इस माहौल में फलते-फूलते हैं, जिन्हें राजनीतिक संरक्षण और पहचान मिलती है। गौरतलब है कि देश और समाज में नफरत रातोंरात पैदा नहीं होती। इसकी शुरूआत चुपचाप होती है- यानी रोजमर्रा के पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों, असंवेदनशील




टिप्पणियों, अलगाववादी भाषा और भिन्नता के डर से। अगर इन पूर्वाग्रहों को रोका न जाए, तो ये भेदभाव, हिंसा और अंततः पूरे समुदायों को निशाना बनाने में बदल जाते हैं। कई विद्वानों ने देश और समाज में नफरत के पिरामिड का विश्लेषण किया है, जिसके पांच प्रकार है। नफरत का पिरामिड यह दशार्ता है कि कैसे नफरत भरे बयान और गलत सूचनाएं समाज में विभाजन को बढ़ावा देती हैं और शत्रुता को सामान्य बना देती हैं। यह इस बात का भी जिक्र करता है कि आम नागरिक सामूहिक रूप से कैसे इसका मुकाबला कर सकते हैं- आवाज उठाकर, समुदायों के बीच विश्वास बनाकर और मोहल्ला समितियों जैसी पहलों को मजबूत करके, जो अफवाहों को रोकने, नफरत का मुकाबला करने और मोहल्ले के स्तर पर शांति बनाए रखने के लिए काम करती हैं।नफरत अक्सर देखने में छोटे लगने वाले पूर्वाग्रहों और पक्षपातों से शुरू होती है झ यानी किसी को उसकी बनावट, तौर-तरीकों, या उसके पूजा करने के तरीके के आधार पर आंकना। फिर भी, इन रवैयों में पूरे समाज को अपनी चपेट में लेने की क्षमता होती है। मशहूर सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सेतलवाड़ कहती हैं, ह्ये ही पक्षपाती रवैये झ रूढ़िवादिता, असंवेदनशील टिप्पणियां, अलग होने का डर, गैर-समावेशी भाषा, बड़े पैमाने पर होने वाले आक्रामक व्यवहार और अपनी जैसी सोच वाले लोगों को ढूंढकर अपने पूर्वाग्रहों को सही ठहराने की प्रवृत्ति झ अंततः नफरत का रूप ले लेते हैं।यह पक्षपाती मानसिकता नफरत के पिरामिड का पहला चरण बनाती है।दूसरे चरण में पूर्वाग्रह से भरे कार्य शामिल होते हैं, जिनमें नाम लेकर चिढ़ाना, सामाजिक बहिष्कार करना और अपमानजनक मजाकों तथा रोजमर्रा के अपमान के जरिए कुछ खास समुदायों को निशाना बनाना शामिल है। नफरत के पिरामिड का तीसरा चरण भेदभाव का है, जहां समुदायों को नस्ल, यौन रुझान, जाति, वर्ग, धर्म और अन्य पहचानों के आधार पर आवास, रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में उत्पीड़न, धमकाने और बहिष्कार का सामना करना पड़ता है।नफरत के पिरामिडह्व का चौथा चरण हिंसा है झ इसमें जान-बूझकर किए गए नफरती अपराध शामिल हैं, जैसे धमकियां देना,एक समुदाय की दुकानों पर हमला करना, मारपीट, हत्या और आतंकवाद। हाल ही में एक सोशल मीडिया लाइव सेशन में, सामाजिक कार्यकर्ता तीस्ता सेतलवाड़ ने बताया कि भारत पहले ही इस चौथे चरण में प्रवेश कर चुका है; ऐसे में हर जिम्मेदार नागरिक के लिए यह बेहद जरूरी हो गया है कि वह संस्थागत नफरत को लेकर अपनी चुप्पी तोड़े।नफरत के पिरामिड का पांचवां और अंतिम चरण है नरसंहारः किसी समुदाय को जान-बूझकर और सुनियोजित तरीके से पूरी तरह से खत्म कर देना।गलत जानकारी और नफरत भरे बयान, लोगों को गुमराह करने, आपसी मतभेद बढ़ाने और समाज में अफरा-तफरी मचाने के दो शक्तिशाली हथियार हैं।

भारत की असली ताकत उसकी विविधता और एकता में है। नफरत की राजनीति से भले ही कुछ राजनीतिक और आर्थिक हित पूरे हो जाये , लेकिन इसका खामियाजा पूरे देश को लम्बे समय तक भुगतना पड़ता है। अगर भारत को एक मजबूत, न्यायपूर्ण और समावेशी राष्ट्र बनाना है, तो राजनीति को नफरत से निकालकर विकास, समानता और संवाद की राह पर लाना होगा। यही लोकतंत्र की रक्षा और देश के उज्ज्वल भविष्य का एकमात्र रास्ता है। जय हिंद जय भारत।

## चौबीस साल बाद मिला इंसाफ

लखनऊ की अदालत से आया फैसला केवल एक चर्चित हत्या के मुकदमे का अंत नहीं है, बल्कि उत्तर प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था के सबसे लंबे और चर्चित आपराधिक मुकदमों में से एक की निर्णायक परिणति भी है। करीब 24 साल तक चली सुनवाई, सैकड़ों तारीखें, बदलते हालात, गवाहों की मौत और लंबी कानूनी लड़ाई के बाद विशेष सीबीआई अदालत ने अधिवक्ता और लखनऊ बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष इंद्रदेव सिंह की हत्या के मामले में शूटर विक्रम यादव उर्फ कालिया, पन्ना सिंह और बृजेश कुमार यादव उर्फ मुन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने विक्रम यादव और बृजेश यादव पर 60-60 हजार रुपये तथा पन्ना सिंह पर 30 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया। साथ ही निर्देश दिया कि जुमार्ने की 80 प्रतिशत राशि मृतक की पत्नी नयनतारा को दी जाएगी। 8 अगस्त 2002 की सुबह लखनऊ के जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे हुई यह हत्या उस समय पूरे प्रदेश में सुर्खियों में आ गई थी। इंद्रदेव सिंह रोज की तरह अपने घर से कचहरी के लिए निकले थे। जैसे ही वह जिलाधिकारी कार्यालय के पीछे पहुंचे, पहले से घात लगाए स्कूटर सवार बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दीं। दिनदहाड़े हुई इस हत्या ने वकालत जगत में भारी आक्रोश पैदा कर दिया। पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं ने आंदोलन शुरू कर दिया और सरकार पर मामले की निष्पक्ष जांच का दबाव बढ़ गया। इसी दबाव के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने 11 अगस्त 2002 को मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की सिफारिश की और 4 सितंबर 2002 को केंद्र सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। हत्या के तुरंत बाद इंद्रदेव सिंह की पत्नी नयनतारा ने कैसरबाग कोतवाली में तत्कालीन मंत्री रामकुमार वर्मा, सुरजन लाल वर्मा, डॉ. सुषमा वर्मा और सुरेश वर्मा के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि सीबीआई की विस्तृत जांच में इन चारों के खिलाफ कोई ठोस साक्ष्य नहीं मिला और उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। इसके बाद जांच की दिशा पूरी तरह बदल गई। सीबीआई ने तकनीकी साक्ष्यों, गवाहों के बयान और आर्थिक लेन-देन की पड़ताल के आधार पर छह नए आरोपियों को चिन्हित किया। इनमें विक्रम यादव उर्फ कालिया, पन्ना सिंह, बृजेश कुमार यादव, मुन्नालाल गुप्ता, वेद प्रकाश उर्फ नेता और छोटेलाल उर्फ छोटू यादव शामिल थे।

**अजय कुमार**

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# सम्मान नहीं, रणनीतिक विश्वास की मुहर है 'बिंतांग आदिपूर्णा'



प्रो. आरके जैन अरिजीत

कूटनीति की असली ताकत हाथ मिलाने, औपचारिक स्वागत या साझा तस्वीरों में नहीं, बल्कि उस विश्वास में दिखाई देती है, जिसे कोई राष्ट्र अपने सर्वोच्च सम्मान के जरिए सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता है। जकार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा' से सम्मानित किया जाना ऐसा ही ऐतिहासिक क्षण था। फाइटर जेट्स की सलामी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के आत्मीय स्वागत ने स्पष्ट कर दिया कि भारत-इंडोनेशिया संबंध अब केवल साझा सांस्कृतिक विरासत तक सीमित नहीं हैं। यह सम्मान दोनों देशों के बीच रणनीतिक विश्वास, साझा भविष्य और क्षेत्रीय जिम्मेदारियों की नई साझेदारी का प्रतीक है। सदियों पुरानी मित्रता अब रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा और आर्थिक सहयोग जैसे नए आधारों पर कहीं अधिक सशक्त होकर उभर रही है। 'बिंतांग आदिपूर्णा' स्वीकार करते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे 140 करोड़ भारतीयों के नाम कर दिया। यही उस सम्मान का सबसे बड़ा अर्थ भी था। स्वतंत्र भारत में जवाहरलाल नेहरू (1995 में मरणोपरांत) के बाद वे दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। वर्ष 1959 में स्थापित यह अलंकरण उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जिन्होंने इंडोनेशिया की एकता, स्थिरता और समृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। किसी विदेशी नेता का इससे सम्मानित होना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, विश्वसनीय नेतृत्व और दोनों देशों के बीच गहरे होते रणनीतिक विश्वास का प्रमाण है। गणतंत्र दिवस 2025 पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत यात्रा के बाद हुआ यह जवाबी दौरा भी स्पष्ट करता है कि भारत-इंडोनेशिया संबंध अब केवल औपचारिक कूटनीति नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं।

इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि रक्षा सहयोग रही, जिसने भारत-इंडोनेशिया संबंधों को नई रणनीतिक ऊंचाई दी। दोनों देशों के बीच हुए 16 समझौतों में रक्षा क्षेत्र सबसे अहम रहा। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की अतिरिक्त बैटरियों की खरीद, एस्ट्रा बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर-टू-एयर मिसाइल से जुड़े समझौते और संयुक्त उत्पादन की संभावनाओं ने साबित कर दिया कि भारत अब केवल हथियार आयातक नहीं, बल्कि विश्वसनीय रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदार बन चुका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में एस्ट्रा मिसाइल के युद्ध-प्रमाणित प्रदर्शन ने इंडोनेशिया का भरोसा और मजबूत किया। फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया का ब्रह्मोस से जुड़ना भारत के रक्षा निर्यात के लिए एक और बड़ी उपलब्धि होगी।

# मुफ्त दवा योजना पर संकट नहीं समाधान की जरूरत"

राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित सवाई मानसिंह (एसएमएस) अस्पताल केवल एक चिकित्सा संस्थान नहीं बल्कि पूरे प्रदेश के लाखों मरीजों की उम्मीद का सबसे बड़ा केंद्र है। हर दिन हजारों मरीज दूर-दराज के गांवों और कस्बों से यहां इस विश्वास के साथ पहुंचते हैं कि उन्हें बेहतर इलाज के साथ सरकार की निशुल्क दवा योजना का लाभ मिलेगा। लेकिन जब इलाज के बाद डॉक्टर की लिखी दवाएं अस्पताल के काउंटर पर उपलब्ध नहीं होतीं तो मरीज और उसके परिजनों की चिंता कई गुना बढ़ जाती है। हाल के दिनों में जीवनरक्षक दवाओं सहित बड़ी संख्या में दवाओं की अनुपलब्धता की खबरें सामने आई हैं। यह स्थिति निश्चित रूप से चिंता का विषय है और इस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

गरीब और मध्यम वर्ग का बड़ा हिस्सा सरकारी अस्पतालों पर निर्भर रहता है। निजी अस्पतालों और मेडिकल स्टोर से दवाएं खरीदना हर परिवार के लिए आसान नहीं होता। विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य गंभीर बीमारियों के मरीजों के लिए नियमित दवाएं जीवन का आधार होती हैं। यदि ऐसी दवाएं समय पर नहीं मिलें तो बीमारी बढ़ सकती है और आर्थिक बोझ भी कई गुना बढ़ जाता है। यही कारण है कि निशुल्क दवा योजना को राजस्थान की सबसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में गिना जाता है। जयपुर के एसएमएस अस्पताल में जिन मरीजों को एक काउंटर से दूसरे काउंटर तक भेजा गया, कई दिनों बाद आने के लिए कहा गया या फिर बाहर से दवा खरीदने की सलाह दी गई, उनकी परेशानी को सहज रूप से समझा जा सकता है। जो मरीज सैकड़ों किलोमीटर दूर से किराया खर्च करके अस्पताल पहुंचता है, उसके लिए केवल दवा ही नहीं बल्कि दोबारा आने-जाने का खर्च भी बड़ी चुनौती बन जाता है। ऐसे मरीजों के सामने यह प्रश्न खड़ा हो जाता है कि वह इलाज कराए या परिवार का खर्च चलाए।

यह भी सच है कि यह समस्या केवल जयपुर तक सीमित नहीं दिखाई देती। प्रदेश के कई सरकारी अस्पतालों में समय-समय पर कुछ दवाओं की कमी की शिकायतें सामने आती रही हैं। कहीं सप्लाई में देरी होती है तो कहीं खरीद प्रक्रिया पूरी होने तक मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। इससे सरकार की अच्छी योजनाओं की छवि प्रभावित होती है। जनता यह नहीं देखती कि कमी किस स्तर पर हुई है। उसके लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह होती है कि अस्पताल पहुंचने पर दवा मिलनी चाहिए। हालांकि इस पूरे विषय को केवल आलोचना के दृष्टिकोण से देखना भी उचित नहीं होगा। राजस्थान सरकार ने पिछले कई वर्षों में चिकित्सा सुविधाओं का उल्लेखनीय विस्तार किया है। नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, जिला अस्पतालों का सुदृढ़ीकरण, मुख्यमंत्री



कांतिलाल मांडोत

निशुल्क दवा योजना और निशुल्क जांच योजना जैसी पहल ने लाखों गरीब परिवारों को राहत दी है। यदि ये योजनाएं नहीं होतीं तो गरीब मरीजों का इलाज और भी कठिन हो जाता। इसलिए यह कहना उचित होगा कि योजना में कमी नहीं है बल्कि उसके क्रियान्वयन के कुछ हिस्सों में सुधार की आवश्यकता है।

अस्पताल प्रशासन का यह कहना भी महत्वपूर्ण है कि कुछ दवाएं राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड से उपलब्ध नहीं हो पातीं तो स्थानीय स्तर पर खरीद की जाती है। कई बार आपूर्ति करने वाली कंपनियों की ओर से विलंब होने के कारण अस्थायी समस्या उत्पन्न हो जाती है। यदि वास्तव में ऐसा है तो इसका समाधान भी प्रशासनिक स्तर पर संभव है। दवाओं की उपलब्धता का नियमित आकलन, समय रहते नई खरीद प्रक्रिया और वैकल्पिक व्यवस्था से इस प्रकार की कठिनाइयों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

स्वास्थ्य व्यवस्था जितनी बड़ी होती है, चुनौतियां भी उतनी ही अधिक होती हैं। राजस्थान जैसे विशाल राज्य में करोड़ों लोगों को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना आसान कार्य नहीं है। दवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है और कई बार अनुमान से अधिक मरीज आने के कारण स्टॉक जल्दी समाप्त हो जाता है। इसलिए इस समस्या को केवल लापरवाही कह देना भी पूरी तस्वीर नहीं दशार्ता। आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य विभाग, अस्पताल प्रशासन और दवा आपूर्ति एजेंसियां मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिससे आवश्यक दवाओं का भंडार हमेशा सुरक्षित रहे।

तकनीक का बेहतर उपयोग भी इस दिशा में बड़ा समाधान बन सकता है। यदि सभी सरकारी अस्पतालों में दवाओं का ऑनलाइन स्टॉक रियल टाइम अपडेट हो तो यह पहले ही पता चल जाएगा कि कौन सी दवा कितनी मात्रा में बची है और कब नई खेप की आवश्यकता होगी। इससे आपूर्ति में होने वाली देरी को काफी हद तक रोका जा सकता है। मरीजों को भी मोबाइल या हेल्पलाइन के माध्यम से यह जानकारी मिल सके कि संबंधित दवा किस अस्पताल में उपलब्ध है। इससे उन्हें अनावश्यक चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

साथ ही अस्पतालों में मरीजों के साथ संवाद की व्यवस्था भी बेहतर होनी चाहिए। यदि किसी दवा की अस्थायी कमी है तो मरीज को स्पष्ट रूप से बताया जाए कि दवा कब तक उपलब्ध होगी या उसका सुरक्षित विकल्प क्या है। कई बार जानकारी के अभाव में मरीज अधिक परेशान हो जाता है। संवेदनशील व्यवहार और स्पष्ट सूचना भी आधी समस्या का समाधान कर देती है।

इस विषय में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों की भी भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्हें केवल आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित रहने के बजाय स्थानीय स्तर पर समस्याओं की जानकारी सरकार तक पहुंचानी चाहिए। जहां भी दवा की कमी हो, वहां तत्काल समाधान के लिए प्रयास होने चाहिए। स्वास्थ्य सेवा राजनीति का नहीं बल्कि मानवता का विषय है। इसलिए सभी पक्षों को मिलकर काम करना चाहिए। सरकार के सामने यह अवसर भी है कि वह इस घटना को एक चेतावनी के रूप में लेकर पूरे प्रदेश में दवा आपूर्ति व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करे। जिन अस्पतालों में जीवनरक्षक दवाओं की कमी है वहां तत्काल अतिरिक्त स्टॉक भेजा जाए।

## शुक्रवार का राशिफल

**मेष:** इच्छित विवाह कर ना चाहेंगे, अपनी प्रोपर्टी को नया लुक देंगे, एमबीए, डेंटल चिकित्सा की पढ़ाई कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-62

**वृषभ:** किसी का काम करके पैसे मिलने में समय लगेगा, ईएनटी, डेंटल चिकित्सक के पास ईलाज हेतु सकते हैं, छोटे भाई बहन पर कोई परेशानी आ सकती है।भाग्य प्रतिशत-50

**मिथुन:** कोई एग्रीमेंट दोबारा कर सकते हैं, गलती सम्भव हैं, फैटी लीवर की समस्या सम्भव हैं, किसी से प्रेम सम्बंध और गहरा हो सकता है। भाग्य प्रतिशत-53

**कर्क:** कम्युनिकेशन अच्छे से करेंगे, पैसे बचाने,कमाने के तरीके भी खोजेंगे, आध्यात्मिक गुण एवं नौकरीपेशा वाला जीवन साथी चुनने पर प्राथमिकता देंगे। भाग्य प्रतिशत-68

**सिंह:** कोई लाभ अचानक होगा, लोगों को प्रभावित कर सकेंगे, धार्मिक यात्रा सफल रहेगी, किसी की नजर लग सकती है बात छुपा कर चले। भाग्य प्रतिशत-55

**कन्या:** कार्यक्षेत्र में अभी कुछ सीखना पड़ेगा, मृत्यु का भय लग सकता है, शिक्षा अच्छे से नहीं कर पाएंगे, बाहर से घर वापिस आ सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-52

**तुला:** मानसिक शांति चाहेंगे किसी से मन की बात करेंगे, संतान को रोग वृद्धि हो सकती है, चिकित्सा और पूजा आदि पर पैसा खर्च होगा। भाग्य प्रतिशत-54

**वृश्चिक:** कंधो हाथों में समस्या बढ़ सकती है, ड्राइविंग भी ठीक से करें, कर्मकांड, ज्योतिष, संस्कृत की शिक्षा ले सकते हैं, विभागीय गुप्त जाँच शुरू कर सकते हैं। भाग्य प्रतिशत-62

**धनु:** जीवन साथी की करियर की मुश्किलें कम होगी लेकिन स्वास्थ्य का ईलाज लेंगे। आप मदद भी करेंगे। भाग्य प्रतिशत-69

**मकर:** विदेश में नौकरी लगने की बात होगी, उत्तर मिलने में देरी होगी, बड़ी प्लानिंग बनायेंगे, प्रोपर्टी कार्य से लाभ होगा। भाग्य प्रतिशत-62

**कुंभ:** मानसिक कष्ट से गुजरना पड़ सकता है, घर और बाहर भागदौड़ बढ़ेगी, घर के किसी सदस्य को मुश्किल आ सकती है, सम्बन्धी से भेट होगी। भाग्य प्रतिशत-50

**मीन:** बुद्धि बल का अधिक प्रयोग करना पड़ेगा, कोई डील रद्द हो सकती है, नौकरी करने में मुश्किल आएगी, कुछ मीठा का सेवन करेंगे, जल अधिक पीए। भाग्य प्रतिशत-53



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# अखिलेश यादव के जन्मदिवस पर सघन वृक्षारोपण अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर चलाए जा रहे साप्ताहिक वृक्षारोपण अभियान के तहत सपा नेता एवं कार्यकताओं द्वारा कादराबाद, गोविंदपुरी सहित कई क्षेत्रों में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है और वृक्षारोपण इसके लिए सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने बताया कि पार्टी का अभियान सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण को भी बढ़ावा देने का प्रयास है।




प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया सैन ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन आज गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की आवश्यकता है। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला ने कहा कि मानसून का मौसम पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त है तथा प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में सरोज प्रजापति, बॉबी सैन, सत्यपाल, मोहन, अक्ष रुहेला, प्रदीप सहित बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# शायर हिलाल बदायूँनी को पितृ शोक ( वालिद का इंतकाल), चाहने वालों में गम की लहर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**वजीरगंज ( बदायूँ ) ।** मशहूर शायर डॉ हिलाल बदायूँनी के पिता आले अहमद जौक साहब के इंतेकाल पर समूची बस्ती व साहित्यकारों में शोक की लहर दौड़ गयी है । बताते चलें डॉ हिलाल बदायूँनी के पिता अपने वक़्त के श्रेष्ठ शायर रहे हैं एवं उनके बहुत से शेर मशहूर है
हक़ीकत जिंदगी की इस जहां में ख्वाब है ऐ जौक
गुजर जाता है जो लम्हा वो अफसाना सा लगता है
गमे हस्ती के अफसानों को दोहराया नहीं करते
कभी रंजो आलम में अश्क बरसाया नहीं करते

जौक वजीरगंजवी का ताल्लुक उत्तर प्रदेश के ज़िला बदायूँ के कस्बा वजीरगंज से था। अपने आबाई वतन की निस्बत से उन्होंने "वजीरगंजवी" तखल्लुस इख्तियार किया। उनके घराने में इब्तिदा ही से अदब और शायरी का माहौल था, जिसने उनके जौक-ए-सुखन को परवान चढ़ाया। उनकी यही अदबी विरासत उनके बेटे डॉ. हिलाल बदायूँनी ने आगे बढ़ाई, जो आज हिंदुस्तान के मारूफ शायर और नाज़िम-ए-मुशायरा हैं। जौक वजीरगंजवी ने सादा, सलीस और आम-फहम जबान में गजलें, नज्में और शेर कहे हैं ।



फाइल फोटो
आले अहमद जौक



शायर आले अहमद जौक राममूर्ति अस्पताल बरेली में भर्ती थे । पिछले कुछ महीनों से चलने फिरने संबधी समस्या से पीड़ित थे जहां उनकी इलाज के दौरान हृदय गति रुकने से मृत्यु हो गयी । इधर बस्ती में सभी उनके व्यवहार से बहुत प्रभावित रहते थे । बुधवार दोपहर 3 बजे उनकी तदफीन पैतृक निवास के निकट कब्रिस्तान में अदा की गई । आले अहमद जौक साहब की दो औलादें हैं जिनमे एक पुत्र मशहूर शायर डॉ हलाल बदायूँनी व एक पुत्री मुरादाबाद में विवाहित है । इधर मरहूम की तदफीन में सांसद पीए अनिल यादव , मशहूर कव्वाल आरिफ सैदपुरी , मास्टर आफताब , चैयरमैन इशरत अली , वकार खा , चैयरमैन पुत्र जहीर अहमद , भाजपा नेता राहुल वार्ष्णेय , अमन मयंक शर्मा , शायर अहमद अमजदी , खालिद सुल्तानपुरी, राजवीर सिंह तरंग , तालिब हमीद रामपुरी, राशिद राहत कुन्दरकवी , सुलेमान सलमानी , गुलमुहम्मद कदीरी , सोहराब ककरालवी , अरशद रसूल , सगीर बदायूँनी एवं सैकड़ों चाहने वाले व नगर वासी मौजूद रहे ।

डॉ हिलाल बदायूँनी ने अपने पिता को श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा
बेकरारी में मुब्तिला था मैं
जिंदगी भर न सो सका था मैं
नींद आई है कब्र में आकर
उम्र भर का थका हुआ था मैं।

# सिंभावली क्षेत्र के गांव मुरादपुर में तेंदुए की आहट, ग्रामीणों में दहशत, कांवड़ यात्रा की सुरक्षा पर उठे सवाल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)।** सिंभावली थाना क्षेत्र में तेंदुए की दहशत लगातार बढ़ती जा रही है। माधापुर और खुडलिया गांव के बाद अब मुरादपुर गांव में भी तेंदुए की मौजूदगी का दावा किया जा रहा है। बुधवार देर रात एक ग्रामीण द्वारा तेंदुए की कथित तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर साझा किए जाने के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल व्याप्त हो गया। तस्वीर में तेंदुआ काफी बड़ा दिखाई देने का दावा किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों में दहशत और बढ़ गई है।





**खुडलिया, मुरादपुर में पिंजरा लगाकर वन विभाग कर रहा निगरानी**

ग्रामीणों के अनुसार पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तेंदुए के देखे जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब मुरादपुर गांव में भी उसकी मौजूदगी की चर्चा तेज हो गई है। इससे किसान खेतों में जाने से घबरा रहे हैं, जबकि छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

इधर, माधापुर गांव के नरेंद्र त्यागी और खुडलिया गांव के ग्राम प्रधान देवेंद्र ने बताया कि गांव के आसपास कई दिनों से तेंदुए की चहलकदमी देखी जा रही है। इसकी सूचना वन विभाग को भी दी जा चुकी है, लेकिन अभी तक तेंदुए को पकड़ा नहीं जा सका है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, निगरानी तेज करने और तेंदुए को जल्द सुरक्षित तरीके से पकड़ने की मांग की है। कांवड़ यात्रा की तैयारियों के बीच तेंदुए की मौजूदगी की खबर ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है।

**खुडलिया गांव में लगाया गया पिंजरा**

तेंदुए की गतिविधियों को देखते हुए वन विभाग ने खुडलिया गांव स्थित बंद पड़े ईंट भट्ठे के पास तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है और रात्रि गश्त भी बढ़ा दी गई है। साथ ही ग्रामीणों, किसानों और बच्चों को अकेले खेतों अथवा सुनसान स्थानों पर न जाने की सलाह दी गई है।

**अधिकारी बोले**

"खुडलिया गांव में तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। वन विभाग की टीम लगातार रात्रि गश्त कर रही है। तेंदुए को सुरक्षित पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।"

**सचिन कुमार,**
**उप-निरीक्षक, वन विभाग**

# नगर पंचायत अध्यक्ष पर अनियमितताओं के आरोप, सौंपा शिकायती पत्र

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** नगर पंचायत निवाड़ी के कई नामित एवं निर्वाचित सभासदों, क्षेत्र के नागरिकों तथा भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र त्यागी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी के विरुद्ध शिकायती पत्र सौंपते हुए सरकारी संसाधनों का निजी स्वार्थवश दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

शिकायतकताओं का आरोप है कि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी द्वारा नगर पंचायत के सरकारी संसाधनों ट्रैक्टर-ट्रॉली, जेसीबी, सरकारी डीजल, चालकों एवं अन्य कर्मचारियों का उपयोग निजी कार्यों में किया गया। शिकायती पत्र में कहा गया है कि सरकारी संसाधनों के माध्यम से लगभग चार से पांच हजार गज भूमि में मिट्टी का भराव कराया गया। शिकायती पत्र में वर्ष 2026 की शुरूआत से लेकर अब तक डीजल खरीद, स्टॉक बुक, वाहनों की दैनिक आवाजाही, माइलेज तथा ईंधन खपत की विस्तृत जांच कराने की मांग की गई है। इसके अलावा कुछ कर्मचारियों से अवकाश के दिनों में भी निजी कार्य कराए जाने का आरोप लगाते हुए कर्मचारियों एवं चालकों से अलग-अलग पूछताछ कराने की मांग की गई है। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में पूरे प्रकरण की जांच किसी निष्पक्ष एवं ईमानदार अधिकारी से कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। वहीं वीरेंद्र त्यागी ने जिलाधिकारी के समक्ष मौखिक रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी के वित्तीय अधिकार सीज करने तथा उन्हें पद से हटाने की मांग भी उठाई।




वीरेंद्र त्यागी के मुताबिक जिलाधिकारी ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए मामले की जांच एडीएम-ई को सौंप दी है। "वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल त्यागी ने आरोपों को निराधार बताते हुए इसे राजनीतिक विद्वेष के चलते रची गई साजिश बताया है।

शिकायती पत्र सौंपने वालों में मनोनीत सभासद रजनीश त्यागी, सतेंद्र वाल्मीकि व संगीता त्यागी, वार्ड-1 सभासद नितिन बंसल, वार्ड-2 सभासद वैशाली, भाकयून (टिकैत) के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र त्यागी, बिन्नू नेताजी, मनीष त्यागी, रोहतास ठेकेदार, पप्पू नेताजी, मन्नू त्यागी, शशांक त्यागी, विक्की त्यागी, हैप्पी त्यागी आदि शामिल थे।

# बारिश के बाद ईओ ने संभाली कमान, बंद नाले तत्काल खुलवाए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**डिबाई।** मानसून की पहली बारिश के बाद नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अरविंद मिश्र ने बुधवार शाम

- मानसून की पहली बारिश के बाद सफाई व्यवस्था का लिया जायजा
- सफाई कर्मचारियों को मौके पर दिए आवश्यक निर्देश, जलभराव रोकने पर जोर

बारिश के बीच कस्बे की सफाई व्यवस्था का स्वयं निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर नालों की स्थिति का जायजा लिया। रेलवे रोड स्थित केआईसी कॉलेज तथा कुसहा रोड पर नाले बंद होने की सूचना मिलने पर वह तत्काल मौके पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों की टीम को बुलाकर बंद नालों को तत्काल खुलवाया। डिबाई नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अरविंद मिश्रा ने बुधवार शाम बारिश के दौरान कस्बे के नालों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।





जहां दो स्थानों पर नाले बंद मिलने पर सफाई कर्मचारियों को तुरंत नालों को खुलवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ने सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मानसून के दौरान कहीं भी जलभराव की स्थिति नहीं बनने दी जाए। उन्होंने नालों की नियमित सफाई कराने तथा जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

ईओ ने बताया कि बारिश से पहले ही कस्बे के प्रमुख एवं बड़े नालों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया गया था। इसके बावजूद पहली बारिश के दौरान जिन स्थानों पर नाले अवरुद्ध मिले, वहां तत्काल कार्रवाई करते हुए जल निकासी व्यवस्था बहाल कराई गई। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि बारिश के मौसम में सफाई व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी और किसी भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# डॉक्टर को झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर मांगी रंगदारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल।** अवैध क्लीनिक पर प्रशासनिक कार्रवाई से नाराज एक युवक द्वारा सीएचसी प्रभारी को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित चिकित्साधिकारी की शिकायत पर नखासा थाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव केशोपुर भंडी निवासी मैराजुल हुसैन अमरोहा जिले के आदमपुर क्षेत्र स्थित ढवारसी स्टैंड पर अवैध रूप से क्लीनिक का संचालन कर रहा था। कुछ समय पहले सीएचसी प्रभारी डॉ. शशांक चौधरी ने जांच के दौरान उक्त क्लीनिक को सील कर दिया था। इसी कार्रवाई से नाराज होकर आरोपी ने चिकित्साधिकारी को लगातार परेशान करना शुरू कर दिया। एएसपी मनोज रावत ने बताया कि साइ ब्रज ऑपरेशन के तहत साइबर ब्लैकमेलिंग के अपराधी मैराजुल हुसैन को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कई शिकायतें मिल रही थीं कि खुद को कथित पत्रकार बताते हुए झूठी भ्रामक खबरें चलाता है और रुपये ऐंठता है।

# फर्जी मुहर लगाकर जमानत लेने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर/गाज़ियाबाद (अनवर खान)।** मोदीनगर थाने में दर्ज एक मुकदमे में जमानत प्राप्त करने के लिए कथित रूप से फर्जी सरकारी मुहर का इस्तेमाल किए जाने के आरोप में सुमित अग्रवाल, हितेंद्र जैन, पैरोकार तथा जमानती के खिलाफ कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

मामला सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि मोदीनगर थाने में दर्ज एक मामले में आरोपी सुमित अग्रवाल और हितेंद्र जैन ने जमानत प्राप्त करने के उद्देश्य से कथित रूप से एक सरकारी अधिकारी की फर्जी मुहर तैयार करवाई।

आरोप है कि उक्त मुहर को पैरोकार और जमानती के शपथ पत्रों पर लगाकर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर जमानत प्राप्त की गई। शिकायतकर्ता का आरोप है कि फर्जी मुहर और कूटरचित दस्तावेजों का उपयोग कर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। तहरीर में कहा गया है कि किसी सरकारी अधिकारी की फर्जी मुहर बनवाकर उसे न्यायालय में प्रस्तुत दस्तावेजों पर लगाना गंभीर अपराध है तथा इससे न्यायिक व्यवस्था की विश्वसनीयता और गरिमा प्रभावित होती है।

शिकायत में संबंधित दस्तावेजों की जांच कराकर सक्षम अधिकारियों से रिपोर्ट प्राप्त करने तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है।

तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि पूर्व में भी फर्जी शपथ पत्रों और कूटरचित दस्तावेजों से जुड़े मामलों में कार्रवाई हो चुकी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** भारतीय किसान यूनियन किसान सभा के संरक्षक सत्येंद्र त्यागी के नेतृत्व में संगठन के अनेक पदाधिकारियों ने किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर उप जिलाधिकारी अजीत सिंह को ज्ञापन सोपा और समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि खिदौड़ा-धोलड़ी मार्ग पर सरकारी भूमि पर खड़े हरे पेड़ों को एक लेखपाल द्वारा जड़ से उखड़वाकर बेचने का प्रयास किया गया। किसानों ने इसका विरोध किया तो उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। संगठन ने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। इसके अलावा नगर पंचायत निवाड़ी क्षेत्र में जर्जर विद्युत लाइनें और खंभे दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। किसानों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद विद्युत विभाग ने समस्या का समाधान नहीं किया है। संगठन ने आशंका जताई कि यदि समय रहते व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि तहसील क्षेत्र के कई गांवों में विद्युत विभाग द्वारा बिना सूचना उपभोक्ताओं के घरेलू बिजली लोड में वृद्धि कर दी गई है। किसानों का आरोप है कि वास्तविक खपत का सत्यापन किए बिना कार्यालय स्तर पर ही लोड बढ़ाया गया, जिससे अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। संगठन ने घर-घर जांच कर वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही लोड निर्धारित करने की मांग की। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा।



सत्येंद्र त्यागी के साथ ज्ञापन देने वालों में अनिल त्यागी, आकाश त्यागी, रोहित त्यागी, बिट्टू त्यागी, रजन त्यागी, मदनलाल फौजी, सुनील त्यागी, गालिब खान, शोएब खान, अफजल मोहम्मद, विश्वास त्यागी, सचिन त्यागी सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाले में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, पहचान में जुटी पुलिस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गोविंदपुरी क्षेत्र में गुरुवार को शिव चौक के निकट स्थित नाले से अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस नै शव को कब्जे में लेकर गोविंदपुरी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया। शव की श्रीनाथ नहीं हो सकी है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मौत के कारणों के संबंध में कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता। वास्तविक स्थिति का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है।

### सदस्यता अभियान में कई लोगों ने ली रालोद की सदस्यता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मोदीनगर (अनवर खान)।** राष्ट्रीय लोकदल द्वारा आयोजित सदस्यता ग्रहण एवं स्वागत समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के अनेक लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पार्टी से जुड़े नए सदस्यों का कार्यक्रम में बतोर मुख्य अतिथि शामिल रालोद के अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक भगवती प्रसाद ने फूल मालाओं से स्वागत किया। मुख्य अतिथि भगवती प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं, दलितों और पिछड़े वर्ग के अधिकारों की आवाज उठाने वाला दल है। उन्होंने कार्यकताओं से चौधरी चरण सिंह की विचारधारा और सामाजिक न्याय के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने संगठन विस्तार और बूथ स्तर पर कार्यकताओं को सक्रिय करने पर जोर देते हुए कहा कि मजबूत बूथ संगठन ही किसी भी राजनीतिक दल की वास्तविक शक्ति होता है। इस दौरान नौशाद, वेद प्रकाश, जगदीश, रुपेश, नीरज कुमार, अजय कुमार, सुधीर कुमार, नसीम, नानी और हर्षित कुमार सहित कई लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विनोद गौतम ने किया, जबकि संयोजन नरेंद्र जाटव ने किया। इस अवसर पर अमरजीत सिंह बिड्डी, आलोक चौधरी, मनोज त्यागी, सीताराम सेन, शिवकुमार बावरिया, अमित चौहान, नरेंद्र, चंद्रपाल, कल्याण सिंह, जितेंद्र, देवांश, ललित, बिजेंद्र, मनीष सहित राष्ट्रीय लोकदल के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**उपलब्धि**

## चौहान इलेक्ट्रिकल को मिली बड़ी उपलब्धि

# हैवेल्स के तकनीकी प्रशिक्षण में सुरक्षा और गुणवत्ता पर दिया गया जोर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**पिलखुवा।** विद्युत क्षेत्र में कार्यरत इलेक्ट्रिशियनों को नई तकनीकों और सुरक्षित वायरिंग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चौहान इलेक्ट्रिकल एवं हैवेल्स कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के करीब 40 इलेक्ट्रिशियनों ने भाग लिया और आधुनिक विद्युत उत्पादों की कार्यप्रणाली से जुड़ी जानकारी हासिल की।

कार्यक्रम के दौरान हैवेल्स कंपनी ने जनपद हापुड़ में उत्कृष्ट व्यावसायिक प्रदर्शन के लिए चौहान इलेक्ट्रिकल को सम्मानित किया। कंपनी ने चौहान इलेक्ट्रिकल के संचालक सिद्धांत चौहान को अपने ब्रांड एम्बेसडर की जिम्मेदारी भी सौंपी। प्रशिक्षण सत्र में तकनीकी विशेषज्ञ तारिक खान ने आधुनिक विद्युत तारों की गुणवत्ता, उनकी उपयोगिता और सुरक्षित घरेलू





वायरिंग के मानकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मानक गुणवत्ता वाले तारों का उपयोग करने से शॉर्ट सर्किट, करंट लगने और आग लगने जैसी घटनाओं की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है।हैवेल्स के डिस्ट्रीब्यूटर नितिन गर्ग ने कहा कि किसी भी भवन में सुरक्षित विद्युत व्यवस्था के लिए सही अर्थिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि मानकों के अनुरूप अर्थिंग होने से विद्युत उपकरण सुरक्षित रहते हैं और दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होती है। प्रशिक्षण के दौरान इलेक्ट्रिशियनों ने आधुनिक वायरिंग तकनीकों, उत्पादों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों से चर्चा की। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे उपयोगी बताया। इस अवसर पर मुकुल पवार, सुशील तोमर, नुरू, भोला पंडित, कैफ चौहान, मुकुल तोमर, अमित शर्मा, राजू कुमार सहित अनेक इलेक्ट्रिशियन मौजूद रहे।

# यातायात पुलिस ने इस्लाम नगर चौराहा पर अतिक्रमण को लेकर चलाया अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल/बहजोई (मुईनुद्दीन हसन)।** नगर के इस्लामनगर चौराहे पर से

- **टी एस आई सुरेश कुमार सिंह ने कड़ी बारिश मे चौराहे पर नहीं लगने दिया जाम,सूरत देखकर नौ दो ग्यारह हुए,वाहन चालक।**
- **टी एस आई सुरेश कुमार सिंह ने इस्लामनगर चौराहे पर सड़क किनारे नहीं खड़े होने दिये डग्गामार बाहन**






गुजरते हुऐ ट्रैफिक सी ओ ने टी एस आई सुरेश कुमार सिंह को निर्देशित करते हुये कहा की इस्लामनगर चौराहे से डग्गामार बाहनो को हटवाया जाये ताकि जाम की स्तिथि न बने ।टी एस आई सुरेश कुमार सिंह ने कड़ी धूप मे रहते हुये नेशनल हाईवे सड़क किनारे डग्गामार, टेम्पू, ठेला आदि बाहनो को हटवाया गया और हिदायत दी दुबारा सड़क किनारे कोई भी बाहन ठेला खड़ा किया तो कठोर कार्यबाही की जायगी। डग्गामार बाहनो से आये दिन जाम लगता था।टी एस आई सुरेश कुमार सिंह ने डग्गामार बाहनो से लगने बाले जाम से निजात दिला दी।

# घटिया सामग्री ने खोली नाले की पोल, नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे नाले की दीवार गिरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बहजोई (दिनेश सक्सेना)।** नगर पालिका बहजोई के द्वारा दिया गया नाले का टेंडर लेने वाले ठेकेदार ने सभी हदें पार कर दी, गुरुवार की मामूली बारिश ने ठेकेदार की पूरी सच्चाई उजागर कर दी और उसके खेल को सार्वजनिक कर दिया।

- **नाला बनाने वाले ठेकेदार का अजीब तोड़,अपने चहेतों के मकान न काटते हुए नाले को दिया मोड़।**
- **ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा,नाले की जांच की जाएगी अगर गुणवत्ता खराब है तब ठेकेदार से रिकवरी की जाएगी :अमिता वरुण ईओ बहजोई।**

पूरा मामला नगर पालिका बहजोई का है जहां शहर के पानी को निकाले के लिए सादात वाडी रोड पर नाले का निर्माण किया जा रहा है,आज मामूली बारिश में से नाले की दीवार धराशाई हो गई अव आप अंदाजा लगा सकते हैं कि किस क्वालिटी का माल लगाया गया होगा,इसी को कहते हैं सब गोल माल है।

**आखिर ठेकेदार का क्या है खेल, जिसने चहेतों के साथ किया था मेल**

चलिए आपको हम बताते है क्या इस खेल का राज ठेकेदार ने जब



इस नाले की जिम्मेदारी संभाली तो चाहने वालों का लग गया तांता । क्योंकि नाले की चपेट में आ रहे थे घर जो सडक को घेर का अवैध रुप से बनाए गये थे, फिर क्या, लेवर तो ठेकेदार के इशारों पर ही चलती है और वही हुआ जिसकी आप कल्पना नही कर सकते, अपने चहेतों के आगे जैसे ही नाला आया ठेकेदार ने नाले का ही रुख मोड़ दिया फिर छा गये ठेकेदार।

**चंद बारिश की बूंदों ने खोल दी घटिया नाले की पोल**

गुरुवार के लिए बारिश के समय घटिया माल से बनाये गये नाले की दीवार धराशाई हो गई शेष दीवार में भी वाल आ गया यह घटिया सामग्री का नतीजा है जब इस संबंध में नगरपालिका ईओ से बात की तब उन्होंने बताया की किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा । और जेई से कहूंगी की देखे, अगर गुणवत्ता खराव है तब ठेकेदार से रिकवरी की जाएगी और इसको दोबारा बनवाया जाएगा।

**अधिकारी बोली**

ठेकेदार को नोटिस जारी किया जाएगा और जेई से इसकी जांच कराई जाएगी,अगर गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो ठेकेदार से रिकवरी होगी और मानकों के हिसाब से दोबारा नाला तैयार कराया जाएगा।

**अमिता वरुण, ईओ बहजोई**

# धार्मिक प्रतीकों के राजनीतिक उपयोग पर रोक लगाने को लेकर सख्त कानून बनाने की मांग, ज्ञापन दिया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा ने गुरुवार को धार्मिक प्रतीकों के राजनीतिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए सख्त कानून बनाए जाने की मांग उठाई। संगठन के पदाधिकारियों ने महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अविनाश सिंह को सौंपा।



ज्ञापन में कहा गया कि 5 जुलाई को लखनऊ में आयोजित एक राजनीतिक रैली के दौरान भगवान श्री हनुमान के स्वरूप में सजे व्यक्ति के हाथ में राजनीतिक दल का झंडा देकर प्रचार में शामिल किए जाने की घटना सामने आई। मोर्चा ने इसे करोड़ों सनातन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताते हुए इस पर आपत्ति जताई।
मीडिया से बातचीत में राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर्येंद्र मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्वयं को सनातन धर्म की हितैषी बताती है, लेकिन उसके कुछ निर्णयों पर गंभीर सवाल उठते हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी को यह स्पष्ट करना चाहिए कि कारसेवकों पर गोली चलने की घटना से जुड़े लोगों को बाद में सम्मान और महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां क्यों दी गईं।

**इन फैसलों पर भी उठाए सवाल**

आर्येंद्र मिश्रा ने मुलायम सिंह यादव को पद्म विभूषण दिए जाने और नृपेंद्र मिश्र को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपे जाने जैसे फैसलों का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विषयों पर भी भाजपा को सनातन समाज के सामने अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। मोर्चा ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि केवल सनातन धर्म ही नहीं, बल्कि सभी धर्मों के देवी-देवताओं, महापुरुषों और धार्मिक प्रतीकों का किसी भी प्रकार के राजनीतिक प्रचार या लाभ के लिए उपयोग प्रतिबंधित किया जाए। इसके लिए केंद्र सरकार सख्त कानून बनाए, ताकि भविष्य में कोई भी राजनीतिक दल या व्यक्ति धार्मिक आस्थाओं का राजनीतिक इस्तेमाल न कर सके।

**धर्म आस्था का विषय, राजनीति का नहीं**

आर्येंद्र मिश्रा ने कहा कि धर्म आस्था और श्रद्धा का विषय है, इसे राजनीति का साधन नहीं बनाया जाना चाहिए। धार्मिक प्रतीकों की गरिमा और सम्मान बनाए रखना समाज और राजनीतिक दलों, दोनों की जिम्मेदारी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान महानगर अध्यक्ष एकांश गुप्ता, जिला महासचिव शंभु पाठक, जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट प्रवेश त्रिवेदी, युवा महानगर अध्यक्ष देवांश शंखधार, महानगर मीडिया प्रभारी लक्ष्य अग्रवाल, संस्थापक सदस्य केशव शंखधार, रजत मिश्रा, विकास गुर्जर, हिमांशु शंखधार, विशाल शर्मा, अमित शर्मा, राहुल सोनकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस ने छह अभियुक्तों के विरुद्ध गुंडा एक्ट और पांच की हिस्ट्रीशीट खोली

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी )।** जनपद पुलिस द्वारा शातिर अपराधियों पर कठोर कार्यवाही का क्रम जारी है ,पुलिस ने जहाँ छह अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट की कार्यवाही है तो पांच अपराधियों की हिस्ट्री शीट खोल कर स्पष्ट संदेश कि अब उनकी मनमानी नहीं चलेगी।पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव के निर्देशन में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाये रखने के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु थाना नौगावां सादात, थाना रजबपुर और थाना गजरौला पुलिस द्वारा आपराधिक प्रवृत्ति के छह अपराधी के विरूद्ध की गयी 3/4 गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गई जिस में साजिद उर्फ लंगडा पुत्र मोहम्मद अख्तर निवासी नई बस्ती कस्बा व थाना नौगावां सादात जनपद अमरोहा उम्र करीब 38 वर्ष,राहुल पुत्र बलवीर उम्र करीब 31 वर्ष, श्रवण पुत्र बलवीर उम्र करीब 26 वर्ष, रवि उर्फ राजेन्द्र पुत्र



बलवीर निवासी गण ग्राम बावनपुरा माफी थाना रजबपुर जनपद अमरोहा उम्र करीब 30 वर्ष,सनुज पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम सलेमपुर गौसाईं थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 21 वर्ष तथा संजय पुत्र लहरी सिंह निवासी गंगापुरी थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र करीब 48 वर्ष के नाम शामिल हैं. इसी क्रम में पुलिस द्वारा शातिर अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पांच अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली है.जिनकी निगरानी अमरोहा पुलिस द्वारा की जा रही है।जिस में शमीम पुत्र नबील उम्र करीब 41 वर्ष( हिस्ट्रीशीट संख्या-65अ ),वसीम पुत्र नबील उम्र करीब 42 वर्ष (हिस्ट्रीशीट संख्या-81अ)अजीम पुत्र अख्तर निवासीगण मोहल्ला शेखजादगान थाना ।छरायूं जनपद अमरोहा उम्र करीब 45 वर्ष (हिस्ट्रीशीट संख्या-82अ ) समरपाल पुत्र सूखाराम निवासी ग्राम बरखेडा राजपूत थाना डिडौली जनपद अमरोहा उम्र करीब 44 वर्ष । (हिस्ट्रीशीट संख्या-183अ)
अंकुश पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम धनौरी खुर्द थाना बछरायूं जनपद अमरोहा उम्र करीब 26 वर्ष( हिस्ट्रीशीट संख्या-37अ ) की हिस्ट्री शीट खोलकर निगरानी शरू की गई है इस सभी पर संगीन धाराओं के अंतर्गत कई कई मुकदमे दर्ज हैं।

# विद्यार्थी परिषद के स्थापना दिवस पर मेधावियों का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई चन्दौसी ने परिषद के 78वें स्थापना दिवस पर राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में

**कक्षा 9 से 12 तक के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को दिए मेडल व प्रशस्ति पत्र**

प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान कक्षा 9 से 12 तक वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सिद्धार्थ स्वामी ने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और संस्कार ही



सफलता की वास्तविक कुंजी हैं। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य भोपाल सिंह शास्त्री ने विद्यार्थियों से प्रतिभा के साथ अच्छे संस्कार और निरंतर मेहनत को अपनाने का आह्वान किया।
कार्यक्रम का संचालन विभाग संयोजक पीयूष बिड़ोलिया ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र शक्ति के सर्वांगीण विकास और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से निरंतर कार्य कर रही है। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री दिवाकर बावरा, जिला प्रमुख पंकज शर्मा, जिला संयोजक अखिलेश श्रीवास्तव, नगर मंत्री आशीष कुमार सहित परिषद के पदाधिकारी, विद्यालय परिवार और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

# बबराला में मुख्य रास्ते पर बना जर्जर भवन को जेसीबी से गिराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बबराला (लल्ला सलमानी )।** गुन्नौर तहसील क्षेत्र के नगर बबराला में रेलवे स्टेशन मार्ग के मुख्य रास्ते पर बनी जर्जर भवन को कोर्ट के आदेश के बाद नगर पंचायत के कर्मचारियों ने जेसीबी से मकान को ध्वस्त करा दिया जेसीबी की कार्रवाई के चलते कई घंटे

**सन 1948 में इस बिल्डिंग का किया गया था निर्माण, अब ध्वस्त कराई**

तक अवागमन प्रभावित रहा हालांकि मकान स्वामी व जिम्मेदार लोगों की देखरेख में जर्जर मकान को ध्वस्त कराया गया।बता दें कि बबराला नगर निवासी हेमंत व मुकेश के परिजनों ने सन 1948 में इस मकान को निर्माण कराया था जिसके बाद साल 2021 में इस मकान की जर्जर होने के चलते न्यायालय से ध्वस्त कराने हेतु पहल की गई कि कई सालों तक मामला विचाराधीन चलता रहा जिसके बाद अंतिम आदेश 29 मई 2026 को उच्च



न्यायालय के द्वारा मकान को नगर पंचायत द्वारा तोड़ने के लिए कहा गया आदेश में स्पष्ट बताया गया कि इस मकान को तोड़ने में जो खर्चा होगा उसका मकान स्वामी को वहन करना होगा इस पर मकान स्वामी ने सहमति दी जिसके बाद गुरुवारसुबह 10:00 बजे करीब नगर पंचायत टीम द्वारा जेसीबी से मकान को ध्वस्त करा दिया गया स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर भवन के चलते लोगों को आने जाने के चलते हादसे का डर बना रहता था लोगों ने कहा बारिश के शुरूरात मौसम में इस बिल्डिंग को ध्वस्त करने के लिए अच्छी निर्णय लिया गया है रेलवे स्टेशन से 100 मीटर दूरी पर बनी थी मुख्य मार्ग पर जर्जर मकान बता दें कि बबराला नगर में रेलवे स्टेशन मार्ग पर रेलवे स्टेशन के समीप लगभग 100 मीटर दूरी पर स्थित यह जर्जर मकान बना हुआ था हादसे होने का डर बना हुआ था अब लोगों को राहत मिली है।

# मानसून ने पकड़ी रफ्तार, नदी नाले सब फुल हुए, पूरे शहर में पानी पानी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** जिले में मानसून ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार रात से शुरू हुआ बारिश का सिलसिला गुरुवार को पूरे दिन रुक-रुककर जारी रहा। देर शाम करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने शहर को पूरी तरह भिगो दिया। गुरुवार सुबह भी आसमान में घने बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही। मौसम विभाग ने बीते 24 घंटे में 31.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज करते हुए अगले दो दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने गरज-चमक, तेज हवाओं और कई स्थानों पर भारी बारिश की संभावना जताई है।
गुरुवार सुबह और दोपहर में जिले के विभिन्न हिस्सों में खंडवर्षा हुई। दोपहर में कुछ देर धूप जरूर निकली, लेकिन हवा में नमी अधिक होने के कारण गर्मी का असर कम रहा। अधिकतम तापमान दो डिग्री गिरकर 32.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा।

**जिले में यहां हुई सबसे ज्यादा बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार शाम तक शहर में 12.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं बीते 24 घंटे में बहेड़ी में 28 मिमी, आंवला में 21.4 मिमी, फरीदपुर में 14 मिमी, नवाबगंज में 5 मिमी और मीरगंज में 2.5 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग का कहना है कि जहां अनुकूल परिस्थितियां बनेंगी, वहां गरज के साथ तेज बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं।



**पहली तेज बारिश में खुली तैयारियों की पोल**

मानसून की पहली तेज बारिश ने नगर निगम के दावों की भी पोल खोल दी। शहर के निचले इलाकों के साथ-साथ कई पॉश कॉलोनियां भी जलभराव की चपेट में आ गईं। कई स्थानों पर सड़कों पर करीब दो फुट तक पानी भर गया, जिससे यातायात प्रभावित रहा और लोगों को घंटों जाम का सामना करना पड़ा। कई वाहन बीच सड़क पर ही बंद हो गए। इस बीच सिकलापुर में जलभराव के बीच बच्चों द्वारा थमाकोल की नाव चलाने का वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहीं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बारिश से पहले नालों की सफाई के बड़े-बड़े दावे किए गए थे, लेकिन अधिकांश स्थानों पर केवल औपचारिक सफाई ही की गई।

**नारी निकेतन में भी जलभराव से परेशानी**

हजियापुर स्थित नारी निकेतन परिसर भी जलभराव से अछूता नहीं रहा। परिसर के अंदर और बाहर पानी भर जाने से महिलाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। नारी निकेतन के अधीक्षक ने बताया कि पानी भरने के कारण महिलाओं को तख्त पर बैठकर खाना बनाना पड़ रहा है। मुख्य प्रवेश द्वार पर घुटनों तक पानी भर जाने से परिसर में आना-जाना भी मुश्किल हो गया है।

**अगले दो दिन सतर्क रहने की सलाह**

मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक जिले में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। लोगों को अनावश्यक रूप से खुले स्थानों पर जाने से बचने, जलभराव वाले क्षेत्रों में सावधानी बरतने तथा गरज-चमक के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है।


**आक्रोश** कई बार शिकायत के बाद भी नहीं हुई सुनवाई,छात्रा के घायल होने के बाद आंदोलन तेज, ईओ के नाम प्रार्थना पत्र

# टूटी सड़क पर फूटा लोगों का गुस्सा, फ्लेक्सी बोर्ड लगाकर दिया संदेश- 'रोड नहीं तो वोट नहीं'

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** खुर्जा गेट करेली रोड की बदहाल सड़क को लेकर गुरुवार को स्थानीय लोगों का आक्रोश खुलकर सामने आ गया। क्षेत्रवासियों ने सड़क किनारे लगे खम्भों पर फ्लेक्सी बोर्ड लगाकर प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। फ्लेक्सी पर बड़े अक्षरों में 'रोड नहीं तो वोट नहीं' का संदेश लिखकर लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।
प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि करेली रोड लंबे समय से जर्जर हालत में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे होने से राहगीरों को रोजाना जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है। कई बार नगर पालिका और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।
क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह मार्ग कई गांवों को शहर से



जोड़ता है। इसी रास्ते से प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, शिक्षक, कर्मचारी और आम नागरिक गुजरते हैं। बरसात के कारण गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे हादसों का खतरा और बढ़ गया है।
लोगों ने बताया कि बीते मंगलवार को इसी सड़क से साइकिल से स्कूल जा रही एक छात्रा गड्ढे में गिर गई, जिससे उसका हाथ टूट गया। इसके अलावा आए दिन ई-रिक्शा, मोटरसाइकिल और साइकिल सवार सड़क पर गिरकर चोटिल हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब भी अनदेखी कर रहा है।
प्रदर्शनकारियों का कहना था कि नगर में बरसात के दौरान खराब सड़कों के कारण पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। उनका कहना था कि ऐसा प्रतीत होता है कि अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं।
प्रदर्शन के दौरान लोगों ने 'रोड नहीं तो वोट नहीं' के नारे लगाए और सड़क निर्माण की मांग को लेकर अधिशासी अधिकारी के नाम संबोधित एक प्रार्थना पत्र भी सौंपा। क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सड़क का निर्माण शुरू नहीं कराया गया तो वे जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।
**वर्जन :** अधिशासी अधिकारी ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में आ गया है। संबंधित सड़क की स्थिति का निरीक्षण कराया जाएगा। बरसात के मौसम को देखते हुए राहगीरों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। और जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।
प्रदर्शन करने वालों में नीरज, लखपत, प्रमोद कुमार, सत्य प्रकाश, प्रदीप कुमार, कैलाश, नर्मदा, वीरवती, चंचल आदि लोग मौजूद रहे।

# सुंदरकांड पाठ में राममय हुआ माहौल, व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय के आवास पर उमड़े श्रद्धालु

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**चन्दौसी।** गुरुवार को नगर के सीता रोड स्थित व्यापारी नेता अनुज वार्ष्णेय के आवास पर भव्य सुंदरकांड पाठ का



आयोजन हुआ। धार्मिक अनुष्ठान में नगर के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।
कार्यक्रम का शुभारंभ अनुज वार्ष्णेय एवं उनके परिवार ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। इसके बाद संगीतमय सुंदरकांड पाठ में श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए। सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। इस दौरान अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। पाठ के समापन पर भगवान हनुमान जी की आरती उतारी गई और सभी श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में सद्भाव, सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारा मजबूत होता है। उन्होंने नगर की सुख-समृद्धि और व्यापारियों के कल्याण की कामना की। इस अवसर पर रुचि वार्ष्णेय, रुक्मणी देवी, पूजा वार्ष्णेय, दिव्या शर्मा, अंशुल रतन, आशीष, डॉ. आकांक्षा वार्ष्णेय, गौरव सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# गोविंदनगर थाना पुलिस का एक्शन, दहेज हत्या मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन )।** गोविंदनगर थाना पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मृतका के पति, सास और देवर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।



पुलिस के अनुसार, थाना गोविंदनगर में दहेज हत्या एवं दहेज प्रताड़ना से संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की विवेचना के दौरान साक्ष्य और तथ्यों के आधार पर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मृतका का पति, उसकी सास तथा देवर शामिल हैं। पुलिस ने तीनों को गुरुवार सुबह थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी अजय कुमार वर्मा ने बताया कि दहेज हत्या जैसे गंभीर मामलों में किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा। मामले की विवेचना अभी जारी है और यदि जांच के दौरान किसी अन्य व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

# लाडली वन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 3000 पौधे रोपे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** पर्यावरण संरक्षण और ब्रज की प्राकृतिक धरोहर को सहेजने के उद्देश्य से गुरुवार को फरह विकासखंड के बरारी स्थित लाडली वन में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के

**फरह के बरारी स्थित लाडली वन में विधायक पूरन प्रकाश और डीएम चंद्रप्रकाश सिंह ने किया पौधारोपण; ब्रज की हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का दिलाया संकल्प**

तहत वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक पूरन प्रकाश और जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने पौधारोपण कर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान लगभग 3000 पौधे लगाए गए। उपस्थित सभी लोगों ने पौधारोपण के साथ-साथ पौधों की नियमित देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।

जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप 'आओ लौटाएं ब्रज की हरियाली' अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके तहत इस क्षेत्र में कुल 4000 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पहले चरण में 3000 पौधे लगाए गए हैं, जबकि शेष पौधारोपण भी शीघ्र पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राधारानी की पावन भूमि पर चलाया जा रहा यह अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि ब्रज की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने का भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। लाडली वन में लगाए गए पौधों को राधारानी को समर्पित किया गया है।



कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सफल होगा, जब लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें सुरक्षित रखा जाएगा। अभियान को ब्रज की हरियाली बढ़ाने और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# अखिल भारतीय समता फाउंडेशन ने डीपीआरओ का किया नागरिक अभिनंदन, आंबेडकर पार्कों के विकास समेत तीन सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा ( मोइनुद्दीन)।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन, जनपद मथुरा के पदाधिकारियों ने मंगलवार को अध्यक्ष लुकेश कुमार राही के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी

**अध्यक्ष लुकेश कुमार राही के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन; प्रतिमाओं पर छतरी, बाउंड्री वॉल, सौंदर्यीकरण और श्मशान घाट तक सड़क निर्माण की उठाई मांग**

(डीपीआरओ) धनंजय जायसवाल का साफा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर नागरिक अभिनंदन किया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री की घोषणाओं के अनुरूप बाबा साहब



डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाओं एवं पार्कों के विकास से संबंधित तीन सूत्रीय मांगपत्र डीपीआरओ को सौंपा। ज्ञापन में मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत जिखिन गांव स्थित डॉ. आंबेडकर पार्क में प्रतिमा पर छतरी निर्माण, पार्क का सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक विकास कार्य कराने की मांग की गई। साथ ही अनुसूचित जाति के अंत्येष्टि स्थल पर बरसात के दौरान लोगों को खुले में अंतिम संस्कार करने की मजबूरी का उल्लेख करते हुए वहां शेड निर्माण तथा श्मशान घाट तक जाने वाले संपर्क मार्ग का शीघ्र निर्माण कराने की मांग रखी गई। ज्ञापन में बताया गया कि वर्तमान में मार्ग कीचड़, गंदगी और जलभराव से प्रभावित है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा छाता तहसील की ग्राम पंचायत बसई खुर्द (भोगांव) स्थित बाबा साहब डॉ. आंबेडकर पार्क की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण कराने की भी मांग की गई। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि पार्कों का संरक्षण और सौंदर्यीकरण सामाजिक दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष चित्रसेन मौर्य, मीडिया प्रभारी सोहन सिंह, ऑडिटर आकाश बाबू, सचिव सुमित कुमार, सक्रिय सदस्य सागर सिंह, असलम कुरैशी, राज गब्बर, विक्रम सिंह सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्थान की मासूम बच्ची से दरिंदगी के विरोध में कांग्रेस का मौन प्रदर्शन, दोषियों को फांसी देने की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुई कथित सामूहिक दुष्कर्म की घटना के विरोध में गुरुवार को मथुरा जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विकास मार्केट स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया।

इस दौरान पीड़िता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने की। उन्होंने कहा कि मासूम बच्ची के साथ हुई घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। ऐसे जघन्य अपराधों पर तत्काल और कठोर कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी अपराधी इस प्रकार की वारदात करने का साहस न कर सके। उन्होंने कहा कि दोषियों को कानून के तहत शीघ्र और कठोरतम सजा दिलाई जाए तथा पीड़िता को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार और समाज दोनों की जिम्मेदारी है। यदि समय रहते जिम्मेदार लोग सतर्कता बरतते तो ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता था। कांग्रेस ने मामले की निष्पक्ष जांच कर सभी आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी तथा पॉक्सो एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष उमेश शर्मा, आदित्य तिवारी, ललिता देवी, रूपा लवानिया, गीता दिवाकर, महेश चौबे, जिलानी कादरी, रमेश कश्यप, संदीप चौधरी, हर्ष चौरसिया, योगेश यादव, पुनीत बघेल, अबरार कुरैशी, अमित राज, दुर्गेश बघेल, रूपेश धनगर, लक्ष्य गौड़, गौरांग अग्रवाल, अनवर फारुकी, पूरन सिंह, अनिल खरे, केशव मित्तल, लक्ष्मी नारायण, संजय भारद्वाज, ललित शर्मा, अभय प्रताप सिंह, बलवीर सिंह, रंजना देवी, मंजू देवी, गुड्डी देवी, गोपाल एडवोकेट, दिलशाद, राजेश कुमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बारिश ने खोली मुरादनगर नगर पालिका की जल निकासी की पोल

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मुरादनगर। (नासिर मंसूरी)** बुधवार से हो रही बारिश बृहस्पतिवार को भी जारी रही। दो







दिन से लगातार हो रही बारिश से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया, वहीं पूरे शहर में पानी भरने से मुरादनगर शहर पूरी तरह जलमग्न हो गया। पूरा शहर में पानी भरने के कारण नगरपालिका की पानी निकासी की व्यवस्थाओं की पोल पूरी तरह खुल गई है। नाले नाली उफनते दिखाई दिए और सड़क व गलियां जलमग्न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इतना ही नहीं कई कॉलोनी में जल भराव इस कदर हो गया कि फैक्ट्रीयो और घरों तक में पानी भर गया जिससे भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में भी कुछ इसी तरह के हालात देखने को मिले। मंगलवार को बारिश शुरू हुई। यह बारिश रात के साथ बुधवार को भी पूरा दिन रुक-रुक कर जारी रही।

नगर क्षेत्र में पूरा दिन बारिश होने से आमजन से लेकर विद्यार्थियों को खासी परेशानी हुई। वहीं, बाजार व सड़कों पर आवाजाही कम दिखाई दी। पूरा दिन सड़कों पर पानी बहता रहा और इससे राहगीर व दोपहिया वाहन चालकों को खासी परेशानी हुई। बुधवार को दिन में रुक रुक हुई बारिश लेकिन पूरी रात झमाझम तेज बारिश होती रही, जो बृहस्पतिवार को भी जारी रही। तेज बारिश के चलते शहर की अग्रसेन मार्केट, ईदगाह कॉलोनी, दरगाह कॉलोनी, ईदगाह रोड, मेंन बाजार, सराफा बाजार, कस्बा रोड, नूरगंज, मलिक नगर, रावली रोड, आदि शहर की कालोनियां पानी में डूब गई। और लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल हो गया। सुबह से शुरू हुई लगातार बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी। रुक-रुक कर हुई झमाझम बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं शहर के कई हिस्सों में जलभराव की समस्या गंभीर रूप से सामने आई। सड़कों पर कई-कई फुट तक पानी भरा होने से आमजन का जनजीवन प्रभावित रहा, और लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

# गुजरात से आए व्यक्ति के गुम हुए 2 लाख लौटाए, कोतवाली पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 26 घंटे के भीतर एक व्यक्ति के गुम हुए दो लाख रुपये बरामद कर उसे वापस सौंप दिए। पुलिस की इस कार्रवाई की

**भैंस बहोरा के पास गिरे थे रुपए; गुजरात से आए व्यक्ति को पुलिस ने पूरी धनराशि सौंपी, त्वरित कार्रवाई की सराहना**

स्थानीय लोगों ने सराहना की है। पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई 2026 को भैंस बहोरा क्षेत्र के पास एक व्यक्ति के दो लाख रुपये गिर गए थे। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने तत्काल मामले की जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सीसीटीवी फुटेज के आधार



पर पुलिस ने उस व्यक्ति की पहचान की, जिसने जमीन पर गिरे रुपये उठाए थे। इसके बाद पुलिस ने उसका पता सत्यापित कर पूरी धनराशि बरामद कर ली। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दो लाख रुपये पीड़ित को वापस सौंप दिए गए।

पीड़ित ने बताया कि वह गुजरात से मथुरा आया था और अपनी माता के लिए मकान निर्माण के उद्देश्य से बैंक से यह राशि निकाली थी।

रुपये वापस मिलने पर उसने मथुरा पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उसे इतनी जल्दी पूरी रकम वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा, उपनिरीक्षक आमोद कुमार तथा रिजर्व कांस्टेबल अंकुश सागर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पीड़ित ने पूरी पुलिस टीम की कार्यशैली की प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद किया। कोतवाली पुलिस का कहना है कि आधुनिक तकनीक, सीसीटीवी निगरानी और त्वरित जांच के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या गुमशुदगी की घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि शीघ्र कार्रवाई की जा सके।

# भक्ति के रंग में सजेगा पिलखुवा, भूमि पूजन के साथ श्याम महोत्सव का शंखनाद

बुलन्द संदेश ब्यूरो

पिलखुवा। नगर में आयोजित होने वाले





बहुप्रतीक्षित श्री श्याम महोत्सव की तैयारियों का शुभारंभ गुरुवार को रामलीला मैदान में वैदिक विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर किया गया। श्रद्धालुओं की मौजूदगी में हुए धार्मिक अनुष्ठान के दौरान महोत्सव के सफल एवं निर्विघ्न आयोजन की कामना की गई।

श्री श्याम सखा परिवार सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने बताया कि आचार्य अतुल शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमि पूजन संपन्न कराया। इसके साथ ही आयोजन स्थल पर तैयारियों का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष महोत्सव को पहले से अधिक भव्य, आकर्षक और सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए व्यापक स्तर पर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अलग-अलग समितियों का गठन किया गया है, जो मंच व्यवस्था, पंडाल, विद्युत, सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेंगी। ट्रस्ट के पदाधिकारी और स्वयंसेवक आयोजन को सफल बनाने के लिए लगातार जुटे हुए हैं। भूमि पूजन के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारों के साथ पूजा-अर्चना की और महोत्सव की सफलता की कामना की। इस अवसर पर मनीष तायल, सपन शर्मा, ललित गर्ग, गौरव शर्मा, अमित ठाकुर, प्रियंक तायल, पियूष गोयल, सोनू शर्मा, संजीव कुमार गोयल, अंकित सिंघल, मोनू तायल, विकास तायल, राहुल कंसल, सुनील शर्मा, अभिक गोयल, अमन मित्तल, दिनेश शर्मा, सर्वप्रिय गुप्ता, नितिन तायल, अमित तोमर, कविता शर्मा, अंजली गर्ग, नेहा गोयल, लक्ष्मी शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अब खनन पर अंकुश लगाने को डीएम एसपी ने कसी कमर

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल (सय्यद अतहर अली)।** जिले में अवैध खनन रोकने के लिए पुलिस प्रशासन ने रुपरेखा तैयार की है। जनपद के धनारी, रजपुरा, असमोली, बनियाठेर और कैलादेवी थाना क्षेत्रों में चैक पोस्ट स्थापित किए जा रहे हैं। डीएम अंकित खंडेलवाल ने खनन विभाग को निर्देशित किया है कि शीघ्र सभी चैक पोस्ट स्थापित कराए जाएं और फिर सूचना भी उन्हें दी जाए। विभाग द्वारा बताया गया है कि धनारी क्षेत्र में गढ़ी बिचौला चैक पोस्ट पर लिंटर नहीं पड़ा है, क्योंकि चैक पोस्ट में लगे भूमि के स्वामी द्वारा न्यायालय में केस दर्ज किया है , जिस कारण लिंटर नहीं डल पाया है। रजपुरा क्षेत्र में टी-प्वाइंट चैक पोस्ट बनाने के लिए अभी भूमि चिन्हित नहीं हो पाई है। वहीं असमोली क्षेत्र में सीडल माफी पेट्रोल पंप के सामने चैक पोस्ट बनकर तैयार हो गया है। बनियाठेर क्षेत्र में नगलिया बल्लू तिराहा पर चैक पोस्ट के निर्माण का कार्य चल रहा है। हालांकि कैलादेवी थाना क्षेत्र में शाकिन शोभापुर मुंजब्ता तिराहा पर चैक पोस्ट बनना है लेकिन कैलादेवी थानाध्यक्ष को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।

# ट्रैफिक अपडेट: नए बस स्टैंड रेलवे पुल से फिर दौड़े वाहन, डायवर्जन खत्म होने पर शहरवासियों ने ली राहत की सांस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** नए बस स्टैंड स्थित रेलवे पुल पर चल रहा निर्माण कार्य पूरा होने के बाद पुल को दोबारा यातायात के लिए खोल दिया गया है। पुल शुरू होते ही पिछले कई दिनों से लागू ट्रैफिक डायवर्जन समाप्त हो गया और शहर के प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही सामान्य होने लगी। इससे यात्रियों, वाहन चालकों और व्यापारियों को बड़ी राहत मिली है। रेलवे विभाग के अनुसार पुल पर मरम्मत एवं निर्माण कार्य के लिए प्रशासन से 15 दिनों का समय लिया गया था। निर्धारित समय सीमा के दौरान लगातार बारिश होने से कार्य प्रभावित हुआ, जिसके कारण पुल को तय समय पर शुरू नहीं किया जा सका। मौसम साफ होने के बाद निर्माण कार्य पूरा कर पुल को यातायात के लिए खोल दिया गया। रेलवे पुल खुलने के साथ ही नए बस स्टैंड से रोडवेज बसों का संचालन भी सामान्य हो गया है। अब यात्रियों को लंबा डायवर्जन नहीं लेना पड़ेगा, जिससे सफर का समय कम होगा और ईंधन की भी बचत होगी। पुल शुरू होने से शहर के कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव कम होने की संभावना है। स्थानीय लोगों अजय कुमार कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान प्रतिदिन जाम, लंबा डायवर्जन और वैकल्पिक मार्गों से आवागमन के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। पुल खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है और यातायात व्यवस्था पहले की तुलना में बेहतर होती दिखाई दे रही है।

# आस्था और राष्ट्रभक्ति के स्वर से गूंजा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** श्रीराम राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था, अयोध्या धाम की अंबेडकरनगर इकाई के तत्वावधान में आस्था पर आंच नहीं आने देंगे विषय पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार अशोक गोयल 'चक्रवर्ती' ने की,




जबकि संचालन रामवृक्ष बहादुरपुरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. शशि जायसवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में रामस्वरूप मयूरेश और वीना गोयल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुनीता छाबड़ा ने सरस्वती वंदना से किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में अशोक गोयल चक्रवर्ती ने कहा कि आस्था पर आंच नहीं आने देंगे, भारत संस्कारों का घर है। इसके बाद देश के विभिन्न राज्यों से आए कवि और कवयित्रियों ने राष्ट्रभक्ति, संस्कृति, सामाजिक सरोकार और आध्यात्मिक विषयों पर अपनी रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। अंत में अध्यक्ष ने सभी अतिथियों, कवियों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

**हड़कंप** चौक बाजार में तेज धमाके की आवाज से सहमे लोग, मलबा मस्जिद की छत पर गिरने से टली बड़ी अनहोनी, प्रशासन ने शुरू कराई जांच

# जामा मस्जिद के मुख्य गुंबद का हिस्सा भरभराकर गिरा, हादसे के बाद मचा हड़कंप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मथुरा (मोइनुद्दीन)।** मथुरा के चौक बाजार स्थित करीब 400 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक जामा मस्जिद में बुधवार शाम करीब 7 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब मुख्य गुंबद का एक बड़ा हिस्सा अचानक भरभराकर नीचे गिर गया। तेज आवाज सुनकर आसपास के बाजारों में मौजूद दुकानदार और राहगीर सहम गए तथा बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। राहत की बात यह रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के समय मस्जिद में नमाजी मौजूद थे। गुंबद का हिस्सा गिरते ही लोगों में दहशत फैल गई और एहतियात के तौर पर मस्जिद परिसर को तुरंत खाली करा दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए तथा पूरे क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से घेर लिया। स्थानीय दुकानदार सचिन चतुर्वेदी ने बताया कि वह अपनी दुकान पर बैठे थे। तभी अचानक तेज धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। बाहर निकलकर देखा तो मस्जिद के मुख्य गुंबद





का एक बड़ा हिस्सा नीचे गिर चुका था। उन्होंने बताया कि यह मस्जिद करीब 400 वर्ष पुरानी है। सबसे बड़ी राहत की बात यह रही कि गुंबद का मलबा मुख्य सड़क या बाजार में न गिरकर मस्जिद की ऊपरी छत पर ही गिरा। यदि मलबा सड़क या भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद आसपास के लोगों में काफी देर तक दहशत का माहौल बना रहा।

घटना के बाद जामा मस्जिद कमेटी से संपर्क कर पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन कमेटी की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया। वहीं, घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

प्रारंभिक तौर पर लगातार हो रही बारिश और भवन की पुरानी संरचना को संभावित कारण माना जा रहा है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही होगी। प्रशासन ने मस्जिद की संरचनात्मक स्थिति का विशेषज्ञों से निरीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# कांठ तहसील बार एसोसिएशन कार्यकारिणी की बैठक में अनेक प्रस्ताव सर्व सहमति से हुए पारित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** तहसील बार एसोसिएशन, कांठ की कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को बार सभा भवन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष प्रमोद शर्मा संचालन सचिव दीपक बिश्नोई द्वारा किया गया।बैठक में

### 13 जुलाई को विशेष कार्यकारिणी की बैठक होगी

कुल 15 कार्यकारिणी सदस्यों में से 14 सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सात प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया' बार सभा भवन के सामने स्थित आंगन में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु भूमि को ऊँचा कराने का प्रस्ताव इमरान खान, एडवोकेट द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।बार एसोसिएशन की सदस्यता शुल्क 20 जुलाई, 2026 तक निर्धारित समयावधि में जमा कराने का प्रस्ताव राहुल चौधरी, एडवोकेट द्वारा रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बार एसोसिएशन के आय-व्यय का विस्तृत विवरण तैयार कराने का प्रस्ताव जैनुल हसन, एडवोकेट द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

बार सभा भवन की क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल के निर्माण/मरम्मत के संबंध में हरपाल सिंह, एडवोकेट द्वारा प्रस्ताव रखा गया। इस विषय पर विस्तृत विचार-विमर्श हेतु 13 जुलाई, 2026 को एक विशेष कार्यकारिणी बैठक आयोजित करने का सर्वसम्मत निर्णय लिया गया। न्यासी समिति में अधिवक्ताओं का पंजीकरण कराए जाने का प्रस्ताव चरण सिंह सैनी, एडवोकेट द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। बार सभा भवन के शेष फेस (मुखभाग) का




सौंदर्यीकरण एवं वृक्षारोपण कराए जाने का प्रस्ताव विजेंद्र सिंह, एडवोकेट द्वारा रखा गया, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बार एसोसिएशन की मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) तत्काल प्रभाव से तैयार कराने का प्रस्ताव लक्ष्मण सिंह, एडवोकेट द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में कुल सात प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से छह प्रस्ताव तत्काल प्रभाव से सर्वसम्मति से पारित किए गए, जबकि बाउंड्री वॉल से संबंधित प्रस्ताव पर 13 जुलाई को विशेष कार्यकारिणी बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा सभी उपस्थित कार्यकारिणी सदस्यों ने लिए गए निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अपना पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

## मुरादाबाद से शिमला के लिए बस सेवा शुरू

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुरादाबाद से शिमला जाने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। मुरादाबाद बस अड्डे पर रोज शाम 6:30 बजे शिमला के लिए बस मिलेगी। यह बस सात बजे शिमला रवाना होगी। बस का संचालन शुरू कर दिया गया है। यात्रियों को अब दूसरे शहरों से बस बदलने की जरूरत नहीं है। मुरादाबाद बस अड्डे के कार्यवाहक प्रभारी रियाज हुसैन ने बताया कि यह बस बदायूं से चलकर रोज आएगी। यहां करीब 30 मिनट रुकने के बाद शाम करीब सात बजे तक शिमला के लिए रवाना



होगी। इस दौरान यात्री इस बस से शिमला के लिए सफर कर सकते हैं। मुरादाबाद से शिमला एक ही बस जा रही है। उनका कहना है कि लंबे समय से शिमला के लिए सीधी बस सेवा की मांग की जा रही थी। अब यह सुविधा शुरू होने से यात्रियों का समय बचेगा और सफर अधिक सुविधाजनक होगा। मुरादाबाद से शिमला की दूरी 418 किलोमीटर है ' शिमला के लिए 548 रुपए किराया देना होगा।

# मुरादाबाद में 68 हजार फैमिली आइडी अधर में: लक्ष्य पुरा न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि की चेतावनी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाली फैमिली आइडी-एक परिवार, एक पहचान योजना में सुस्त प्रगति पर जिला प्रशासन का धैर्य जवाब दे गया है। अफसर फैमिली आइडी बनवाने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। इसके कारण किसानों को सम्मान निधि की धनराशि भी नहीं मिल सकेगी। एक महीने तक लगातार समीक्षा के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने पर डीएम डा. राजेंद्र पैसिया ने जिले के सभी ब्लाकों के बीडीओ और सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) को चेतावनी जारी की है। आदेश में कहा गया है कि जुलाई के भीतर आवंटित लक्ष्य हर हाल में पूरा किया जाए, अन्यथा वर्ष 2026-27 की प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी और संबंधित अधिकारी स्वयं इसके लिए जिम्मेदार होंगे। जिलाधिकारी के पत्र के मुताबिक एक से 30 जून तक फैमिली आइडी अभियान की प्रगति की प्रतिदिन वीडियो




कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। इसके बावजूद अधिकांश ब्लाकों में काम की गति बेहद धीमी रही। डीएम ने इसे शासन के निर्देशों की अनदेखी बताते हुए कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित समीक्षा तक नहीं की जा रही है। समीक्षा के आंकड़े भी प्रशासन की चिंता बढ़ाने वाले हैं। जून में जिले में केवल 5,738 नई फैमिली आइडी बनाई जा सकीं, जबकि 330 आवेदन अभी भी लंबित हैं। प्रतिदिन हो रही थी वीडियो कान्फ्रेंसिंग से समीक्षा, फिर भी नहीं बढ़ी रफ्तार' स्वयं सहायता समूह,प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि और अन्य सरकारी योजनाओं से जुड़े 68,912 पात्र लाभार्थियों की फैमिली आइडी तैयार होनी शेष है। ब्लाकवार छजलैट लक्ष्य से पीछे पाए गए। मूंढापांडे में 12,262, बिलारी में 9,150, कुंदरकी में 9,469, मुरादाबाद ब्लाक में 8,786, भगतपुर टांडा में 8,280, डिलारी में 7,521, ठाकुरद्वारा में 7,167 तथा छजलैट में 6,277 लाभार्थियों की फैमिली आइडी बननी अभी बाकी है।

डीएम ने आदेश में कहा है कि फैमिली आइडी सरकार की अधिकांश योजनाओं का आधार बन चुकी है, यदि पात्र परिवारों की फैमिली आइडी समय पर नहीं बनेगी तो उन्हें योजनाओं का लाभ मिलने में भी दिक्कत आएगी।

# अत्यधिक वर्षा की चेतावनी के मुद्दे नजर मुरादाबाद में शुक्रवार को कक्षा 8 तक के स्कूल रहेंगे बंद

बुलन्द संदेश ब्यूरो


**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने गुरुवार की देर शाम एक आदेश जारी कर 10 जुलाई को कक्षा 8 तक समस्त स्कूलों में अवकाश घोषित किया है । भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ द्वारा जनपद-मुरादाबाद में अत्यधिक वर्षा होने की चेतावनी के दृष्टिगत जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त बोर्डो के कक्षा-08 तक संचालित परिषदीय / राजकीय / सहायता प्राप्त / मान्यता प्राप्त / कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालयों में 10.07.2026 का अवकाश घोषित किया है। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं'।




## 12 से 18 जुलाई तक" सांसदों को ज्ञापन देंगे शिक्षक"देशव्यापी आंदोलन चलाने का निर्णय :डॉ दिनेश चंद्र शर्मा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम में संशोधन कर पहले से नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर देशव्यापी अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में संगठन ने अपने सभी संबद्ध राज्य संगठनों को 12 से 18 जुलाई तक सांसदों को ज्ञापन सौंपने के निर्देश दिए हैं। टीएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा और महासचिव राम मूर्ति ठाकुर ने पत्र जारी कर



कहा है कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों के लिए भी टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य कर दिया गया है। यह पहले से कार्यरत शिक्षकों के साथ अन्याय है।

# सात निजी "अस्पतालों पर लटकी कार्रवाई की तलवार" आयुष्मान में फर्जीवाड़ा करने पर संबद्धता समाप्त करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** आपातकालीन कक्ष न होने, बाल रोग विशेषज्ञ की 24 घंटे उपलब्धता न होने, मरीजों को बिना जरूरत आईसीयू व विभिन्न वार्डों में शिफ्ट कर उपचार दिखाने और बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन नियमों के उल्लंघन में जिले के सात अस्पतालों पर कार्रवाई की तलवार लटक गई है। आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की स्टेट हेल्थ एजेंसी ने सातों अस्पतालों को संबद्धता समाप्त करने की चेतावनी दी है।इन अस्पतालों में नवजात शिशुओं की फाइलों पर विशेषज्ञ के बजाय नर्सिंग स्टाफ द्वारा नोट्स दर्ज किए 'सात अस्पतालों में निरीक्षण के बाद स्टेट हेल्थ एजेंसी ने इनसे जवाब मांगा था। जवाब से एजेंसी संतुष्ट नहीं है। अस्पतालों में कई खामियां मिली हैं। इन्हें अंतिम चेतावनी के रूप में सात दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। इसके बाद एजेंसी कार्रवाई कर सकती है' एक ही डॉक्टरों के नाम दो अस्पतालों के पैनल में पाए जाने पर सवाल उठे। एनआईसीयू में भर्ती नवजातों की मॉनिटरिंग में खामियां, ब्लड ट्रांसफ्यूजन संबंधी रिकॉर्ड में कमी, पंजीकृत चिकित्सकों के अलावा अन्य डॉक्टरों के कार्यरत मिलने तथा जन्म प्रमाणपत्रों का ऑनलाइन अपडेट न किए जाने जैसी अनियमितताएं पकड़ी गईं। सातों अस्पतालों को पत्र जारी करते हुए सात दिन में जवाब मांगा गया है। यदि एजेंसी जवाब से संतुष्ट नहीं हुई तो अस्पतालों की आयुष्मान संबद्धता समाप्त कर दी जाएगी। हाल ही में इन अस्पतालों की संबद्धता निलंबित की गई थी। इन अस्पतालों में फोटॉन सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर, सजीमेंड हॉस्पिटल, एवीएस हॉस्पिटल, यूनिक हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर, एमआई हॉस्पिटल, सलेक्ट हॉस्पिटल शामिल हैं। स्टेट हेल्थ एजेंसी की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि इन अस्पतालों की शिकायतों और ऑडिट के बाद प्रशासनिक जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि कई मामलों में योजना के दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया और संदिग्ध श्रेणी के दावे भी बड़ी संख्या में किए गए। अस्पतालों से स्पष्टीकरण मांगा गया था, लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद इन अस्पतालों का भुगतान भी रोक दिया गया।

# खिदमत को इबादत समझने वाले कुन्दरकी के हाजी हसमत रजा उस्मानी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी)।** जब समाजसेवा को इबादत का दर्जा मिल जाए तो कस्बा कुन्दरकी के हसमत मौहल्ला कायस्तान निवासी हाजी हसमत रजा उस्मानी का नाम हर जबान पर आ ही जाता है। इन्होंने जाति, मजहब और फि रके की दीवारें तोड़कर हर जरूरतमंद का सहारा बनकर अपनी दरिया-दिली की मिसाल कायम की है।

**दरिया-दिल इंसानियत की पहचान**

हाजी हसमत रजा उस्मानी मदद के मामले में दिल के बादशाह हैं। गरीब की थाली से लेकर मरीज की दवा तक, बेटी की शादी से लेकर मुकदमे की पैरवी तक - हर काम में ये बगैर किसी भेदभाव के सबसे आगे खड़े नजर आते हैं। इनके लिए इंसानियत ही सबसे बड़ा मजहब है।

**खिदमत का हुनर विरासत में मिला**

हाजी हसमत रजा उस्मानी साहब बताते हैं, "बचपन में वालिदैन को लोगों की खिदमत करते देखा। परेशान लोग दिल से दुआएं देते हुए जाते थे। उस वक़्त जो रूहानी सुकून मिलता था, वही सुकून आज दूसरों की मदद करके पाता हूं।"

यही बचपन की तालीम आज कुन्दरकी के हर गली-मोहल्ले में मिसाल बन चुकी है।



**मसीहा जैसी शख्सियत**

राशन, इलाज, कपड़े, शादी, उमरा - हर नेक काम में हाजी साहब पेश-पेश रहते हैं। सन 2017 से अब तक 345 गरीब बेटियों की शादी कराई। 45 लोगों को उमरा की सआदत नसीब कराई। मस्जिदों के साथ-साथ अन्य धार्मिक स्थलों की तामीर व मरम्मत में भी भरपूर सहयोग किया।

**कोरोना काल में बने मसीहा**

कोरोना लॉकडाउन के मुश्किल दिनों में 500 कुंतल राशन जरूरतमंदों में तकसीम कराया। अपनी टीम के साथ दो आंखों के मुफ्त कैंप भी लगवाए, दवा और ऑपरेशन का खर्च खुद उठाया। हसमत रजा ग्रुप के नौजवान समय-समय पर ब्लड डोनेट भी करते हैं, जिसके लिए उन्हें सम्मानित भी किया जा चुका है।

**नगर के विकास में अहम योगदान**

वार्ड-3 में आवाम की सहूलत के लिए क्षतिग्रस्त रास्ते अपने खर्चे पर दुरुस्त कराए। वार्ड-3, 11, और 13 में आबादी के ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन विद्युत लाइन को हटवाकर बड़े हादसे को टलवाया। जरूरतमंदों को कपड़े से लेकर दवा तक मुहैया कराने का सिलसिला लगातार जारी है।

**हर वक्त अवाम की खिदमत में**

आवाम की फौरी मदद के लिए हाजी हसमत रजा उस्मानी ने एक बोलेरो गाड़ी भी लगा रखी है। किसी को अस्पताल ले जाना हो या किसी जरूरी काम से जाना हो, ये गाड़ी 24 घंटे खिदमत के लिए हाज़िर रहती है।

**सियासत में भी सक्रिय भागीदारी**

हाजी हसमत रजा उस्मानी के भाई और वालिदा ने समाजसेवा के साथ-साथ आवाम की आवाज बनने के लिए नगर पंचायत से दो बार चुनाव लड़ा। सन 2012 में भाई डॉ. विशारत तुल्ला और सन 2022 में वालिदा सायरा बानो ने भी अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा। हार-जीत से बेपरवाह हाजी साहब का खिदमत का कारवां आज भी जारी है। आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों में भी जुट गए हैं।

**दुआओं की सबसे बड़ी दौलत**

लोग कहते हैं "हाजी साहब से मदद लेकर जो दुआ निकलती है वो सीधे अर्श तक जाती है।" और यही इनकी सबसे बड़ी पूंजी है।

यह तमाम इंसानियत के काम हसमत रजा ग्रुप के चेयरमैन हाजी हसमत रजा उस्मानी अपनी पूरी टीम के सहयोग से अंजाम देते हैं।

# हरियाली बढ़ाने का संकल्प: कुन्दरकी में पौधे वितरित कर दिया गया पर्यावरण का संदेश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** प्रदेश के





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाले महावृक्षारोपण अभियान की तैयारियों को लेकर आज गुरूवार को कुंदरकी नगर पंचायत में एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने की। इस दौरान नगर पंचायत चेयरमैन, अधिशासी अधिकारी, समस्त सभासदगण एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। बैठक में अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने, अधिक से अधिक पौधारोपण करने और लगाए गए पौधों के संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। हर नागरिक को इस महाअभियान से जुड़कर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया और अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने का आह्वान किया गया। बैठक के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि आइए, हम सभी मिलकर हरियाली बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण एवं भावी पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर इस महाअभियान को सफल बनाएं।

## भारत विकास परिषद का अधिष्ठापन / दायित्व बोघ समारोह 12 जुलाई को होगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** भारत विकास परिषद् रूहेलखण्ड पश्चिम (विकास रत्न) प्रान्त शाखा कांठ का अधिष्ठापन / दायित्व बोध समारोह 12 जुलाई को मुख्य बाजार स्थित वैश्य धर्मशाला में होगा ' कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू होंगे ' इस अवसर पर परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा, प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल, राष्ट्रीय गतिविधि संयोजक सेवा अजय बिश्नोई अधिष्ठापन/ दायित्व बोध समारोह में मौजूद रहेंगे ' यह जानकारी गुरुवार की देर शाम भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई ने देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद का लक्ष्य संस्कार सेवा समर्पण के साथ समाज की सेवा करना है।




## फर्जीवाड़ा सामने आने पर" अब मुरादाबाद मंडल में पट्टों की होगी" जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** संभल और अमरोहा में खेल खुलने के बाद अब मंडल के सभी जनपदों में पट्टों की जांच होगी। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने इस संबंध में मंडल के पांचों जनपदों मुरादाबाद, अमरोहा, संभल, रामपुर और बिजनौर के जिलाधिकारियों को पत्र लिखा है। पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि प्रत्येक जिलों में पट्टों की स्थिति की तहसीलवार पूरी रिपोर्ट तैयार कर ली जाए। इस दौरान जहां भी गड़बड़ी की बात सामने आए, उस पर अनिवार्य रूप से कार्रवाई कराई जाए। कहा गया कि सरकारी जमीन के नाम पर किसी को परेशान न किया जाए,यह भी सुनिश्चित किया जाए। मुरादाबाद में पूर्व में त्रिलोकपुर में पट्टे निरस्त किए जा चुके हैं। बिलारी में वर्ष 1997 में पट्टे का खेल उजागर हो चुका है। जिसमें एडीएम कोर्ट में वाद दायर करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। संभल के गुन्नौर में अवैध रूप से 162 पट्टे किये जाने के मामले में तत्कालीन एसडीएम समेत छह आरोपित सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। इसी मामले में तत्कालीन तहसीलदार एवं वर्तमान में सुल्तानपुर जनपद के सिटी मजिस्ट्रेट करम सिंह चौहान निलंबित हो चुके हैं। संभल में ही 101 करोड़ की 38 बीघा जमीन पट्टे के बाद बेचे जाने का मामला सामने आ चुका है। यही खेल अमरोहा में भी हुआ। संभल व अमरोहा में खेल सामने आने के बाद पता चला कि पांचों जनपदों में उन जमीनों में सर्वाधिक फजीर्वाड़ा हुआ, जो सड़क किनारे या हाईवे किनारे स्थित हैं या तो पाश क्षेत्र में हैं।जिसमें मुरादाबाद में सदर, कांठ, बिलारी, ठाकुरद्वारा, रामपुर में मिलक, शाहाबाद, स्वार, बिलासपुर, टांडा, संभल में असमोली, गुन्नौर, संभल, बिजनौर में नजीबाबाद, नगीना और अमरोहा में हसनपुर और धनौरा फजीर्वाड़ा गिरोह में शामिल गुर्गों व सरगना के निशाने पर रहीं। हैरानी यह कि शिकायतें यहां तक हैं कि कई मामलों में तो पत्रावलियां तक गायब हैं। अब तक फजीर्वाड़े के जो मामले सामने आ रहे हैं। उससे यह भी पता चल रहा है कि यह सारे खेल साल 1992 से 97, 2003-2007, 2012-2017 के बीच किये गए, जिसकी कलई खुलना अब शुरू हुई है। गिरोह के गुर्गों के रूप में काम करने वाले अफसर जेल जाने शुरू हुए हैं।

**बांटे पौधे** बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मौजूद रहे

# महावृक्षारोपण अभियान के तहत विधायक रामवीर सिंह ने जनप्रतिनिधियों को बांटे पौधे

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आह्वान पर आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाले महावृक्षारोपण अभियान की तैयारियों को लेकर गुरुवार को कुंदरकी ब्लॉक सभागार में एक विस्तृत बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर रामवीर सिंह मौजूद रहे। उनके साथ खंड विकास अधिकारी, चेयरमैन प्रतिनिधि मेंहदी हसन एडवोकेट, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी मोहम्मद इरफान, समस्त सचिवगण, रोजगार सेवकगण, पंचायत सहायकगण, राशन डीलरगण, ग्राम प्रधानगण एवं समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्यगण* उपस्थित रहे। विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि








पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी जरूरत है। इस अभियान को जनभागीदारी का महाअभियान बनाकर हर गांव, हर घर तक पहुंचाना है। अधिक से अधिक पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी विशेष ध्यान दिया जाए।

इस अवसर पर उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से पर्यावरण संरक्षण के इस पुनीत अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया।

बैठक में संजय कश्यप मंडल अध्यक्ष, बब्लू जाटव मंडल अध्यक्ष रतनपुर, संजय दिवाकर मंडल महामंत्री, अरविंद ठाकुर मंडल महामंत्री, बृजेश लोधी जिला मंत्री, राजवीर मंडल महामंत्री रतनपुर, पंकज शर्मा मंडल कोषाध्यक्ष, तारिक शक्ति केंद्र संयोजक अली, गुलाम रब्बानी , मौहम्मद इरफान, इरशाद पठान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सचिवगण, रोजगार सेवकगण, पंचायत सहायकगण, राशन डीलरगण, ग्राम प्रधानगण एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यगण को पौधे वितरित कर अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने तथा प्रत्येक पौधे को वृक्ष बनाने का संकल्प दिलाया गया।

बैठक के उपरांत कुंदरकी ब्लॉक परिसर में विधायक ठाकुर रामवीर सिंह के कर-कमलों द्वारा सामूहिक पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित उत्तर प्रदेश के संकल्प को सशक्त बनाने का संदेश दिया गया।

## कर्तव्य पथ पर विराम: कैंसर से जंग हार गए एस आई लाल बहादुर सिंह

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**कुन्दरकी (एम.के.भारती सैफी )।** खाकी वर्दी का एक और सिपाही असमय हमसे जुदा हो गया।

थाना कुन्दरकी में तैनात उप निरीक्षक लाल बहादुर सिंह ने सुबह को कैंसर से लंबी जंग लड़ते हुए अंतिम सांस ली।

पिछले काफी समय से वह इस जानलेवा बीमारी से जूझ रहे थे। उपचार के लिए वह चिकित्सकीय अवकाश पर थे। उनका इलाज अलीगढ़ स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय में चल रहा था। प्रातः उपचार के दौरान ही उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। निधन की खबर मिलते ही कुंदरकी थाना और पूरे पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई।

थाना प्रभारी हम्बीर सिंह जादौन ने उन्हें याद करते हुए कहा - "लाल बहादुर सिंह बेहद कर्तव्यनिष्ठ, सरल और सौम्य स्वभाव के अधिकारी थे। ड्यूटी के साथ-साथ उनका व्यवहार सभी के लिए मिसाल था। उनका जाना विभाग



की अपूरणीय क्षति है।"

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। पुलिस विभाग के साथियों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# वर्क फ्रॉम होम या बारिश का जादू? नुसरत भरूचा का मजेदार पोस्ट हुआ वायरल



वर्क फ्रॉम होम के दौरान ध्यान भटकना आजकल लगभग हर किसी की कहानी बन चुकी है। लेकिन अभिनेत्री नुसरत भरूचा के लिए इसकी वजह कोई सोशल मीडिया या फोन नहीं, बल्कि मानसून का खूबसूरत नजारा है। हाल ही में अभिनेत्री ने अपने घर पर वर्कआउट करते हुए कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं, जिनमें उनकी फिटनेस के साथ-साथ बारिश से सराबोर खूबसूरत माहौल ने भी सबका ध्यान खींच लिया। तस्वीरों में नुसरत व्हाइट स्पोर्ट्स टॉप, ब्राइट रेड शॉर्ट्स और मैचिंग स्नीकर्स पहने नजर आ रही हैं। वह डंबल्स के साथ एक्सरसाइज, स्क्वैट्स और स्ट्रेचिंग करती दिखाई दे रही हैं। वहीं कुछ तस्वीरों में वह अपनी बालकनी में खड़े होकर बारिश के मनमोहक नजारे का आनंद लेती भी नजर आ रही हैं। वैसे घर पर रहकर फिटनेस को प्राथमिकता देने के साथ उन्होंने एक बार फिर हेल्दी लाइफस्टाइल की झलक दिखाई है। हालांकि, इस पोस्ट की सबसे खास बात उसका कैप्शन है। मानसून के खूबसूरत मौसम और हरियाली से घिरे नजारों के बीच नुसरत ने मजाकिया अंदाज में लिखा, उन्होंने कहा था, वर्क फ्रॉम होम उनका यह कैप्शन साफ तौर पर इशारा करता है कि ऐसे सुहाने मौसम में काम पर ध्यान केंद्रित करना कितना मुश्किल हो जाता है। पोस्ट में बालकनी से दिखता हराभरा नजारा, बादलों से घिरा आसमान और शांत वातावरण मानसून की खूबसूरती को और भी खास बना रहा है।

यही वजह है कि नुसरत का यह पोस्ट उन लोगों से भी जुड़ गया जो घर से काम करते हुए अक्सर बारिश के मौसम में खिड़की या बालकनी की ओर खिंचे चले जाते हैं। नुसरत भरूचा अपने सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी रोजमर्रा की जिंदगी की झलकियां साझा करती रहती हैं। कभी फिटनेस, कभी फैशन, कभी ट्रैवल तो कभी पर्दे के पीछे के खास पलों से सजे उनके पोस्ट फैंस को काफी पसंद आते हैं। इस बार भी उनका यह हल्का-फुल्का और रिलेटेबल पोस्ट सोशल मीडिया पर लोगों का दिल जीत रहा है और याद दिला रहा है कि कभी-कभी काम के बीच कुछ पल प्रकृति का आनंद लेना भी जरूरी होता है।

## राघव जुयाल की फिल्म भाई तेरा स्टार है का टीजर जारी, 30 जुलाई को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

राघव जुयाल अपनी सोलो फिल्म भाई तेरा स्टार है के जरिए सिनेमाघरों में आने को तैयार हैं। हाल ही में मोशन पोस्टर आया था। ज्यादा इंतजार न कराते हुए निमार्ताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। फिल्म में राघव अजय सिंह नाम का ऐसा किरदार निभा रहे हैं, जो दिन-रात सिर्फ हीरो बनने का सपना देखता है। निर्देशन की कमान विवेक बी. अग्रवाल ने संभाली है। निर्माण ईस्टवुड पिक्चर्स और इंडियन स्टोरीज 2 के बैनर तले किया गया है।



टीजर की शुरूआत राघव के किरदार से होती है, जो खुद को रॉकिंग रिबेल सुपर अल्ट्रा फ्यूचर स्टार बताकर अपना परिचय कराता है। ये ऐसा किरदार हैं, जो हीरो बनने के लिए झूठ बोलने से नहीं कतराता और खुद को सुपरस्टार समझता है। कहानी बॉलीवुड और उसके पीछे छिपे संघर्षों से पर्दा उठाती है। फिल्म में निहारिका एनएम (यूट्यूबर), संजय कपूर, बरखा सिंह और चंदन रॉय सान्याल भी मौजूद हैं। यह 30 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

राघव को पहचान टीवी शो डांस इंडिया डांस से मिली थी, जिसमें उन्होंने प्रतियोगी बनकर हिस्सा लिया। साल 2014 में फिल्म सोनाली केबल से अपना फिल्मी डेब्यू किया। इसके बाद रेमो डिसूजा की फिल्म एबीसीडी एबीसीडी 2 और स्ट्रीट डांसर में नजर आए। लक्ष्य लालवानी के साथ फिल्म किल (2023) में नकारात्मक और खूंखार किरदार निभाकर राघव ने खूब चर्चा बटोरी। उन्हें आखिरी बार वेब सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड (2025) में देखा गया था।

## मालविका मोहनन का बोल्ड लुक देख फैंस हुए लट्टू, एक्ट्रेस ने बिकिनी में ढाया कहर

अभिनेत्री मालविका मोहनन आजकल सोशल मीडिया पर छाई हुई है. उनके सोशल मीडिया पर छाने की वजह से उनकी खूबसूरत फोटोज. जो आजकल इंटरनेट पर वायरल हो रही है. आपको बता दें कि मालविका मोहनन फैन्स की फेवरेट हीरोइन में से एक हैं. मालविका इंटरनेट पर भी काफी सक्रिय रहती हैं और फैन्स को सरप्राइज करने का मौका नहीं छोड़ती हैं. अब अभिनेत्री ने बिकिनी फोटोज से सोशल मीडिया पर पर हंगामा मचा दिया है. अभिनेत्री मालविका ने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर अपनी बिकिनी फोटोज साझा की हैं,



जिसमें उनका बोल्ड लुक दिखा. पेस्टल कलर की बिकिनी में मालविका किलर लगीं. बिकिनी को उन्होंने प्रिंटेड स्कार्फ से कवर किया हुआ था, जो ट्रॉपिकल लुक के लिए एकदम परफेक्ट है. नीले आसमान, रेत और पेड़ों के बीच मलाविका का हॉलिडे आउटफिट कम्फर्ट, एलीगेंस और मॉडर्न बीचवियर को दशार्ता है.जब बात हॉलिडे ड्रेसिंग की आती है, मलाविका मोहनन को पता है कि बिना किसी दिखावे के स्टाइल कैसे बनाए रखना है. उनका लेटेस्ट बीच लुक फ्रेश, मिनिमल और लग्जरी आइलैंड गेटअवे के लिए एकदम सूट करता है. अभिनेत्री मलाविका मोहनन रेत पर पेस्टल टोन की सॉफ्ट बिकिनी में क्लासी लुक से ध्यान खींचती दिखीं. स्टाइलिंग को मिनिमल रखते हुए मलाविका ने अपने आउटफिट के साथ मेटालिक बैंगल्स का स्टैक पहना। लंबे स्टेटमेंट इयररिंग, ओपन हेयर और लाइट मेकअप से उन्होंने अपना लुक कंप्लीट किया. उनका दमकता हुआ चेहरा धूप में और भी निखरा दिखा.फैन्स मालविका के बिकिनी लुक को परफेक्ट और क्लासी बता रहे हैं. फैन्स फायर इमोजी बनकर उनके बिकिनी लुक को एक नंबर बता रहे हैं. आपको बता दें कि मालविका मोहनन ने कई मूवीज में अभिनय कर चुकी हैं।

## आलिया भट्ट की अल्फा को चौथे दिन झटका, गिरी फिल्म की दैनिक कमाई, वेलकम टू द जंगल की रफ्तार भी पड़ने लगी धीमी

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की जासूस एक्शन थ्रिलर फिल्म अल्फा को तगड़ा झटका लगा है। वीकेंड पर शानदार कमाई करने के बाद फिल्म कारोबारी दिनों में आ चुकी है और इसी के साथ आंकड़ों में भारी गिरावट भी देखने को मिली है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स की यह 7वीं कड़ी है, जिसमें बॉबी देओल और अनिल कपूर भी मौजूद हैं। दूसरी ओर, वेलकम टू द जंगल भी बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष कर रही है। आइए देखें ताजा कलेक्शन।

सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के चौथे दिन सोमवार को 3.85 करोड़ रुपये कमाए हैं। वीकेंड पर इसने तीसरे दिन 13.25 करोड़, दूसरे दिन 11.50 करोड़ और पहले दिन 9.25 करोड़ रुपये कमाए थे। चौथे दिन सबसे कम कलेक्शन करने के बाद फिल्म की कुल नेट कमाई 37.85 करोड़ रुपये हो पाई है। विश्व स्तर पर अल्फा का कलेक्शन अब तक 63.64 करोड़ रुपये हुआ है। इससे करीब 100 करोड़ रुपये के बजट को पार करना काफी मुश्किल होगा।



अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी और अरशद वारसी जैसे सितारों से सजी फिल्म वेलकम टू द जंगल दूसरे हफ्ते में आकर फीकी पड़ने लगी है। सैकनिल्क के मुताबिक, इसने रिलीज के 11वें दिन कुल 2.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। घरेलू स्तर पर फिल्म का कुल नेट कलेक्शन 117.55 करोड़ रुपये हो चुका है, जबकि वर्ल्डवाइड इसने 170.35 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। अहमद खान द्वारा निर्देशित फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।

शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर कॉकटेल 2 भी अब बॉक्स ऑफिस पर ठंडी पर रही है और ये अब लाखों में सिमट गई है. बता दें कि 18वें दिन यानी तीसरे मंडे को इस फिल्म ने महज 40 लाख रुपये कमाए, जिससे इसका कुल घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 92.95 करोड़ रुपये हो गया. फिल्म का निर्देशन होमी अदजानिया ने किया है।

## लंबा सफर और कम नींद बढ़ा रही है गर्भधारण में परेशानी मदरहुड अस्पताल सेक्टर-48 नोएडा की कंसल्टेंट प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा मिश्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नोएडा।** मदरहुड अस्पताल सेक्टर-48 नोएडा की कंसल्टेंट प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा मिश्रा ने कहा आजकल नौकरी करने वाले कई लोग सप्ताहभर की कम नींद पूरी करने के लिए सप्ताहांत पर ज्यादा देर तक सोते हैं। नौकरी का दबाव, रोजाना लंबा सफर और परिवार की जिम्मेदारियों के कारण एनसीआर के कई लोगों को सप्ताह के दिनों में पूरी नींद नहीं मिल पाती। इसलिए वे शनिवार और रविवार को ज्यादा समय तक सोकर इसकी कमी पूरी करने की कोशिश करते हैं। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि सप्ताहांत में कुछ घंटे ज्यादा सोने से सिर्फ थोड़ी राहत मिलती है, लंबे समय तक नींद की कमी से होने वाले नुकसान की पूरी भरपाई नहीं हो सकती। लगातार कम नींद लेने से शरीर के हार्मोन का संतुलन बिगड़ सकता है, गर्भधारण की क्षमता पर असर पड़ सकता है और शरीर का संपूर्ण स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है। नोएडा के 33 वर्षीय आईटी प्रोफेशनल रोहित कुमार (नाम बदला हुआ) और उनकी 31 वर्षीय पत्नी प्रिया (नाम बदला हुआ) एक साल से ज्यादा समय तक बच्चा होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने डॉक्टर से सलाह ली। जांच में पता चला कि रोहित अपने काम के दबाव और रोजाना लगभग तीन घंटे के लंबे सफर की वजह से हर रात सिर्फ पांच घंटे ही सो पाते थे। सप्ताहभर की नींद पूरी करने के लिए वे सप्ताहांत में १० से १२ घंटे तक सोते थे। आगे की जांच में लगातार थकान, ज्यादा तनाव और अच्छी नींद न आने की समस्या



सामने आई। डॉक्टरों ने उन्हें अपनी जीवनशैली में बदलाव करने की सलाह दी। इसमें समय पर सोना, रोज एक तय समय पर सोने और उठने की आदत डालना, रात में मोबाइल और अन्य स्क्रीन का कम इस्तेमाल करना और तनाव कम करना शामिल था। कुछ महीनों बाद उनके स्वास्थ्य और गर्भधारण से जुड़े जरूरी मानकों में सुधार देखा गया। अब यह दंपति परिवार बढ़ाने की योजना बनाने के लिए तैयार है और माता-पिता बनने का अपना सपना पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे कई अन्य दंपति भी इसी तरह की समस्या का सामना कर रहे हैं। इसलिए समय रहते डॉक्टर से सलाह लेना बहुत जरूरी है।

मदरहुड अस्पताल सेक्टर-४८ नोएडा की कंसल्टेंट प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा मिश्रा ने कहा, "कई लोगों को लगता है कि अगर वे सप्ताह के दिनों में सिर्फ पांच या छह घंटे सोते हैं, तो सप्ताहांत में १० से १२ घंटे सोकर उसकी भरपाई कर सकते हैं। लेकिन हमारा शरीर इस तरह काम नहीं करता। हर सप्ताह हमारे पास २५ से ३७ साल की उम्र के दो से तीन ऐसे मरीज आते हैं, जो लंबे समय तक काम करने और रोजाना लंबे सफर की वजह से हर सप्ताह १० से १५ घंटे की नींद खो देते हैं। लगातार कम नींद लेने से शरीर के उन हार्मोन पर असर पड़ता है, जो महिलाओं में अंडाणु बनने, पुरुषों में शुक्राणु बनने और तनाव को निर्यंत्रित करने में मदद करते हैं। कम नींद की वजह से वजन बढ़ सकता है, इंसुलिन रेजिस्टेंस की समस्या हो सकती है और तनाव बढ़ाने वाले कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर भी बढ़ सकता है। ये सभी बातें गर्भधारण की क्षमता को प्रभावित कर सकती हैं। आज अच्छी और पूरी नींद प्रजनन स्वास्थ्य और परिवार बढ़ाने की तैयारी का एक जरूरी हिस्सा है, लेकिन लोग अक्सर इसे नजरअंदाज कर देते हैं। जिस तरह हम दंपतियों को संतुलित भोजन और नियमित व्यायाम की सलाह देते हैं, उसी तरह हर रात सात से आठ घंटे की अच्छी और गहरी नींद लेने की भी सलाह देते हैं। सिर्फ सप्ताहांत में ज्यादा सोने के बजाय रोजाना पर्याप्त और नियमित नींद लेना कहीं ज्यादा फायदेमंद होता है।"

विशेषज्ञों का कहना है कि अब नींद को सिर्फ आराम का समय नहीं समझना चाहिए। जो लोग बच्चा होने की योजना बना रहे हैं या प्रजनन से जुड़े इलाज ले रहे हैं, उनके लिए हर दिन समय पर और पूरी नींद लेना उतना ही जरूरी है, जितना सही भोजन करना और नियमित रूप से व्यायाम करना। आज अपनी नींद की आदतों में किए गए छोटे-छोटे बदलाव आगे चलकर प्रजनन स्वास्थ्य को सुधारने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

## पानी आधारित बनाम दूध आधारित टोनर: कौन-सा विकल्प है किस तरह की त्वचा के लिए सही?

टोनर त्वचा की देखभाल का एक जरूरी उत्पाद है, जो चेहरे की सफाई के बाद त्वचा को ताजगी और नमी देने में मदद करता है। बाजार में कई तरह के टोनर मिलते हैं, जिनमें से पानी आधारित और दूध आधारित टोनर सबसे ज्यादा चर्चित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि इन दोनों में से किसका उपयोग किसे करना चाहिए? आइए जानते हैं कि पानी आधारित टोनर और दूध आधारित टोनर में से किसका चयन बेहतर होता है।



**पानी आधारित टोनर क्या है और इसका उपयोग कैसे करें?**

पानी आधारित टोनर प्राकृतिक तत्वों से बने होते हैं और इनका मुख्य उद्देश्य त्वचा को नमी देना और उसे पोषण देना होता है। ये हल्के होते हैं और जल्दी त्वचा में समा जाते हैं, जिससे त्वचा को ताजगी मिलती है। इनका उपयोग करने का तरीका है कि चेहरे को साफ करने के बाद सूती कपड़े पर थोड़ा-सा टोनर लेकर हल्के हाथों से पूरे चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को साफ करने के साथ-साथ उसे नमी भी प्रदान करता है।

**दूध आधारित टोनर क्या है और इसे कैसे उपयोग करें?**

दूध आधारित टोनर में दूध के पोषक तत्व होते हैं, जो त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं।

ये टोनर खासकर सूखी त्वचा वालों के लिए फायदेमंद होते हैं, क्योंकि ये त्वचा को गहराई से नमी देते हैं और मुलायम बनाते हैं। इसका उपयोग करने के लिए एक सूती कपड़े पर थोड़ा-सा टोनर लेकर हल्के हाथों से पूरे चेहरे पर लगाएं। यह त्वचा को नमी देने के साथ-साथ उसे मुलायम भी बनाता है।

**किस प्रकार की त्वचा के लिए पानी आधारित टोनर है बेहतर?**

पानी आधारित टोनर सभी प्रकार की त्वचा वालों के लिए उपयुक्त होते हैं, लेकिन खासकर तैलीय और मिश्रित त्वचा वालों के लिए ये अधिक फायदेमंद होते हैं। ये टोनर त्वचा के अतिरिक्त तेल को नियंत्रित करते हैं और रोमछिद्रों को छोटा करने में मदद करते हैं। इसके अलावा ये टोनर त्वचा की ताजगी बनाए रखते हैं और इसे नमी देते हैं। अगर आपकी त्वचा तैलीय या मिश्रित है तो पानी आधारित टोनर आपका सही चयन हो सकता है।

**किस प्रकार की त्वचा के लिए दूध आधारित टोनर है अच्छा विकल्प?**

दूध आधारित टोनर सूखी त्वचा वालों के लिए बेहतरीन होते हैं, क्योंकि इनमें मौजूद दूध के तत्व त्वचा को गहराई से पोषण देते हैं। यह टोनर खासकर सर्दियों में बहुत फायदेमंद होते हैं, जब हवा में नमी कम होती है और त्वचा सूखी हो जाती है। इसे उपयोग करने पर त्वचा मुलायम और नमी युक्त महसूस होती है। अगर आपकी त्वचा सूखी है तो दूध आधारित टोनर आपका सही चयन हो सकता है।

# पापड़ नगरी व हैंडलूम नगरी में जलभराव,जनता परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**हापुड़।** गत बुधवार की शाम से शुरू हुई वर्षा के गुरुवार की देर शाम तक बारिश जारी रहने से उमस भरी गर्मी से राहत मिलने के साथ-साथ पापड़ नगरी व हैंडलूम नगरी में जल भराव होने जनमानस को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग की

- **बारिश में बहे नगर पालिका परिषद के दावे**
- **बच्चे,बूढ़े और जवानों ने लिया वर्षा का आनंद**
- **वर्षा धान,गन्ने की फसल के लिए लाभदायक:ज्ञानेन्द्र**
- **खेतों में पानी भरने से बेलवाली फसलों को होगा भारी नुकसान**









मानें,तो अभी वर्षा से 10 व 11 जुलाई को भी जारी रहेगी। वर्षा से बेल वाली फसलों को भारी नुकसान होगा।

आपको बता दें कि गत बुधवार की शाम से वर्षा शुरू होने के बाद रुक-रुक कर गुरुवार की देर शाम तक जारी रही। तेज वर्षा होने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। वर्षा का बच्चे,बूढ़े और जवानों ने भरपूर आनन्द लिया।

हापुड़ में वर्षा होने से नगर पालिका परिषद,शहर के मौहल्ला छज्जूपुरा,अतरपुरा चौपला, स्वर्ग आश्रम रोड, शिवपुरी, मजीदपुरा, कोठी गेट,गोल मार्केट,गढ़ रोड, अतरपुरा चौपला और पिलखुवा में रेलवे रोड,शिवाजी नगर,रमपुरा रोड,गांधी बाजार,चंडी मंदिर मार्ग सहित अन्य मोहल्लों में वर्षा का पानी भर गया। स्कूली बच्चों को गलियों में भरे पानी से होकर अपने घरों तक पहुंचना पड़ा। आपको बता दें,कि नगर पालिका परिषद ने दावा किया था,कि बरसात में शहर में जल भराव की समस्या उत्पन्न नहीं होगी। गुरुवार की दोपहर हुई वर्षा में उनके दावे पानी के साथ बह गये।

शहर में जल भराव की समस्या से लोगों को जूझने के लिए मजबूर होना पड़ा। धौलाना क्षेत्र के किसान भवेन्द्र सिंह शिशौदिया का कहना है,कि वर्षा खेतों में खड़ी में गन्ने,धान व दाल की फसल के लिए बहुत लाभकारी है। हापुड़ ब्लाक क्षेत्र गांव वझीलपुर निवासी किसान ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि वर्षा का पानी खेतों में भरने से बल वाली हरी सब्जियां जैसे तोरी,लोकी,करेला,काशीफल पालक आदि की फसलें नष्टद्द हो जायेगी। जिससे किसानों को काफी नुकसान होगा।

# अमरोहा विधानसभा चुनाव की तैयारियों तेज, प्रत्याशियों ने अपने राजनैतिक आकाओ से संपर्क शुरू किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अमरोहा (डा.महताब अमरोहवी)।** उत्तर प्रदेश विधान सभा के चुनाव में अभी काफी देर है लेकिन जिले में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा अपने-अपने राजनीतिक आकाओं से संपर्क करना आरम्भ कर दिया है ताकि जिले में अपने पक्ष का वातावरण बनाने में सहायता मिल सके।यदि अमरोहा विधानसभा की बात करें तो यहाँ पिछले पच्चीस साल से हाजी महबूब अली लगातार जीत रहे हैं और हर चुनाव में उनकी जीत का अंतर बढ़ता जा रहा है विगत विधान सभा चुनाव में उन्हों ने अपने प्रतिद्वंदी भाजपा के राम सिंह सैनी को सत्तर हजार से भी अधिक मतों से पराजित किया था ,जो उत्तर प्रदेश में जीत का अंतर दूसरे स्थान पर था। सपा के टिकट पर उनकी दावेदारी मजबूत मानी जा रही है क्यूंकि वह जहां कई मंत्रालयों के कैबिनेट मंत्री रहे हैं तो दूसरी और विगत ग्यारह वर्षों से उत्तर प्रदेश लोक लेखा समिति के अध्यक्ष हैं साथ समाजवादी पार्टी की प्रचार समिति के महत्वपूर्ण सदस्य हैं जो दूसरे प्रत्याशियों की चुनावी सभाओं को सम्बोधित करते हैं ,वह अखिलेश यादव के करीबी भी माने जाते हैं ,यही कारण है कि अभी तक उनके मुकाबले किसी भी अन्य नेता ने सपा का टिकट मांगने का साहस नहीं किया परन्तु इस बार इकबाल नगर जोया के एक पार्षद समाजवादी पार्टी के नेता रईस अल्वी ने विगत दिनों लखनऊ जाकर पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात कर के अमरोहा विधानसभा के टिकट की दावेदारी पेश की है ,जिस को लेकर राजनीतिक गलियारों में काफी चर्चा हो रही है क्योंकि यह पहला मौका है जब किसी ने महबूब अली के मुकाबले टिकट माँगा है।रईस अल्वी जहां लम्बे समय से समाजवादी पार्टी से जुड़े हैं वहीँ अपने इलाके जोया में अकसर पार्टी से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं और लगातार लोगों से जनसम्पर्क करके समर्थन जुटा रहे हैं। रईस अल्वी के अनुसार अखिलेश यादव ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि उनके मामले पर विचार किया जाएगा, साथ उन्हें अखिलेश यादव ने उन्हें दिल्ली भी बुलाया था , देखना यह होगा कि रईस अल्वी को कितनी कामयाबी मिलती है। भाजपा इस बार अमरोहा विधानसभा सीट पर किसी मजबूत प्रत्याशी को उतारने का मन बना रही है क्यूँकी विगत पच्चीस वर्षों से कोई भी भाजपा प्रत्याशी महबूब अली को टक्कर नहीं दे सका सूत्रों की मानें तो इस बार भाजपा नगर पालिका चेयरपर्सन शशि जैन के वरिष्ठ पुत्र अखिल कुमार जैन के नाम पर विचार कर सकती है जो विगत कई वर्षों से मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ से मुलाकात कर चुके हैं और उन्हों ने अपनी दावेदारी पेश की है। मुस्लिम बाहुल्य अमरोहा नगर पालिका अध्यक्ष सीट पर लगातार दूसरी बार कामयाबी से जैन परिवार और भाजपा काफी संतुष्ट हैं उनका दावा है कि उन्हों ने लगातार दूसरी बार अमरोहा अध्यक्ष सीट जित कर भाजपा की झोली में डाली है हालंकि इस जीत पर आरोप भी लगे हैं और मतों की गिनती को लेकर मामला अदालत में विचाराधीन है जिस में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी फरहान खान ने गिनती में गड़बड़ी का आरोप लगाया था और मतों की पुनः गिनती का अनुरोध न्यायपालिका से किया था लेकिन मामला अभी तक लंबित है। भाजपा इस बार अखिल जैन पर दाव लगा सकती है अखिल जैन जहां अपने पिता पूर्व पालिका अध्यक्ष अतुल जैन की भांति अखिल जैन और उनके अनुज निखिल जैन मुस्लिम समाज में लोकप्रिय हैं और हर समय लोगों की समस्याओं का समाधान करते रहते हैं।















## निजी लाभ के लिए दूसरी पंचायत की अपनी प्लाटिंग में बनवा दी नाली और इंटरलॉकिंग

# विधायक और ब्लॉक प्रमुख से कम नहीं है मलिहाबाद का एक प्रधान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ (लेखराम मौर्य)।** राजधानी के विकासखंड मलिहाबाद में एक पंचायत ऐसी है जहां के प्रधान ने दूसरी पंचायत में प्रॉपर्टी डीलिंग के जरिए प्लाटिंग की और यह जमीन अपने और परिवार की एक महिला के नाम खरीदी थी उसके बाद इसी जमीन पर ग्राम पंचायत के सरकारी धन से इंटरलॉकिंग और नाली बनवा दी।

मलिहाबाद की ग्राम पंचायत बहेलिया के ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने बगल की ग्राम पंचायत कसमंडी कला में गाटा संख्या 1153 की जमीन अशोक कुमार पुत्र अमृतलाल से खरीदी जो ओमप्रकाश और अर्चना साहू के नाम दर्ज की गई। इस जमीन का बैनामा 5 अक्टूबर 2024 को और दाखिल खारिज 28 नवंबर 2024 को किया गया। गांव के फूल चंद्र रावत ने बताया कि ग्राम प्रधान द्वारा किठाई पारा से मंदिर तक 200 मीटर इंटरलॉकिंग की नाप कराई गई उसके बाद प्रधान द्वारा वहां पर इंटरलॉकिंग न लगवा कर अपनी प्लाटिंग में अपने खेत को जाने के लिए इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण करा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि जहां यह रास्ता बना है वहां डामर रोड से आगे इंटरलॉकिंग के समाप्त होने के पास ही प्रधान का खेत है और इंटरलॉकिंग के बगल में प्रधान के रिश्तेदारों का बाग भी है इसलिए ग्राम प्रधान द्वारा लाखों रुपए खर्च करके यहां अपनी प्लाटिंग में इंटरलॉकिंग और नाली बनवाई गई है। जिस तरह से ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले हर काम के लिए ग्राम प्रधान पंचायत सचिव जिम्मेदार होते हैं इस तरह इस काम के लिए भी जिम्मेदार थे बावजूद इसके उन्होंने पद का दुरुपयोग करते हुए दूसरी ग्राम पंचायत की जमीन में निजी लाभ के लिए इस तरह का कृत्य किया है।

ग्राम पंचायत का यह पहला मामला नहीं है जहां सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया हो यहां हैंड पाइप मरम्मत के नाम पर भी लाखों रुपए निकाले गए और एक ही हैंड पाइप की कई कई फोटो डालकर लाखों रुपए की बंदर बांट की गई है ऐसे भी हैंड पाइप हैं जिनकी मरम्मत स्वयं मकान मालिक कर रहे हैं बावजूद इसके उस पर भी मरम्मत के नाम पर सरकारी धन की लूट की गई है। इसके अलावा साफ सफाई सहित कई ऐसे कार्यों के नाम पर भी पैसे निकाले गए जिनका विवरण डिजिटल अभिलेखों में उपलब्ध नहीं है। इस संबंध में जिला पंचायत राज अधिकारी आदर्श सिंह से बात की गई तो उन्होंने कहा कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी ।



# फीनिक्स पलासियो ने धूमधाम से मनाया छठी सालगिरह का जश्न

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** शहर के प्रमुख शॉपिंग और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन फीनिक्स पलासियो ने अपनी छठी सालगिरह का जश्न मनाया गया। पांच दिनों तक चले इस विशेष आयोजन में बच्चों, युवाओं और परिवारों ने विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, जैज की लाइव परफॉर्मेंस समेत आकर्षक शॉपिंग ऑफर्स का भरपूर आनंद लिया। पिछले छह सालों में फीनिक्स पलासियो ने लखनऊ के सबसे पसंदीदा शॉपिंग और लाइफस्टाइल डेस्टिनेशन्स में अपनी खास पहचान बनाई है। देश और दुनिया के कई बड़े ब्रांड्स, शानदार फूड ऑप्शन्स और परिवारों के लिए आयोजित होने वाले विशेष आयोजनों की वजह से यह हर उम्र के लोगों की पसंदीदा जगह बन चुका है। अपनी छठी सालगिरह के अवसर पर मॉल ने अपने ग्राहकों के साथ इस खूबसूरत सफर का जश्न मनाया। समारोह के दौरान बच्चों और परिवारों के लिए कई रोचक डीआईवाई एक्टिविटीज आयोजित की गईं।



# भारी वर्षा के चलते आज कक्षा 12 तक के स्कूल कालेजों में रहेगा अवकाशः डीएम

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हापुड़।** जिलाधिकारी कविता मीना ने भारी बारिश के चलते जनपद में संचालित कक्षा एक से इंटरमीडिएट तक सरकारी व निजी स्कूल कालेजों में 10 जुलाई का अवकाश घोषित किया है।

**जनपद में गत बुधवार की शाम से लगातार हो रही है,बारिश**

आपको बता दें,कि गत बुधवार की शाम से लेकर गुरुवार की देर शाम तक भारी वर्षा हो रही है। जिस कारण जनपद में विभिन्न स्थानों पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण यातायात बाधित होने के साथ-साथ लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। जिलाधिकारी कविता मीना ने बताया कि भारी बारिश के मद्देनजर जनपद में संचालित एक से कक्षा 12 तक स्कूल कालेजों में 10 जुलाई को अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। साथ ही अभिभावकों से अपील की,कि वह बारिश में अपने बच्चों को घर से बाहर नहीं भेजे।



# बड़े खेल आयोजनों की मेजबानी भारत को दिला रही नई वैश्विक पहचान : मनसुख मांडविया

**नई दिल्ली ।** भारत अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी में लगातार अपनी मौजूदगी मजबूत कर रहा है। देश एक ओर 2030 के कॉमनवेल्थ गेम्स की मेजबानी की तैयारी कर रहा है, जबकि 2036 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों की मेजबानी के लिए भी अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटा है। इस बीच, केंद्रीय युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी से भारत की वैश्विक पहचान मजबूत होती है और खिलाड़ियों को अपने ही देश में विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा का अनुभव मिलता है।

खेल मंत्रालय की रिलीज के अनुसार, जनवरी 2025 से जून 2026 के बीच भारत ने 15 से अधिक शहरों में 36 अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया है। इन आयोजनों ने यह साबित किया है कि भारत के पास विश्वस्तरीय खेल सुविधाएं ही नहीं, बल्कि बड़े टूर्नामेंटों के सफल संचालन की क्षमता भी तेजी से विकसित हो रही है। नई दिल्ली, अहमदाबाद, भुवनेश्वर, चेन्नई, गोवा, गुवाहाटी, राजगीर, पटना, हैदराबाद, पुणे, लखनऊ और महाबलीपुरम जैसे शहर अब अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। इन शहरों में आयोजित प्रतियोगिताओं में विश्व चैंपियनशिप, एशियाई चैंपियनशिप, विश्व कप, अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट और महाद्वीपीय क्वालीफायर जैसे बड़े आयोजन शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स, हॉकी, बैडमिंटन, शूटिंग, मुक्केबाजी, टेबल टेनिस, फुटबॉल, तैराकी, पैरा स्पोर्ट्स, शतरंज, साइकिलिंग, फेंसिंग, वॉलीबॉल, रग्बी और सर्फिंग सहित कई खेल शामिल रहे। इनमें से कई प्रतियोगिताओं की मेजबानी भारत ने पहली बार की। इसके साथ ही भारतीय खिलाड़ियों ने घरेलू मैदान पर शानदार प्रदर्शन करते हुए कई यादगार उपलब्धियां भी हासिल कीं।मनसुख मंडाविया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की मेजबानी अब भारत के खेल विकास का अहम हिस्सा बन चुकी है। उनके अनुसार, ऐसे आयोजन देश की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने के साथ-साथ खिलाड़ियों को मजबूत विदेशी प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ खेलने का अवसर देते हैं। इससे खिलाड़ियों को विदेश जाकर प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर होने वाला खर्च भी कम होता है। साथ ही अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और स्वयंसेवकों को बड़े आयोजनों का अनुभव मिलता है, जिससे भविष्य के लिए मजबूत खेल व्यवस्था तैयार होती है। उन्होंने कहा कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की तैयारी के लिए देशभर के अलग-अलग शहरों में प्रतियोगिताओं की मेजबानी से मिला अनुभव काफी उपयोगी साबित होगा और इससे भारत की आयोजन क्षमता और मजबूत होगी।

भारत की खेल गतिविधियां आने वाले महीनों में भी जारी रहेंगी। जुलाई से दिसंबर 2026 के बीच 11 और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन होना तय है।



**अनावरण**

## इस अवसर पर वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बनाने और सुरक्षा समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई

# आईआरडीएआई के अध्यक्ष ने बीमा साक्षरता बढ़ाने के लिए लॉन्च की कॉमिक बुक सिरीज

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ।** भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) के चेयरमैन श्री अजय सेठ ने 'बीमा सबके लिए' (Insurance for All) के विजन के तहत एक उपभोक्ता जागरूकता कॉमिक बुक श्रृंखला का अनावरण किया है। इसका मुख्य उद्देश्य जीवन बीमा की जटिल अवधारणाओं को आसान बनाना और आम जनता के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना है। राष्ट्रीय बीमा जागरूकता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में जीवन बीमा क्षेत्र के प्रमुख लीडर्स ने हिस्सा लिया और देशवासियों के लिए बीमा सुरक्षा को सरल एवं सुलभ बनाने का साझा संकल्प दोहराया। यह शिक्षाप्रद कॉमिक सिरीज युवा बीमा सलाहकार सुप्रिया की यात्रा और 'स्टोरी मेमोरीज' के रूप में वास्तविक जीवन की परिस्थितियों पर आधारित है। इसके माध्यम से तकनीकी भाषा के बजाय रोजमर्रा की कहानियों द्वारा एमडब्ल्यूपी (MWP) एक्ट, वेवर ऑफ प्रीमियम (WoP) तथा गंभीर बीमारी राइडर जैसी महत्वपूर्ण अवधारणाओं को सरलता से समझाया गया है।




कॉमिक श्रृंखला का अनावरण करते हुए आईएसी-लाइफ (IAC-Life) के अध्यक्ष श्री कमलेश राव ने कहा कि जैसे-जैसे देश एक समावेशी और टिकाऊ अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, प्रत्येक भारतीय परिवार की वित्तीय योजना में बीमा सुरक्षा को शामिल करना दीर्घकालिक आर्थिक मजबूती का आधार बनेगा। वहीं, लाइफ इंश्योरेंस काउंसिल के महासचिव श्री आदित्य गुप्ता ने कहा कि यह सिरीज कहानी कहने की अनूठी शैली के माध्यम से लोगों को जोड़ने और जीवन बीमा के महत्व को समझाने की एक अभिनव पहल है।

उद्योग जगत के नेताओं ने इस बात पर जोर दिया कि देश में प्रोटेक्शन गैप को कम करने के लिए बीमा जागरूकता बेहद जरूरी है। इस अवसर पर वित्तीय भविष्य को सुरक्षित बनाने और सुरक्षा समाधानों को व्यापक रूप से अपनाने पर एक पैनल चर्चा भी आयोजित की गई, जिसमें उद्योग के कई शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया।

वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान भारतीय जीवन बीमा उद्योग ने नए व्यवसाय प्रीमियम (NBP) में सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हासिल की है और 2.83 करोड़ से अधिक पॉलिसियां जारी की गई हैं। हालांकि, इसके बावजूद उद्योग जगत का मानना है कि देश की आर्थिक प्रगति के अनुरूप इंश्योरेंस पेनिट्रेशन बढ़ाने के लिए निरंतर संगठित प्रयासों, विश्वास निर्माण और वित्तीय साक्षरता की अत्यंत आवश्यकता है।

मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267